


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# दिव्य दिनकर

एक निडर सच का दर्पण | पटना और रांची से एक साथ प्रकाशित

वर्ष 9 अंक : 176 पटना (बिहार) सोमवार, 28 अप्रैल 2025 पेज - 12 मूल्य: 1 R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168

# पहलगाम के पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा, हमलावरों को बख्शेंगे नहीं...पीएम मोदी

**दिल्ली व्यूरो**

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। ढट मोदी ने कहा कि इस हमले में लोगों की जान गई, जिसका उन्हें बहुत दुख है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आतंकवाद से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पीएम मोदी ने कहा, 'पहलगाम में हुआ आतंकी हमला उन लोगों की निराशा दिखाता है जो आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। यह उनकी कायरता को दशार्ता है। जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल और कॉलेज अच्छे से चल रहे थे, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटन बढ़ रहा था, और युवाओं के लिए नए मौके बन रहे थे, तब जम्मू और कश्मीर और देश के दुश्मनों को यह पसंद नहीं आया। आतंकवादी कश्मीर को फिर से बर्बाद करना चाहते हैं।' पीएम ने कहा, 'मैं पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को एक बार फिर से विश्वास दिलाता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा। ढट मोदी ने यह भी कहा कि इस हमले से उनके दिल में बहुत दर्द हुआ है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने हर नागरिक का दिल तोड़ दिया है। हर भारतीय पीड़ित परिवारों के साथ गहरी सहानुभूति रखता है। उन्होंने कहा कि वह समझते हैं कि इस हमले की वजह से भारत का हर नागरिक गुस्से में है। 'मन की बात' में पीएम मोदी की 10 बड़ी बातें भी पढ़ लीजिए... मेरा दिल बहुत दुखी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो आतंकी हमला हुआ, उससे हर नागरिक का दिल टूट गया है। हर भारतीय पीड़ित परिवारों के साथ है। दुनिया के कई नेताओं ने मुझे फोन किया, चिट्ठियां लिखीं और संदेश भेजे हैं। सबने इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। मैं फिर से पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा। इस हमले के पीछे जो भी साजिशकर्ता हैं, उन्हें कड़ी सजा मिलेगी। दोषियों और साजिशकताओं को कठोरतम दंड मिलेगा। पहलगाम में हुआ यह हमला उन लोगों की निराशा दिखाता है जो आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, तो देश और ख&ङ के दुश्मनों को यह पसंद नहीं आया। आतंकवादी और उनके आका चाहते हैं कि कश्मीर फिर से बर्बाद हो जाए। इसलिए उन्होंने इतनी बड़ी साजिश रची। आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में, देश की एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपना संकल्प और मजबूत करना होगा। 140 करोड़ भारतीयों की एकता आतंकवाद और उनके



समर्थकों के खिलाफ देश की निर्णायक लड़ाई में सबसे बड़ा हथियार है। मैं पीड़ित परिवारों को फिर से विश्वास दिलाता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय अवश्य होगा। भारत अब अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक बड़ी ताकत बन गया है। हमने एक ही मिशन में 104 सैटेलाइट लॉन्च करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुंचने वाले पहले देश भी बन गए हैं। भारत नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। देश कई महत्वपूर्ण मिशनों की तैयारी कर रहा है, जिनमें गगनयान, स्त्रंऊे और चंद्रयान-4 शामिल हैं। हम वीनस ऑर्बिटर मिशन और मार्स लैंडर मिशन पर भी काम कर रहे हैं। हमारे स्पेस साइंटिस्ट अपनी खोजों से देश को फिर से गर्व से भर देंगे। आपने पिछले महीने म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप की भयानक तस्वीरें देखी होंगी। इसलिए भारत ने तुरंत म्यांमार के लोगों के लिए 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया। हमें 'ऑपरेशन ब्रह्मा' में भाग लेने वाले सभी लोगों पर बहुत गर्व है। ₹वसुधैव कुटुम्बकम₹ हमारे मूल्यों और परंपराओं को दशार्ता है। संकट के समय में, एक वैश्विक मित्र के रूप में भारत की त्वरित प्रतिक्रिया और मानवता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता हमारी पहचान बन रही है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' का मतलब है कि पूरी दुनिया एक परिवार है। जब भी मानवता की सेवा करने की बात आती है, तो भारत हमेशा आगे रहता है और भविष्य में भी हर जरूरत में ऐसा करता रहेगा। भारत हमेशा मदद के लिए तैयार रहता है, चाहे कोई भी मुसीबत में हो। भारत ने अंतरिक्ष में बहुत तरक्की की है। हमने एक साथ 104 सैटेलाइट भेजे, जो कि एक रिकॉर्ड है। चंद्रयान-3 मिशन भी बहुत सफल रहा। अब हम गगनयान मिशन की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इसके अलावा, स्त्रंऊे, चंद्रयान-4, वीनस ऑर्बिटर मिशन और मार्स लैंडर मिशन पर भी काम चल रहा है। पिछले महीने म्यांमार में भूकंप आया था। भारत ने तुरंत 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू करके वहां के लोगों की मदद की। यह दिखाता है कि भारत हमेशा दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहता है। हम 'वसुधैव कुटुम्बकम' में विश्वास रखते हैं, जिसका मतलब है कि पूरी दुनिया एक परिवार है।

## एक नजर

### पाकिस्तान जिंदाबाद के सियासी तूल, तेजस्वी पर गुस्से में लाल हुए डिप्टी सीएम विजय सिन्हा,

**संवाददाता द्वारा**

पटनाः राजद के विरोध प्रदर्शन में पाकिस्तान जिंदाबाद के लगे नारों पर राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा आज जमकर भड़के। उन्होंने कहा कि जिनके पास न अध्ययन है, न अनुभव है और न ही सार्वजनिक जीवन के अनुरूप आचरण है। ऐसे लोग आज पीएम और सीएम जैसे दिग्गज राजनेताओं पर अपरिपक्व टिप्पणी करने लगे हैं। भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी होने और दो भूतपूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र होने के अलावा उनकी क्या उपलब्धि है? सरकार में रहते हुए जिन विभागों की जिम्मेदारी उनके पास थी कभी उन विभागों की कोई उपलब्धि सामने क्यों नहीं रखते? उप मुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि आज देश के तमाम युवा नए विजन और विश्वास के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रहे हैं। वहीं तेजस्वी यादव युवा होकर भी राजद के 'कल्चर' और 'कलेवर' के प्रतिनिधि बने हुए हुए हैं। भ्रष्टाचार और आतंक को समर्थन, अपनी उम्र के बराबर राजनीतिक अनुभव रखने वालों पर अनर्गल टिप्पणी करना, लोगों को डराना, धमकाना उनकी आदत बन गई है। उप मुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने पहलगाम में हुए अमानवीय आतंकी हमले की देश ही नहीं दुनिया भर में इस कुकृत्य के लिए पाकिस्तान की भर्त्सना कर रहे हैं। वहीं राजद के लोग जुलूस निकालकर पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी कर रहे हैं। आतंकवाद का समर्थन करने वालों को संरक्षित और सम्मानित करना राजद की परिपाटी रही है। ऐसे कई लोगों को इन लोगों ने विधायक, सांसद और मंत्री तक बनाया है। इनके शासनकाल में बिहार के अलग-अलग इलाकों के सत्तपोषित दबंगों की हुकूमत हुआ करती थी।

### बिहार में किसी दल से नहीं होगा गठबंधन', प्रशांत किशोर




**संवाददाता द्वारा**

नालंदाः जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। प्रशांत किशोर ने यह घोषणा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी को मजबूत करने की रणनीति के तहत की है। प्रशांत किशोर ने आगे बताया कि 11 मई से पार्टी राज्यभर में तीन प्रमुख मुद्दों पर हस्ताक्षर अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि वे स्वयं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गांव कल्याण बीघा से इस अभियान की शुरूआत करेंगे। जन सुराज पार्टी जिला स्तर पर संगठन विस्तार के लिए बैठकें कर रही है। प्रशांत किशोर ने बातचीत में कहा कि पार्टी केवल उन्हीं लोगों से तालमेल करेगी जो बिहार में बदलाव के पक्षधर होंगे। उन्होंने बताया कि तीन साल बाद नालंदा आकर वे इस अभियान की औपचारिक शुरूआत कर रहे हैं।

बता दें, हाल ही में प्रशांत किशोर ने बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी पर टिकट खरीदकर बेटी को सांसद बनाने का आरोप लगाया था। इस बयान के बाद अशोक चौधरी ने उनके खिलाफ मानहानि का केस करने का फैसला किया है। अशोक चौधरी ने कहा कि वे सामान्य नागरिकों के साधनों से कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और न्याय की उम्मीद रखते हैं।

## पहलगाम हमले पर सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं लेकिन... खरगे

**दिल्ली व्यूरो**

नई दिल्लीः जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए दिल दहला देने वाले आतंकवादी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस हमले में 28 बेगुनाह लोगों की जान चली गई, जिनमें कर्नाटक के दो नागरिक भी शामिल थे। इस दुखद घटना के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार को इस संकट की घड़ी में पूर्ण समर्थन का ऐलान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एकजुटता और सहयोग का संदेश दिया है। लेकिन, साथ ही उन्होंने पीएम के सर्वदलीय बैठक में शामिल न होने पर तीखी नाराजगी भी जताई। बेंगलुरु में पत्रकारों से बातचीत के दौरान खरगे ने देश की एकता और सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा, 'देश सबसे महत्वपूर्ण है। धर्म, भाषा, और अन्य मुद्दे बाद में आते हैं। हमें आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा। कांग्रेस इस लड़ाई में केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।' उन्होंने केंद्र से इस समर्थन का समुचित उपयोग



करने की अपील की और कहा, 'अगर सरकार सभी दलों को विश्वास में लेगी, तो आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम उठाना आसान होगा। एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का खेल अब बंद होना चाहिए।' सर्वदलीय बैठक में पीएम मोदी की गैरमौजूदगी पर सवाल :खरगे ने 24 अप्रैल को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के शामिल न होने पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा, ₹मैं पहले भी कह चुका हूं कि पीएम को इस बैठक में आना चाहिए था। उनका न आना ठीक नहीं है। यह समय राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर देश के लिए एकजुट होने का है।₹ खरगे ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद जैसी चुनौती से निपटने के लिए सभी दलों का सहयोग जरूरी है, और सरकार को इस दिशा में गंभीरता दिखानी होगी। 'बैठक की बातें देशहित में गोपनीय' :कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वदलीय बैठक में हुई चर्चा को देशहित में सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। उन्होंने कुछ नेताओं द्वारा चर्चा के अलग-अलग अर्थ निकालने की कोशिशों पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'यह समय गलत व्याख्याएं करने का नहीं है। हमने बैठक में जो कहा, वह देश के हित में था।' खरगे ने कहा, 'मैं रहूं या न रहूं, देश तो रहेगा। यह बात पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर भी लागू होती है। हमें देश के कल्याण के लिए मिलकर काम करना होगा।' पहलगाम हमले ने छीनीं 28 जिंदगियां :पहलगाम में हुआ यह आतंकी हमला हाल के वर्षों में सबसे घातक हमलों में से एक रहा। हमले में मारे गए लोगों में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ पर्यटक भी शामिल थे, जो इस खूबसूरत वादी की सैर के लिए आए थे। कर्नाटक के दो नागरिकों की मौत ने राज्य में भी शोक की लहर दौड़ा दी। कांग्रेस ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की है। एकजुटता की जरूरत :खरगे का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता की मांग कर रहा है। उनकी अपील न केवल राजनीतिक दलों के लिए, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी एक संदेश है कि देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि केंद्र सरकार कांग्रेस के इस समर्थन का कैसे उपयोग करती है और क्या वह सभी दलों को साथ लेकर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठा पाएगी।

## पहलगाम आतंकी हमले के लिए सरकार को दोषी ठहरा रही नेहा राठौर', बीजेपी विधायक ने पुलिस को दी शिकायत

**बिशेष प्रतिनिधि द्वारा**

गाजियाबादः उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में बीजेपी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने नेहा पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और भ्रामक पोस्ट करने का आरोप लगाया है। लोनी विधायक का कहना है कि नेहा के पोस्ट देश विरोधी हैं और इनसे पाकिस्तान को फायदा हो रहा है। उन्होंने नेहा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोनी विधानसभा से बीजेपी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी थाने में शिकायत दी है। उन्होंने नेहा सिंह राठौर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि नेहा अपने अकाउंट पर आपत्तिजनक पोस्ट कर रही हैं। ये पोस्ट जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर हैं। विधायक का आरोप है कि नेहा भ्रामक और देश विरोधी ट्वीट और वीडियो संदेश जारी कर रही हैं। शिकायत में कहा गया है कि नेहा के पोस्ट देश के खिलाफ एक साजिश हैं। इनसे पाकिस्तान के लिए सहानुभूति पैदा हो रही है। विधायक ने तो यहां तक कह दिया कि नेहा राठौर भारत में क्ष्रकएजेंट के तौर पर काम कर रही हैं। उनका आरोप है कि नेहा कट्टरपंथी देशों से फंडिंग लेकर देश विरोधी काम कर रही हैं। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अपनी शिकायत में कुछ गंभीर बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि नेहा सिंह राठौर पहलगाम में हुईं लोगों की हत्याओं को सही ठहरा रही हैं। उनका आरोप है कि नेहा आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान को नहीं, बल्कि भारत सरकार और सुरक्षा बलों को जिम्मेदार ठहरा रही हैं। विधायक का कहना है कि यह देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसा है और किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है। विधायक ने आगे कहा कि इस समय पूरा देश और विपक्ष एक साथ खड़ा है। लोगों में आतंकी हमले को लेकर गुस्सा है। ऐसे में



नेहा के पोस्ट और बयान पाकिस्तान के मीडिया चैनल और सोशल मीडिया पर दिखाए जा रहे हैं। इससे पाकिस्तान को यह कहने का मौका मिल रहा है कि आतंकी हमले के पीछे भारत का हाथ है। विधायक का मानना है कि नेहा का मकसद भारत के खिलाफ गलत माहौल बनाना और देश की छवि को खराब करना है। अपनी शिकायत में विधायक ने यह भी कहा कि नेहा सिंह राठौर ट्वीट, पोस्ट और वीडियो के जरिए देश के खिलाफ जहर उगल रही हैं। वह दुश्मन देश की मदद कर रही हैं। विधायक के अनुसार, यह आतंकी गतिविधियों का हिस्सा है। विधायक ने अपनी शिकायत में नेहा सिंह राठौर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि नेहा का काम देश के अलग-अलग वर्गों के बीच दुश्मनी बढ़ाना, शांति भंग करना और क्ळ एक्ट का उल्लंघन करना है। उन्होंने मांग की है कि नेहा सिंह राठौर के खिलाफ रासुका (ठरअ) और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। विधायक चाहते हैं कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो और नेहा को कड़ी सजा मिले। उनका मानना है कि इससे देश विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगेगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को बढ़ावा नहीं मिलेगा।

## शिवदीप लांडे की 'हिंद सेना' 243 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**संवाददाता द्वारा**

पूर्णियाः आईजी पद से इस्तीफा देकर राजनीति में उतरने वाले पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए हैं. वह लगातार तमाम जिलों का दौरा कर रहे हैं. इसी कड़ी में उन्होंने सीमांचल का दौरा किया. पूर्णिया में उन्होंने युवाओं से मुलाकात की और उनसे राजनीति में आने की अपील की. इस दौरान लांडे ने कहा कि वह चाहते हैं कि सूबे की सियासत से परिवारवाद पूरी तरह से समाप्त हो. इसी कोशिश के तहत युवाओं को नेता बनाने के लिए काम कर रहे हैं. युवा खत्म करेंगे परिवारवादः शिवदीप लांडे ने कहा कि अभी तक राजनीति में परिवारवाद ही चला रहा है. नेता के बेटे या फिर बेटी ही राजनीति में धमक है. ऐसे में वह चाहते हैं कि अधिक से अधिक राजनीति में आएं. हिंद सेना पार्टी वैसे तमाम



युवाओं को चुनाव मैदान में उतारेगी, जिनमें राजनीति के सारे गुण होने के बावजूद अभी तक वो चुनावी मैदान में नहीं उतर पाए थे. 243 सीटों पर लड़ेगी हिंद सेनाः शिवडीप लांडे ने कहा कि आगामी विधानसभा में 243 सीट पर उनकी पार्टी अपने युवा साथी को लोगों की सेवा करने के लिए मैदान में उतारेगी. उन्होंने कहा कि शिवदीप लांडे का चेहरा कोई नया चेहरा नहीं है. खाकी वर्दी में मैंने पूरी ईमानदारी से सेवा दी है, अब जब राजनीति में आया हूं तो वहां भी ईमानदारी से काम करूंगा. ₹अगामी बिहार विधानसभा चुनाव में हिंद सेना पार्टी 243 सीट पर अपने युवा साथियों को चुनाव मैदान में उतारेगी. हमारी पार्टी आम लोगों की पार्टी है. इसके लिए पार्टी जनसंपर्क अभियान और पदयात्रा के माध्यम से लोगों से जुड़ रही है और उनकी समस्याओं को उठाने का काम कर रही है.₹- शिवडीप लांडे, अध्यक्ष, हिंद सेना कौन हैं शिवदीप लांडे?: 48 वर्षीय शिवदीप लांडे 2006 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे हैं.

## गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा पटना का ये गांव, फायरिंग के कारण दहशत में ग्रामीण

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

पटनाः रविवार की दोपहर पटना जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र का चकमहबली गांव उस वक्त गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा, जब दो पक्षों में पहले विवाद हुआ और फिर गोलीबारी शुरू हो गई. मकान निर्माण को लेकर झगड़ा इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे की जान लेने पर उतारू हो गए. जिस वजह से गांव कुछ देर के लिए रणक्षेत्र में तब्दील हो गया है. वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है. वहीं, इस गोलीबारी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. क्या हुआ था?: असल में एक पक्ष अपने हिस्से की जमीन पर मकान और गोदाम बना रहा था. उसी दौरान चकमहबली के कई लोग आए और हाथ में पिस्टल लेकर फायरिंग करते हुए दहशत मचाने लगे. जान से मारने की धमकी भी दी. जिस वजह से मकान बना रहे सभी कारीगर और मकान मालिक किसी तरह से जान बचाकर भागने लगे. हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ है. 16 लोगों के खिलाफ केस दर्जः इस पूरे मामले में शिकायतकर्ता नीतीश कुमार ने धनरुआ थाने में 6 नामजद और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई है. जिसमें उसने आरोप लगाया कि दोपहर में हरवे-हथियार के साथ सभी लोग आ धमके और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी. उसने बताया कि मामला कोर्ट में चल रहा था लेकिन सीओ ने निर्माण की मंजूरी दी थी, जिसके बाद वे लोग मकान और गोदाम बनवा रहे थे. ₹मसौढ़ी एसडीओ कोर्ट में हमारा जमीन का विवाद चल रहा था. बाद में फैसला हमारे हित में आ गया था और हम अपने हिस्से की जमीन में मकान और गोदाम बना रहे थे, तभी हमारे ही गांव के संजय प्रसाद अपने लोगों के साथ हरवे-हथियार के साथ आया और फायरिंग करने लगा.



दहशत के कारण हमलोगों ने किसी तरह से अपनी जान बचा पाए हैं.- नीतीश कुमार, शिकायकर्ता क्या बोले थानाध्यक्ष?: इस बारे में थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि दो पक्षों में कई महीनों से जमीन का विवाद चल रहा था. एसडीओ कोर्ट में इनका मामला चल रहा था लेकिन अंचलाधिकारी ने उन्हें जमीन पर मकान बनाने का आदेश दे दिया है. ऐसे में अपने हिस्से के लिए गए जमीन पर वह रविवार की दोपहर मकान के लिए निर्माण कार्य शुरू किया था. इस दौरान संजय प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, रुदल प्रसाद, बिट्टू कुमार, सीपू कुमार और अंटू कुमार समेत 10 अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया. ₹जमीन विभाग के दो गुटों में हिंसक झड़प हुई है. जहां एक युवक पिस्तौल लहराते दिख रहा है. वीडियो मिला है, इसकी जांच कर रहे हैं. फिलहाल एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. - शुभेंदु कुमार, थानाध्यक्ष, धनरूआ

# पहलगाम हमले पर मोदी का रवैया उचित नहीं : खरगे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रवैया उचित नहीं है और उन्होंने इस मुद्दे पर जब सर्वदलीय बैठक बुलाई तो चुनावी भाषण देने जाने की बजाय उन्हें खुद बैठक में शामिल रहकर स्थिति की सच्चाई से देश को अवगत कराना चाहिए था।श्री खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस रवैये से स्पष्ट है कि वह इस हमले को लेकर गंभीर नहीं थे। वह इस बैठक में न खुद शामिल हुए और ना उन्होंने देश को बताया कि यह सुरक्षा में चूक थी, खुफिया तंत्र की विफलता थी या कोई और वजह थी जिसके कारण इतनी भीषण वारदात पहलगाम में हुई है। उनका कहना था कि खुद प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर देश को स्पष्टीकरण देना चाहिए था। श्री खरगे ने कहा श्री मोदी ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी और सभी दलों के नेता



उसमें शामिल हुए। बैठक में संसद की दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी मौजूद थे। जब भी सरकार इस तरह की बैठक बुलाती है तो सरकार के प्रमुख प्रतिनिधि प्रधानमंत्री को बैठक में शामिल होना चाहिए। इस बैठक में प्रधानमंत्री का गैर मौजूद रहना उचित नहीं था। इतनी गंभीर घटना हुई जिसमें जरीब 26 लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा ÷प्रधानमंत्री का रवैया ठीक नहीं है। वे चुनावी भाषण देने बिहार गए, लेकिन दिल्ली नहीं आ सके। इससे पता चलता है कि वे मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उन्हें कहीं अन्यत्र अंग्रेजी और हिंदी में भाषण देने के बजाय यहां आकर इस बारे में उचित स्पष्टीकरण देना चाहिए था कि आखिर हुआ क्या और ऐसा क्यों हुआ। इसके लिए कौन जिम्मेदार है। क्या यह सुरक्षा चूक थी, खुफिया चूक थी, आईबी की चूक थी, तंत्र की विफलता थी या पुलिस की विफलता थी। हमें यह बताया जाना चाहिए कि यह किसकी विफलता थी लेकिन वे आए ही नहीं। नतीजतन, बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। श्री खरगे ने कहा ÷केंद्र सरकार ने खुद माना है कि यह सुरक्षा में चूक थी। इसीलिए बैठक बुलाई गई, गृहमंत्री अमित शाह ने यह बात कही और हमने श्री शाह से कहा कि इसे चुनौती के रूप में लिया जाना चाहिए। सब कुछ ठीक से व्यवस्थित होना चाहिए था। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उचित व्यवस्था नहीं की गई और स्थिति इस तरह से बन गई। उस समय श्री शाह ने हमें आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं होंगी। तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद सरकार इतने लोगों की सुरक्षा करने में असमर्थ थी। फिर भी, राष्ट्र और इसकी एकता के दृष्टिकोण से, हमने उन्हें देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आने के लिए कहा। हमने यह भी बताया कि हम सरकार के फैसले का समर्थन करते हैं।

## गौतम गंभीर को धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एवं पूर्व सांसद गौतम गंभीर को धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान गुजरात के रहने वाले 21 वर्षीय जिग्नेश सिंह परमार के रूप में की गई है। मध्य जिला पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और उससे विस्तृत पूछताछ की जा रही है। जिग्नेश एक इंजीनियरिंग का छात्र है और उसके परिवार ने दावा किया है कि वह मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है। इस मामले की गहनता से जांच जारी है, जिसमें पुलिस उसकी मानसिक स्थिति और धमकी देने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले गौतम गंभीर को ईमेल के जरिए आईएसआईएस कश्मीर' ने धमकी दी थी। उन्हें एक ही दिन में दो मेल किए गए थे। मेल में 'IKill' लिखा हुआ था। धमकी मिलने के बाद गंभीर ने दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी।

## जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फरहान से की पहलगाम हमले पर चर्चा

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और इसके तार पाकिस्तान से जुड़े होने को लेकर बातचीत की।डॉ. जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान के साथ टेलीफोन पर बातचीत हुई। पहलगाम आतंकवादी हमले और इसके तार सीमा पार से जुड़े होने पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकवादी हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय नागरिक मारा गया था।भारत ने अगले ही दिन इस जघन्य आतंकवादी हमले में पाकिस्तानी तत्वों की भूमिका को देखते हुए पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि पर रोक लगाने, अटारी वाघा एकीकृत सीमा जांच चौकी बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के भारत में प्रवेश पर रोक लगाने और उच्चायोगों में सैन्य सलाहकारों को हटाने का फैसला लिया है।

## अपनी नाकामी को छिपाने के लिए जनता पर टीकरा फोड़ना बंद करे सरकार : दानिश अली

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के नेता कुंवर दानिश अली ने पहलगाम हमले पर सरकार को घेरते हुए कहा कि अपनी नाकामी को छिपाने के लिए जनता पर ठीकरा नहीं फोड़ना चाहिए और स्वीकार करना चाहिए कि जो जिम्मेदारी उनकी थी उसे वह निभा नहीं पाए। पूर्व सांसद दानिश अली ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के मीडिया को दिए एक बयान का वीडियो साझा करते हुए एक्स पर कहा, ÷सरकार ने सर्वदलीय बैठक में अपनी नाकामी को स्वीकार किया है। देशभक्ति ? आपकी निकम्मी गवर्नेंस फेल है जो आपको करनी नहीं आती। आपके नेता कश्मीर में कड़ी सुरक्षा के बीच ठुमके लगा रहे थे। अपनी नाकामी का ठीकरा जनता पर मत फोड़ये। ये आपकी ज़िम्मेदारी थी जो आप निभा नहीं पाए। उन्होंने जो वीडियो साझा किया है उसमें श्री गोयल पत्रकारों से कह रहे हैं कि जब तक 140 करोड़ देशवासी देशभक्ति और राष्ट्रवाद को अपना परम धर्म मानते नहीं हैं तब तक इस प्रकार की घटनाएँ देश को परेशान करती रहेंगी।

## दिल्ली सरकार का बड़ा ऐलान, इस दिन तक राजधानी छोड़ दें पाकिस्तानी नागरिक

**दिल्ली।** पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेजने के लिए केंद्र के फैसले का असर दिखना शुरू हो गया है। दिल्ली सरकार ने उन पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वापस जाने की अंतिम तिथि 26 से 29 अप्रैल तक निर्धारित की, जिनके वीजा निलंबित कर दिए गए हैं।दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे दिल्ली में रह रहे अवैध पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने में मदद करें और तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन को भी सूचित करें। उन्होंने बताया कि यह निर्णय भारत सरकार के पाकिस्तानी नागरिकों की वीजा सेवाएं निलंबित करने के आदेश के तहत लिया गया है। दीर्घकालिक वीजा और राजनयिक एवं आधिकारिक वीजा को छोड़कर, सभी अन्य वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं। मंत्री आशीष सूद ने कहा, देशहित के इस कार्य में हर नागरिक का सहयोग आवश्यक है। यदि किसी को किसी संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिक के अवैध रूप से ठहरे होने की जानकारी मिले, तो वे तुरंत निकटतम पुलिस थाने में सूचना दें। दिल्ली सरकार ने स्पष्ट किया कि अवैध प्रवास को लेकर वह पूरी तरह सतर्क है। गृह विभाग ने पहले ही दिल्ली पुलिस को निर्देश दिए हैं कि वे अवैध पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और संबंधित एजेंसियों के समन्वय से निष्कासन की प्रक्रिया तेजी से पूरी करें। भारत सरकार के निर्देश के अनुसार, अब किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को नया वीजा जारी नहीं किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने नागरिकों से सजग और जिम्मेदार भूमिका निभाने का आग्रह किया है ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा सके। उल्लेखनीय है कि देश के कोने-कोने से पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की खबर आ रही है। पुलिस-प्रशासन ऐसे लोगों की पहचान में जुट गया है।

## अन्नपूर्णा देवी ने चयनित युवाओं को प्रदान किए नियुक्ति पत्र




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आयोजित रोजगार मेले में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। विज्ञान भवन में आयोजित रोजगार मेले में कई युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए।

अन्नपूर्णा देवी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले में 51,000 से अधिक चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। दिल्ली में इस आयोजन में भाग लिया और युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि यह मेला सिर्फ नियुक्ति नहीं, नए भारत की नई उम्मीदों का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार युवाओं को अवसर देने और आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

## रक्षा अभियान, बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण, तत्क्षण रिपोर्ट न देने की मीडिया को सलाह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने की सलाह दी है और कहा है कि अभियानों के मामले में खबर देते समय अभियान पूरा होने और आधिकारिक ब्रीफिंग के आधार पर ही रिपोर्ट दी जाए। मंत्रालय ने सभी मीडिया प्लेटफार्मों, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया का उपयोग करने वालों को इस विषय में वर्तमान सभी नियम कानूनों का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में भारत के निर्दोष नागरिकों पर पाकिस्तान प्रायोजित बर्बर आतंकवादी हमले के बाद मंत्रालय ने जारी इस आशय के परामर्श में कहा है, राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे अत्यंत जिम्मेदारी के साथ काम करें और रक्षा एवं अन्य सुरक्षा से संबंधित अभियानों की रिपोर्टिंग करते समय मौजूदा कानूनों और नियमों का सख्ती से पालन करें।÷

परामर्श में मीडिया मंचों से यह विशेष ध्यान रखने को कहा गया है कि ÷ रक्षा अभियानों या बलों की गतिविधियों से संबंधित किसी भी प्रकार का (तत्काल) रियल-टाइम (तत्क्षण) कवरेज, लाइव प्रसारण, या 'सूत्रों पर आधारित'जानकारी का प्रकाशन नहीं किया जाना चाहिए। बयान में कहा गया है कि संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा करने से शत्रुतापूर्ण तत्वों को मदद मिल सकती है और इससे अभियानों की प्रभावशीलता और सुरक्षा बलों के कर्मियों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

इसी संदर्भ में कहा गया है कि कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकवादी हमले (26/11), और कंधार अपहरण जैसी घटनाओं के दौरान, अनियंत्रित कवरेज का राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। मंत्रालय ने सलाह दी है कि मीडिया कवरेज को सरकार द्वारा नामित अधिकारी द्वारा समय-समय पर की गई ब्रीफिंग तक सीमित किया जा सकता है, जब तक कि अभियान समाप्त न हो जाए।

मंत्रालय ने कहा , मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और पर्सनल यूजर राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानूनी दायित्वों के अलावा, यह हमारी सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी भी है कि हम अपनी कार्रवाइयों से जारी अभियानों या सुरक्षा बलों की सुरक्षा से समझौता न करें।

## बदला दिल्ली के मौसम का मिजाज, तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। बादल छाए रहने के साथ-साथ तेज हवाएं भी चलीं, जिसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बताया कि यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमी गतिविधियों के कारण हुआ। मौसम विभाग ने हल्की बारिश की भी संभावना जताई है। दिल्ली का अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को भी दिल्ली में बादल छाए रहेंगे। इससे दिल्ली वालों को लू के थपेड़ों से राहत मिलेगी। तापमान में भी मामूली कमी देखी जा सकती है। इस दौरान 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से तेज हवाएं चल सकती हैं। कभी-कभी हवा की स्पीड 30 किलोमीटर प्रति घंटे तक देखी जा सकती है। दिन का अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। स्पीड 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे तक देखी जा सकती है। दिल्ली में 30 अप्रैल से लेकर 2 मई तक आसमान में आंशिक रूप से बादल



जबकि न्यूनतम तापमान 22 से 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 28 अप्रैल यानी सोमवार को दिल्ली में हवा तेज गति से नहीं चलेगी। 29 अप्रैल से लेकर 2 मई तक दिल्ली में तेज हवाएं चलने का अनुमान है। 29 अप्रैल को हवा की छाए रहेंगे। मौसम विभाग के अनुसार 27 अप्रैल तक पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है। 26 से 29 अप्रैल तक पूर्वी और आसपास के मध्य भारत में गरज, बिजली, ओलावृष्टि, तेज हवाओं के साथ बारिश का एक नया दौर आने की संभावना है।

## सफदरजंग अस्पताल ने रोबोटिक सर्जरी में हासिल की बड़ी उपलब्धि, महिला के शरीर से निकाला दुनिया का अबतक का सबसे बड़ा एड्रेनल ट्यूमर

**एजेंसी**

**नई दिल्ल्सी।** सफदरजंग अस्पताल ने अपने रोबोटिक सर्जरी कार्यक्रम में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल में 36 वर्षीय महिला की जटिल रोबोटिक सर्जरी कर विशाल एड्रेनल ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला गया। सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल ने बताया कि 18.2 × 13.5 सेमी का यह एड्रेनल ट्यूमर दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा एड्रेनल ट्यूमर है, जिसे रोबोट द्वारा निकाला गया। डॉ. बंसल ने कहा कि यह उपलब्धि रोबोटिक सर्जरी में सफ़दरजंग अस्पताल की विशेषज्ञता और सभी रोगियों को निःशुल्क अत्याधुनिक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए समर्पित है। इस तरह की जटिल रोबोटिक सर्जरी सफ़दरजंग अस्पताल में निःशुल्क की जाती है, निजी क्षेत्र में इसकी



लागत लाख रुपये से अधिक होती है। रोबोटिक सर्जरी करने वाली टीम के प्रमुख यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट विभाग के प्रोफेसर डॉ. पवन वासुदेवा थे और उनके साथ टीम में डॉ. नीरज कुमार और डॉ. अविषेक मंडल शामिल थे। इसके साथ एनेस्थीसिया टीम में डॉ. सुशील, डॉ. भव्या और डॉ. मेघा शामिल थीं। रीनल ट्रांसप्लांट विभाग के प्रोफेसर और सर्जरी टीम के प्रमुख डॉ. पवन वासुदेवा ने बताया कि यह प्रक्रिया काफी जटिल और जोखिम से भरी हुई थी क्योंकि ट्यूमर न केवल बहुत बड़ा हो गया था बल्कि शरीर की तीन महत्वपूर्ण संरचनाओं यानी इंफीरियर वेना कावा, लिवर और राइट किडनी पर भी खतरनाक तरीके से चिपक गया था। यह जरूरी था कि ट्यूमर को आसपास की महत्वपूर्ण संरचनाओं को नुकसान पहुंचाए बिना पूरी तरह से हटाया जाए। डॉ. वासुदेवा ने कहा कि दा विंची रोबोट के 3डी विजन और इसके निपुण रोबोटिक हाथों से जटिल सर्जरी को आमतौर पर लेप्रोस्कोपी से संभव होने वाली तुलना में अधिक सटीकता के साथ की जा सकती है।

इस मामले में, सर्जरी तीन घंटे से अधिक समय तक चली और ट्यूमर को बिना किसी जटिलता के पूरी तरह से हटाया जा सका। ऑपरेशन के बाद स्थिति में सुधार हुआ और मरीज को तीन दिन में छुट्टी दे दी गई। डॉ. वासुदेव ने बताया कि अगर यह सर्जरी खुले रास्ते से की जाती, तो इसके लिए 20 सेंटीमीटर से ज्यादा त्वचा चीरा लगाना पड़ता और उसके बाद पूरी तरह ठीक होने में कुछ हफ़्ते लगते।

## कैलाश मानसरोवर यात्राः वेबसाइट के जरिए आवेदन, जून से अगस्त तक 750 लोग कर सकेंगे तीर्थ यात्रा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 का आयोजन जून से अगस्त के बीच किया जाएगा। यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया वेबसाइट (kmy.gov.in) पर शुरू कर दी गई है। विदेश मंत्रालय की ओर से आयोजित इस पवित्र तीर्थ यात्रा में इस वर्ष कुल 15 बैच भेजे जाएंगे। इनमें से 5 बैच उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से और 10 बैच सिक्किम के नाथू ला दर्रे से यात्रा करेंगे। हर बैच में 50 यात्री शामिल होंगे । यानी इस वर्ष 750 यात्री कैलाश मानसरोवर की यात्रा कर सकेंगे। विदेश मंत्रालय ने आज इस संबंध में वक्तव्य जारी कर कहा कि यात्रियों का चयन एक निष्पक्ष, कम्प्यूटर जनित और महिला-पुरुष संतुलन प्रक्रिया से किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और डिजिटल है। 2015 से ही यह प्रणाली पूरी तरह से कम्प्यूटराइज्ड हो गई है। अब इच्छुक यात्रियों को आवेदन या जानकारी के लिए पत्र या फैक्स भेजने की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय का कहना है कि यात्रा से जुड़ी किसी भी जानकारी, सुझाव या प्रतिक्रिया के लिए वेबसाइट पर ही विकल्प उपलब्ध हैं। मंत्रालय ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे वेबसाइट का ही उपयोग करें।



## दलित हित के नाम पर समाज में वैमनस्य फैलाने वालों को पहचानिए : गुरुप्रकाश पासवान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में वर्तमान समय में दलित हित के नाम पर कुछ तत्व समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे तत्वों के एजेंडे को समय रहते पहचानना आवश्यक है। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता, लेखक और कानून के विशेषज्ञ गुरुप्रकाश पासवान ने यह बातें पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में कही। लेखक एवं वकील रोहन बाबा साहेब जमादार (मालवदकर) की मराठी पुस्तक '1 जनवरी 1818 कोरेगांव भीमा लड़ाई की वास्तविकता' के हिंदी और अंग्रेजी संस्कार का शनिवार यहां कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान और प्रोफेसर उमेश कदम ने विमोचन किया गया। पुस्तक को 'भूमिका प्रकाशन' द्वारा प्रकाशित किया गया।इस मौके पर गुरुप्रकाश पासवान ने कहा कि प्रमाणों के साथ बोलना और लिखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेखक मालवदकर ने अपनी पुस्तक में उपलब्ध प्रमाणों का विस्तृत उल्लेख किया है। वर्तमान सोशल मीडिया के युग में तथ्यों और संदर्भों का विशेष महत्व है। इस पुस्तक के माध्यम से नए विचारों का उदय हुआ है, जिस पर विमर्श और बहस होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि लेखक रोहन



मालवदकर 'जयस्तंभ' के वंशज हैं, इसलिए उनका इस विषय पर लेखन और भी महत्वपूर्ण बनता है। वर्तमान में दलितों के हित के नाम पर समाज में वैमनस्य फैलाने के लिए एक 'इंडस्ट्री' सक्रिय है। लेकिन किसने इन्हें इस कार्य का ठेका दिया है, यह सवाल भी उठाना चाहिए। गुरुप्रकाश पासवान ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों का भी कई बार तोड़-मरोड़ कर इस्तेमाल किया जाता है। उनके लिखित विचारों का कुछ विशिष्ट समूह अपने एजेंडे के अनुसार प्रयोग करता है। कई बार %ब्रेकिंग इंडिया' एजेंडा वाले तत्व दलितों को हिंदुओं से अलग दिखाने का प्रयास करते हैं और इसी से 'जय भीम जय मीम' जैसे नारे गढ़े जाते हैं। इसलिए ऐसे ठेकेदारों को समय रहते पहचानना जरूरी है। प्रोफेसर डॉ. उमेश कदम ने कहा कि भारत का इतिहास उपनिवेशवादी दृष्टिकोण से लिखने का पाप अंग्रेजों ने किया। जानबूझकर 'हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया' और 'हिस्ट्री ऑफ मुगल इंडिया' जैसे इतिहास लिखे गए, लेकिन 'हिस्ट्री ऑफ मराठा इंडिया'नहीं लिखी गई।

## आईजीएनसीए में 'पाण्डुलिपि एवं समीक्षित पाठ-सम्पादन' पुस्तक का लोकार्पण एवं परिचर्चा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के कलानिधि विभाग की ओर से सुप्रसिद्ध विद्वान प्रो. वसन्तकुमार म. भट्ट द्वारा लिखित पुस्तक 'पाण्डुलिपि एवं समीक्षित पाठ-सम्पादन (अभिनव परम्पराओं के साथ)' का लोकार्पण एवं परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. रमेश चन्द्र भारद्वाज उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रो. भट्ट के साथ-साथ कलानिधि प्रभाग के अध्यक्ष एवं डीन (प्रशासन) प्रो. रमेश चन्द्र गौड़, पुस्तक के सह-सम्पादक डॉ. कीर्तिकांत शर्मा तथा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के शोध विभागाध्यक्ष प्रो. शिव शंकर मिश्र ने भी विचार व्यक्त किए।

डॉ. जोशी ने कहा, पांडुलिपियां अभिलेख ही नहीं, बल्कि सभ्यतागत ज्ञान का जीवंत भंडार हैं।कार्यक्रम में कई शिक्षाविद, शोधार्थी, संस्कृत विद्वान तथा कला एवं संस्कृति क्षेत्र से जुड़े अतिथिगण उपस्थित थे।

## पहलगाम आतंकी हमले पर मणिशंकर अय्यर का विवादित बयान, विभाजन के जख्मों को बताया आज भी जिंदा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर राजनीतिक बयानबाजियों का दौर जारी है। रॉबर्ट वाड्रा के बाद अब कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर का विवादित बयान सामने आया है। दिल्ली स्थित इंडियन इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में अय्यर ने कहा कि भारत आज भी विभाजन के दर्द के साथ जी रहा है।

अय्यर ने कहा, कई लोगों ने विभाजन को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन मूल्यों में गहरे मतभेदों के चलते यह नहीं टल सका। विभाजन हुआ और आज तक हम उसके नतीजों को भुगत रहे हैं। क्या हमें इसे यूं ही स्वीकार कर लेना चाहिए? इसके साथ ही उन्होंने कहा, क्या 22 अप्रैल को पहलगाम के पास हुई भयावह त्रासदी में विभाजन के अधूरे सवालों की झलक नहीं मिलती?÷ मणिशंकर अय्यर के बयान पर भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं का ऐसा इतिहास रहा है। इससे पहले, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने भी पहलगाम आतंकी हमले को लेकर बयान दिया था। वाड्रा ने कहा था कि देश में मुसलमान असहज महसूस कर रहे हैं, और यही वजह है कि आतंकी नाम पूछकर हत्याएं कर रहे



हैं। उनके इस बयान पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए वाड्रा से माफी की मांग की है। हालांकि, वाड्रा ने स्पष्ट किया है कि यह उनकी निजी सोच है और इसका पार्टी से कोई संबंध नहीं है। बता दें कि यह पहली दफा नहीं है, जब मणिशंकर अय्यर के बोल बिगड़े हैं। इससे पहले भी उन्होंने कई बार विवादित बयान दिए हैं। भगवान श्रीराम के जन्मस्थान पर भी अय्यर ने सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि राजा दशरथ के महल में 10 हजार कमरे थे, ऐसे में यह कैसे तय किया जा सकता है कि भगवान राम का जन्म ठीक उसी स्थान पर हुआ था। उनके इस बयान पर भी जमकर विवाद हुआ और उन्हें व्यापक आलोचना का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं, मणिशंकर अय्यर मुगलों और पाकिस्तान के समर्थन में दिए गए बयानों को लेकर भी कई बार विवादों में घिरे। एक मौके पर उन्होंने कहा था कि ÷मुगलों ने कभी हिंदुओं पर अत्याचार नहीं किए, बल्कि उन्होंने भारत को अपनाया और इसे बनाया। उनके इस बयान पर भी भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। पाकिस्तान को लेकर भी अय्यर ने कई विवादित टिप्पणियां की थीं। उन्होंने कहा था कि भारत को पाकिस्तान की इज्जत करनी चाहिए, क्योंकि उसके पास परमाणु बम है और यदि सम्मान नहीं दिया गया तो वह भारत के खिलाफ एटम बम का इस्तेमाल कर सकता है। यही नहीं, पाकिस्तान में दिए एक इंटरव्यू में अय्यर ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच शांति तभी संभव है जब मोदी सरकार सत्ता से बाहर हो और उन्होंने इसके लिए पाकिस्तान से मदद का अनुरोध भी किया था।

# आतंकवादियों को भेजने वाला देश अब किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा : तरुण चुघ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुई आतंकी घटना पर भारत सरकार द्वारा सिंधु जल संधि के निलंबन पर पाकिस्तान की ओर से आई गीदड़ भभकी पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि आतंकवादियों को भेजने वाला देश अब किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। न्यूज एजेंसी से बातचीत के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जो देश आतंकवादियों को भेजेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। पानी की एक बूंद भी नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि संधियां केवल वहां मायने रखती हैं जहां विश्वास होता है। जो बार-बार विश्वासघात करे उसे सबक सिखाना जरूरी है। इसलिए, आतंकवादियों और उनके आकाओं को सबक सिखाना महत्वपूर्ण है। पहलगाम में दानव बन आए आतंकवादियों पर कठोर कार्रवाई हो इसके लिए पूरा देश एकजुट है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा सभी राज्यों को भेजे गए निर्देश पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि गृहमंत्री द्वारा राज्यों को जारी निर्देश राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के तहत सख्त कार्रवाई की शुरुआत है। संदेश पक्का है, राष्ट्रीय हित सर्वोच्च है और भारत की धरती किसी भी रूप में आतंकवाद या उसके समर्थकों के लिए पनाहगाह नहीं बनेगी। वक्फ कानून के खिलाफ मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि मुर्शिदाबाद में सुनियोजित तरीके से हिंदुओं पर हमला किया गया। यह सब बंगाल की सरकार के कारण हुआ है और सरकार की चुप्पी इसका सबूत दे रही है। महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार की दिल दहलाने वाली कहानियां सामने आ रही हैं। ममता बनर्जी ने तुष्टिकरण की राजनीति के लिए अपराधियों को खुली छूट दी है। हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है। यह बेहद ही दूर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से मिली फटकार पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडी गठबंधन लगातार स्वतंत्रता सेनानियों और देश के लिए अपना सब कुछ कुर्बान करने वाले परिवारों की विरासत को बदनाम करने का अभियान चला रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संगठन मजबूती एवं आगामी 3 मई को को रांची में संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने को लेकर जिला प्रवेक्षक ने की बैठक



रिपोर्ट- अविनाश मंडल

पाकुड़ःपाकुड़ रविवार को कांग्रेस कार्यलय में प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड प्रवेक्षक की बैठक में जिला प्रवेक्षक प्रदेश उपाध्यक्ष सुलतान अहमद बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जिला अध्यक्ष श्री कुमार सरकार की अध्यक्षता में उपस्थित सभी प्रखंड अध्यक्ष से सुलतान अहमद ने संगठन से संबंधित जानकारी ली और सभी प्रखंडों में प्रदेश प्रभारी के राजू के निर्देश पर प्रखंड कमिटी में 9 महासचिव 2 उपाध्यक्ष सहित मंडल पंचायत बूथ कमिटी को जल्द बनाकर पूरा करने साथ ही जिला में 40 दिन तक संविधान बचाओ चलने वाले कार्यक्रमों को सुचारू रूप से करने का निर्देश सुलतान अहमद ने दिया एवं आगामी 3 मई को रांची में संविधान बचाओ कार्यक्रम होना है जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे साहब सहित देश ओर राज्य के बड़े नेता शमिल होंगे इस कार्यक्रम में पाकुड़ जिले के सभी प्रखंडों से सैकड़ों कार्यकताओं को जाना है इसकी जिम्मेवारी प्रखंड अध्यक्ष और प्रखंड प्रवेक्षक को दिया गया है बैठक में जिला अध्यक्ष श्री कुमार सरकार हिरणपुर प्रखंड प्रवेक्षक मंजुला हंसदा गुलाम अहमद पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मानसरुल हक हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोवर आलम पाकुड़ प्रवेक्षक अशोक दास अर्धेंदु गांगुली इस्लाम अंसारी मो कलीमुद्दीन वंश राज गोप मुर्शीद आलम उपस्थित रहे.

### विद्युत आपूर्ति से जुड़े शिकायतों का तुरंत करें निदानःडीसी



रिपोर्ट अविनाश मंडल

पाकुड़ःपाकुड़ डीसी मनीष कुमार की अध्यक्षता में बढ़ती गर्मी के कारण विगत दिनों से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ व दुरुस्त करने तथा संचालित आरडीएस योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने विद्युत आपूर्ति के सुचारू संचालन और अनावश्यक बिजली की कटौती को लेकर कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। आगे उपायुक्त ने आमजनों को बिजली कटने (पॉवर कट) के बाद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों (एसी, फ्रिज, मोटर, कम्प्यूटर आदि) को ऑफ करने की सलाह दी है, ताकि बिजली आपूर्ति दुबारा सुचारू होने के पश्चात अधिक लोड से उपकरणों को नुकसान हो सकता है। ऐसे नुकसान से बचने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अनप्लग करना एक सरल और प्रभावी उपाय है, ताकि उपकरण सुरक्षित और सही ढंग से काम कर सकें। शहरी समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति निर्बाध व सुचारू रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता से कहा कि गर्मियों के चलते बिना कारण बिजली कटौती बर्दाश्त नहीं। साथ ही उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आरडीएस योजना में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

### बीसीए ने आयोजित किया बच्चों का द्वितीय अभ्यास मैच

दिव्य दिनकरःसंवाददाता



चतरा। गिद्धौर के बिरसा क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में रविवार को एकेडमी के बच्चों के बीच द्वितीय प्रैक्टिस मैच कराया।जिसमे दो टीम बीसीए ग्रुप ए व बीसीए ग्रुप बी के बीच मैच में बीसीए ग्रुप ए के आयुष ने टॉस जीतकर कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए बीसीए ग्रुप बी की टीम ने 18.1 ओवर में सभी विकेट खो कर 169 रन बनाया।बीसीए ग्रुप बी की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक रन शादाब ने 32 गेंद में 58 रन, शुभम ने 18 गेंद में 28 रन बनाया।बीसीए ग्रुप ए की ओर से गेंदबाजी करते हुए संजीव ने पांच व सत्यम एवं आयुष ने दो दो विकेट लिया।जवाबी पारी खेलने उतरी बीसीए ग्रुप ए ने 19 ओवर में सात विकेट खो कर महज 171 रन ही बना कर मैच जीत लिया।जिसमें सुशांत एलेक्स ने 54 गेंद में 39 रन,रविकांत ने 13 गेंद में 34 रन,आयुष ने 12 गेंद में 19 रन का योगदान दिया। इस तरह बीसीए ग्रुप ए ने बीसीए ग्रुप बी को तीन विकेट से हराया। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले संजीव कुमार को मैंन ऑफ द मैच दिया गया।चैंपियन टीम को ट्रॉफी देवकर सम्मानित किया गया।मौके पर गिद्धौर के संतोष कुमार निराला चतरा के सह संचालक चंदन यादव व जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा थे।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती हेतु वॉक-इन इंटरव्यू का आयोजन

**साहिबगंजः** मुख्यमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सुरक्षा योजना एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने हेतु जिला प्रशासन साहेबगंज द्वारा विशेषज्ञ/अति विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती की जा रही है। इसके लिए वॉक-इन इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा।यह भर्ती साहेबगंज जिला अंतर्गत सदर अस्पताल, राजमहल एवं अनुमंडलीय अस्पतालों के लिए की जा रही है, जिसमें निम्नलिखित विभागों हेतु सेवाएं आमंत्रित की गई हैंः कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, स्त्री एवं प्रसूति रोग, मनोरोग आदि।इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि को वॉक-इन इंटरव्यू में भाग लें। चयनित चिकित्सकों को प्रति दिन सेवा मानदेय के आधार पर भुगतान किया जाएगा, जिसमें सामान्य विशेषज्ञों को 500/प्रति घंटा तथा सुपर स्पेशलिस्ट को 800/प्रति घंटा तक मानदेय दिया जाएगा।भर्ती की प्रक्रिया रोलिंग बेसिस पर रहेगी, यानी इच्छुक उम्मीदवार कभी भी आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सभी आवश्यक प्रमाणपत्रों सहित निर्धारित आवेदन पत्र भरकर साक्षात्कार में सम्मिलित हों।विस्तृत जानकारी एवं आवेदन www.sahebganj.nic.inपर उपलब्ध है।

# झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का सम्मेलन संपन्न

देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा

आज सुभाष चौक स्थित शांति निकेतन के सभागार में झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन में मुख्य अतिथि झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के राज्य अध्यक्ष अरविंद प्रसाद, महासचिव जीत वाहन उरांव, झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्याध्यक्ष गोपाल जी शरण, महासचिव भूषण कुमार, राज्य पेंशनर समाज के राज्याध्यक्ष महेश कुमार सिंह, एन एम ओ पीएस,संघ के उपाध्यक्ष, महासंघ के सचिव राजीव नयन तिवारी, दुमका के अध्यक्ष तपन ठाकुर मौजूद थे. विशिष्ट अतिथि, डॉक्टर प्रभात रंजन उपाधीक्षक सदर अस्पताल देवघर, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर संचयन थे. अतिथियों के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई, सारी वयवस्था सौरभ रिचर्ड के द्वारा किया गया. सभा का संचालन मनोज कुमार मिश्र और अरुण कुमार यादव के द्वारा किया गया. सभी लोगों ने बारी बारी से अपने विचार प्रकट किया. उसके बाद सर्व सम्मति से, संघ के जिला शाखा, विशेष शाखा तथा अनुबंध एएनएम संघ का चुनाव किया गया. झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला शाखा में सम्मानित अध्यक्ष अरुण कापरी,संरक्षक चंद्र मौलि एवं श्रीनिवासदुबे,अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी, गणेश कुमार यादव, त्रिलोकी



पांडेय, विष्णु कुँवर, रानी रीतम, सचिव अरुण यादव, संयुक्त सचिव संजीव कुमार मिश्र, कुमार अभिषेक, अनिल कुमार गुप्ता राजेश यादव कल्याणी कुमारी, कार्यालय सचिव विश्वनाथ बक्शी कोषाध्यक्ष सौरभ रिचर्ड महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सविता कुमारी, उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी कुमारी, अनीता कुमारी, सचिव आरती कुमारी संयुक्त सचिव मोना कुमारी, लता कुमारी कार्यकारिणी सदस्य पुरण पंडित, बबलू कुमार, बुद्धि नाथ झा, मीना पांडेय, अनिल यादव, शालिनी कुमारी. विशेष शाखा अध्यक्ष एनीमेश घोष, उपाध्यक्ष सुदेश कुमार, सुनीता सुमन, रवि रंजन, मंजू टुडू, छतीस्वर दास सचिव मनोज कुमार मिश्र संयुक्त सचिव पारस नाथ अंबे,ऋषि राज भास्कर, प्रशांत मालवीय, पुरण पंडित, अनीता कुमारी कोषाध्यक्ष संजीव कुमार मिश्र झारखंड एन एच एम अनुबंध कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष अल्का कुमारी उपाध्यक्ष सुरबाला सुमन, मंजू कुमारी, मनीषा राज, दीपा कुमारी सचिव - आरती कुमारी संयुक्त सचिव सोनी कुमारी, नूतन कुमारी, जुली कुमारी, रानी कुमारी, नमिता कुमारी, कोषाध्यक्ष बबीता कुमारी उप कोषाध्यक्ष ललिता कुमारी संगठन मंत्री आभा कुमारी, ममता कुमारी, पिंकी कुमारी कार्यालय मंत्री अनुराधा कुमारी अंकेक्षक कंचन कुमारी, सुलोचना कुमारी. नव चयनित जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने इस सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट किया और घोषणा किया कि यदि कल तक सदर अस्पताल देवघर के कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं किया गया तो 29.04.25 को सिविल सर्जन का घेराव किया जायेगा और जब तक वेतन भुगतान नहीं किया जाएगा उन्हें कार्यालय से निकलने नहीं दिया जाएगा. इस कार्यक्रम में जिले भर के करीब तीन सौ कर्मचारी उपस्थित थे.

# भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री की मन की बात को जिले के सभी बूथो पर सुना

रिपोर्ट अविनाश मंडल



पाकुड़ःपाकुड़ रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को पाकुड़ जिले के बूथों पर कार्यकत्ताओं ने सुना। भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने पाकुड़ विधानसभा के बूथ संख्या 406 में सुना। इस कार्यक्रम को जिला महामंत्री रूपेश भगत, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिविदी, विजय भगत, राजेंद्र शेखर सिंह, अनिता मुर्मू, सरिता मुर्मू सहित पाकुड़ नगर अध्यक्ष सोहन मंडल, बीचामहल मंडल अध्यक्ष धनेश्वर साह, गंधाईपुर मंडल अध्यक्ष मनोरंजन सरकार,दादपुर मंडल अध्यक्ष सुशांत घोष, नबीनगर मंडल अध्यक्ष मानसा तुरी,हिरणपुर मंडल अध्यक्ष सुकुमार मंडल, आमड़ापाड़ा मंडल अध्यक्ष आशीष हेंब्रम ,पाकुरिया मंडल अध्यक्ष विजय भगत, बीरकिट्टी मंडल अध्यक्ष फूल बाबू कोड़ा,महेशपुर मंडल अध्यक्ष सुखेन घोष, कैराछतर मंडल अध्यक्ष गौतम पाल के नेतृत्व में सभी कार्यकताओं ने अपने-अपने बूथों पर सुना। 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया और साथ ही पहलगाम के दोषियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि 'पहलगाम की घटना ने देशवासियों को पीड़ा पहुंचाई है और इसे लेकर देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा है। लोग पीड़ित परिजनों के दर्द को महसूस कर सकते हैं। हर भारतीय का खून आतंक की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो रही थी और लोगों की कमाई बढ़ रही थी, लेकिन देश के दुश्मनों को और जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। आतंकी चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए। इस मुश्किल वक्त में 140 करोड़ देशवासियों की एकता सबसे बड़ा आधार है।' उन्होंने कहा कि हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत हमारे 140 करोड़ नागरिक हैं, उनका सामर्थ्य है, उनकी इच्छा शक्ति है। और जब करोड़ों लोग, एक-साथ किसी अभियान से जुड़ जाते हैं, तो उसका प्रभाव बहुत बड़ा होता है। इसका एक उदाहरण है ह्यएक पेड़ माँ के नामह्न झ ये अभियान उस माँ के नाम है, जिसने हमें जन्म दिया और ये उस धरती माँ के लिए भी है, जो हमें अपनी गोद में धारण किए रहती है। साथियो, 5 जून को ह्यविश्व पर्यावरण दिवसह्न पर इस अभियान के एक साल पूरे हो रहे हैं। इस एक साल में इस अभियान के तहत देश-भर में माँ के नाम पर 140 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं। भारत की इस पहल को देखते हुए, देश के बाहर भी लोगों ने अपनी माँ के नाम पर पेड़ लगाए हैं। आप भी इस अभियान का हिस्सा बनें, ताकि एक साल पूरा होने पर, अपनी भागीदारी पर आप गर्व कर सकें।उन्होंने कहा कि ह्यमन की बातह्न की इस लंबी यात्रा में आपने इस कार्यक्रम के साथ एक आत्मीय रिश्ता बना लिया है। देशवासी जो उपलब्धियाँ दूसरों से साझा करना चाहते हैं उसे ह्यमन की बातह्न के माध्यम से लोगों तक पहुंचाते हैं। अगले महीने हम फिर मिलकर देश की विविधताओं, गौरवशाली परंपराओं और नई उपलब्धियों की बात करेंगे। हम ऐसे लोगों के बारे में जानेंगे जो अपने समर्पण और सेवा भावना से समाज में बदलाव ला रहे हैं। भवदीय रूपेश भगत जिला महामंत्री भाजपा, पाकुड़

### साहिबगंज जिले के दो चोर को चोरी की बाइक के साथ पाकुड़ नगर पुलिस ने धर दबोचा



रिपोर्ट अविनाश मंडल

पाकुड़ःपाकुड़ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निदेर्शानुसार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद के नेतृत्व में एक टीम गठित कर गुप्त सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु 26 अप्रैल को 11ः00 बजे कोलाजोड़ा मोड पहुंचे इस दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से पाकुड़ की तरफ आ रहे थे। पुलिस टीम द्वारा दोनों संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का इशारा किया गया लेकिन वे दोनों मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे। पुलिस बल द्वारा दोनों को खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने अपराध को स्वीकार कर कहा कि दोनों मोटरसाइकिल पश्चिम बंगाल से चोरी कर अपने गांव अंगूठियां ले जा रहे थे। दोनों मोटरसाइकिल ग्लैमर का था जिसका नंबर प्लेट नहीं था एवं चेचिस नंबर घिसा हुआ था।अपराधी में डोमन साहा, पिता महादेव साहा, उम्र 25 वर्ष, दूसरा जमुना साहा, पिता गोविंद साहा, उम्र 21 वर्ष, दोनों साहिबगंज जिला के कोटालपोखर थाना अंतर्गत ग्राम अंगूठियां के हैं। दोनों को पाकुड़ नगर थाना कांड संख्या 121/ 25, दिनांक 26/0 4/ 2025, धारा 317(2)/ 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में नगर थाना प्रभारी, पु0अ0नि0 विनोद कुमार, कन्हैया कुमार यादव, स0अ0नि0 होपना मरांडी श्लोक कुमार पांडे एवं थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# बालू माफियाओं द्वारा बेखौफ किया जाता है अवैध बालू का खनन व भंडारण

**आखिर कौन लेता है टोकन मनी जिससे अंकुश लगाने में खनन टास्क फोर्स भी है विफल**

**अवैध भंडारण संबंधी खबर का समुचित प्रचार- प्रसार के बावजूद आखिर क्यों नहीं हुई कार्रवाई**

**अहले सुबह से हीं नदियों में लगता है ट्रेक्टरों का तांता**

दिव्य दिनकरःसंवाददाता



टंडवाः चतरा। जिला प्रशासन द्वारा खनिजों के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण पर सख्ती महज हांथी का दांत साबित हो रहा है। बालू के अवैध भंडारण से संबंधित खबर का समुचित प्रचार- प्रसार होने के बावजूद टंडवा के शहीद चौंक के सामने हरदियाबांध में एक कंस्ट्रक्शन द्वारा अवैध बालू का बड़े पैमाने से भंडारण धड़ल्ले से किया जा रहा है जो तुरन्त कार्य कार खपाया जाता है। बताया गया कि खबर प्रकाशन के बाद हरकत में आये सफेदपोशों को संवेदक निर्धारित टोकन मनी देकर हीं पूरी तरह से बेफिक्र और बेखौफ होकर भंडारण कर रहा है। गोरखधंधाः अधिकारियों के आंखों में धूल झोंकने का पूरा बंदोबस्त किया जाता है। इसके लिये निबंधित बालू घाटों का फर्जी चालान व्यवस्था कर ली जाती है जो हाइवा से ढुलाई किया हुआ दिखाया जाता है। दिलचस्प तो ये है कि संबंधित अधिकारियों को भी इसको वैध मानने के विवश होना पड़ता है। अवैध कमाईः औनै- पौने दाम में ट्रेक्टरों से गिराये गये बालू को ऊंचे दामों में निर्माण कार्य में जुटी कंपनियों में खपाया जाता है। जिससे प्रतिमाह लाखों की कमाई होती है। दावा किया जाता है कि आंख मूंदकर देखने वालों को निर्धारित राशि प्रत्येक सप्ताह टेबल में बांटा जाता है। तस्वीरें झूठ नहीं बोलतीः गोरखधंधे की जीवंत तस्वीरें लोगों के सामने और कैमरे में कैद है । आइना झूठ नहीं बोलता बावजूद अवैध कमाई में हिस्सेदार एक सक्रिय सिंडिकेट हमेशा झूठ साबित करने में जुटा रहता है। अविश्वासः भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली चाहें राज्य हो या केंद्र की सरकार ऐसे गोरखधंधों से आमलोगों में अविश्वास की स्थिति उत्पन्न होती है। फजीर्वाड़ा हो या भयादोहन कर धनशोधन की अवैध गतिविधियां टंडवा में पूरी तरह से सफेदपोशों के गठजोड़ों का इन दिनों मानों हब बन गया है।जिसके लिए सरकार व जांच एजेंसियों से संलिप्ततों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग होने लगी है।

# ऐतिहासिक सौगातः सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने महेशमारा हाल्ट का किया शिलान्यास

**महेशमारा में हॉल्ट बनते ही वैद्यनाथ धाम, सत्संग व देवघर स्टेशन के बाद महेशमारा शहर का चौथा रेलवे स्टेशन**

देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा

देवघरः सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने रविवार को देवघर दुमका रेल लाइन महेशमारा रेलवे हॉल्ट का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र आसपास के गांव के लोगों को रेल से जोड़ना है। ऐसे में देवघर ,दुमका, गोड्डा चलने वाली ट्रेन महेशमारा हॉल्ट निर्माण हो जाने के बाद यहां ट्रेन रुकेगी। आगे सांसद ने कहा कि वरीय समाज सेवी डॉक्टर सुनील खवाड़े की ओर से महेशमारा सहित आसपास के लोगों की ओर से लंबे समय से महेशमारा में हाल्ट निर्माण की मांग की जा रही थी। ऐसे में अब महेशमारा में हॉल्ट बनते ही वैद्यनाथ धाम, सत्संग व देवधर स्टेशन के बाद महेशमारा शहर का चौथा रेलवे



स्टेशन हो जायेगा। बैजनाथपुर, बंधा, कुंडा, करनीबाद, बिलासी, झाँसागढ़ी इलाके सहित शहर की आधी आबादी को महेशमारा में ट्रेन ठहराव हेतु पकड़ने में सुविधा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता है कि गांव-गांव तक बुनियादी सुविधा पहुंचे और आम जनता का जीवन स्तर ऊंचा उठे। वरीय समाजसेवी सुनील खवाड़े ने कहा कि ग्रामीणों की हर मांग को देखते हुए आज सांसद की अनुशंसा पर अब महेशमारा हाल्ट निर्माण होगा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व अधिकारी की उपस्थित रहे।

# देवघर पहुंचे आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत

देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा

आजसू पार्टी के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह संथाल परगना के प्रभारी प्रवीन प्रभाकर का देवघर आगमन पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव महेश प्रसाद राय साथ में केन्द्रीय सचिव ध्रुव प्रसाद साह ने देवघर परिसदन में पुष्प गुच्छ देकर भव्य किया गया।। केन्द्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने अपने सम्बोधन में कहा की झारखंड सरकार के कथनी और करनी में बहुत ही फर्क है क्योंकि इंडिया गठबंधन को पुर्ण जनमत मिलने का मुख्य कारण मईया योजना था, लेकिन आज भी हमारी माता बहनों को इस योजना का लाभ लेने के लिए आज दर दर भटक रही ऐसी बहुत सारी योजनाएं हैं जो धरातल पर नहीं उतरी है आजसू पार्टी का जन्म ही संघर्ष से हुआ है और माननीय मुख्यमंत्री जी ने जितने वादे किए हैं वो पुरा करे नहीं तो आजसू पार्टी का दायित्व है कि सारी योजनाओं का लाभ झारखंड के जनमानस को दिलाने के लिए सड़क से सदन तक रूपरेखा तैयार किया जाएगा इसी कड़ी में महेश प्रसाद राय ने कहा पिछले चुनाव में ही कहा गया था की पोस्ट ग्रेजुएट को सरकारी भत्ता दिया जाएगा अबुआ आवास योजना में



बाथरूम होगा राशि को बढ़ाया जाएगा लेकिन कहीं ना कहीं वह भी आंख मिचौली खेला जा रहा है सरकारी जन वितरण प्रणाली में चिनी के साथ चाय पत्ती ,साबुन एनेको समान का वितरण किया जाएगा लेकिन सारे सारे वादे डाक के तीन पात रह गए आजसू पार्टी केंद्रिय सचिव ध्रुव प्रसाद साह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आजसू पार्टी फिर एक बार जिला से लेकर प्रखंड से लेकर ग्राम प्रभारी का जल्द गठन कर एक धारदार संगठन बनाकर झारखंडी जन मुद्दों के साथ सरकार की विफलताओं को लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। साथ में आजसू पार्टी के कार्यकताओं के साथ भाजपा के नगर उपाध्यक्ष संजय गुप्ता भी मौजुद थे।

### टंडवा में एजेंसी की जांच के घेरे में कई माफिया, अधिकारी व साजिशकर्ता

**घोटाले फजीर्वाड़ा कमीशन, रिश्वतखोरी,अवैध कार्यो को संरक्षण मामले में अधिकारी व माफियाओं सफेदपोशो के मोबाइल ट्रेस में संगठित गिरोह का हो सकता पदार्फाश**

दिव्य दिनकरःसंवाददाता

चतरा। टंडवा क्षेत्र में इन दिनों कमीशन व रिश्वतखोरी फजीर्वाड़ा अवैध बालू परिवहन तथा भंडारण पर एक संगठित गिरोह का सिंडिकेट काम कर रहा है। इस गिरोह में सफेदपोशो के साथ माफिया अपराधी तत्व के साजिशकर्ता लोग अधिकारियों के संरक्षण में फल-फूल रहे हैं। इस गिरोह में शामिल सभी का मोबाइल ट्रेस ईडी तथा सीबीआई एजेंसी करती है तो बहुत बड़ा खुलासा होने के साथ कई चौंकाने वाला तत्व सामने आना तय माना जाता है। ये वही संगठित गिरोह के है जो जानता में अपना चेहरा बनाने ओर चुनाव जीतने के लिए कंपनियों के विरोध भ्रष्टाचार के विरोध खूब बोलकर अपना नाम चमकाते है। फिर वही कंपनियों के साथ बैठकर हक अधिकार मांगने वाले लोगों पर फर्जी मुकदमा करवाना रेलवे, सीसीएल,एनटीपीसी में ठेकेदारी लेना इनका धंधा है। असहाय लाचार दबके लोगों के पास बड़ी-बड़ी बातें बोलकर जमीन फर्जी करवाना भितरघात करके कंपनियों और अधिकारियों में पैठ बनाकर कमीशन खोरी, अवैध काम करना करवाना, फजीर्वाड़ा करना,करवाना इनका धंधा है। ये संगठित गिरोह टंडवा के कई गरीब लाचार लोगों के साथ भितरघात कर के घर उजाड़ने,बर्बाद करने का काम किया है और ग्रामीणों के नाम पर अपना रोटी सेकने के काम करके अवैध कमाई कर रहा है। इस गिरोह में शामिल सफेदपोशो माफियाओं और अधिकारियों के साथ सांठगांठ पर मोबाइल ट्रेस एजेंसी करती है तो टंडवा में प्रतिबंधित संगठन से भी ज्यादा उत्पात मचाने का खुलासा होना तय है। संगठित गिरोह द्वारा किए गए फजीर्वाड़ा मामले में चतरा उपायुक्त द्वारा मामला दर्ज करके संबंधित अधिकारियों और कर्मियों का भूमिका के जांच के लिए चतरा एसी अरबिंद कुमार के अध्यक्षता में टीम गठित करके जांच करने का निर्देश दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टेशन परिसर में आरपीएफ और जीआरपीएस की टीम ने चलाया जांच अभियान

रिपोर्ट- अविनाश मंडल



पाकुड़ः जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में संभावित आतंकी हमले के इनपुट के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए रविवार को पाकुड़ रेलवे स्टेशन और रेलवे ट्रैक क्षेत्र में संयुक्त रूप से एंटी-सैबोटाज जांच अभियान चलाया गया। यह जांच रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट पाकुड़ और Government Railway Police(जीआरपीएस) पाकुड़ के अधिकारियों और जवानों द्वारा संयुक्त रूप से की गई। अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, ट्रैक और आसपास के इलाकों की गहनता से तलाशी ली गई। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या गतिविधि का पता नहीं चला। आरपीएफ और जीआरपीएस अधिकारियों ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी और सतर्कता बनाए रखने का संकल्प दोहराया है।

### बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली जाएगी कलश यात्रा

**मंडरो :** पंचमुखी वीर बजरंगबली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी।इसकी जानकारी देते हुए बंटी यादव ने बताया कि हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सोमवार को कलशयात्रा निकाली जाएगी एवं 30 अप्रेल को हनुमान मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा, वहीं हाजीपुर फौजदारी एवं दूर्गा मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहें हैं।

### सांसद ने पाकुड़ प्रखंड के विभिन्न गांवों का किया दौरा, समस्याओं से हुए रूबरू



**पाकुड़:**राजमहल लोकसभा क्षेत्र के युवा सांसद विजय हांसदा ने कल जिले के पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत नरोत्तमपुर, रामचंद्रपुर, कुमारपुर, मनकापारा, जमशेदपुर व मदनमोहनपुर पंचायत के विभिन्न गांवों में पहुँचकर वहाँ के स्थानीय लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीणों ने इस भीषण गर्मी के दौरान हो रही पेयजल की समस्या के साथ साथ बिजली, सड़क व शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से सांसद विजय हांसदा को अवगत कराया। सांसद विजय हांसदा ने सभी समस्याओं को सुनकर त्वरित कार्रवाई करते हुए उच्च अधिकारियों से टेलीफोनिक वार्ता कर जल्द से जल्द सभी समस्याओं के निदान की बात कही। इस दौरान सांसद विजय हांसदा के साथ झामुमो जिलाध्यक्ष एजाजुल ईस्लाम मौजूद थे। मौके पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष समद अली केंद्रीय समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव उपाध्यक्ष पीटर मरांडी, प्रखंड अध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख ,सचिव राजेश सरकार , उपाध्यक्ष इस्माइल शेख ,मोसारफ हुसैन , हबीबुर रहमान ,सलीम शेख ,बाकर शेख असरफुल शेख ,मेसकतुल शेख , कदम रसूल ,नजरुल इस्लाम ,फरिजुद्दीन ,मोजबुर शेख ,अंसरुल शेख ,समीम शेख अलफाज शेख ,अनिकुल आलम ,कौसार शेख ,इब्राहिम शेख ,रोजीबुल शेख ,अब्दुल मलेक ,चंदन भंडारी ,सत्तार शेख मोबारक हुसैन ,दयानंद भगत ,सहित दर्जनों कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

### गन्ना उत्पादक किसानों के कृषि यांत्रिकीकरण मेला का आयोजन




शकील बेग

नावकोठी, बेगूसराय। कन्या मध्य विद्यालय पहसारा में गन्ना उत्पादक किसानों के लिए कृषि यांत्रिकीकरण मेला का आयोजन रविवार को किया गया। अध्यक्षता हसनपुर मील के जोनल इंचार्ज रामनाथ सिंह ने की, जबकि संचालन यशवंत कुमार ने किया। चीनी मिल के अधिकारी शंभू सिंह ने कहा कि गन्ना उत्पादक किसानों के लिए सबसे बड़ी समस्या मजदूरों की है। गन्ना की रोपनी से लेकर मील भेजने तक मजदूरों की जरूरत होती है। इसलिए रोपाई से लेकर मील तक गन्ना पहुंचाने के लिए यंत्र उपलब्ध है। इस पर सब्सिडी भी दी जा रही है। उन्होंने किसानों को इससे फायदा उठाने की अपील की। मेला में रणवीर कुमार, चन्दन कुमार, दीपक कुमार, प्रफुल्ल कुमार, कपिलदेव यादव, धर्म राज, निखिल कुमार, रौशन कुमार आदि मौजूद थे।

### डड़वा गांव में नल-जल योजना के तहत लगे उपकरण चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

रिपोर्ट - अमरेन्द्र कुमार सिंह



गोह (औरंगाबाद) उपहारा थाना क्षेत्र के डड़वा गांव में शनिवार की रात नल-जल योजना के तहत लगाए गए इलेक्ट्रिक उपकरण को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए। चोरों ने योजना के तहत बनाए गए सेल्टर रूम की छत पर लगी करकट को उखाड़कर भीतर प्रवेश किया और स्टेबलाइजर, जीपीएस समेत कई कीमती उपकरण चुरा लिए। वार्ड संख्या 12 के सदस्य अनुराग प्रजापत ने बताया कि रात करीब 10 बजे तक पानी की आपूर्ति सामान्य रही। इसके बाद रूटीन अनुसार पानी की सप्लाई बंद कर वे घर लौट गए थे। सुबह करीब 6 बजे जब पानी की सप्लाई चालू करने के लिए वे मौके पर पहुंचे, तो देखा कि सेल्टर रूम की करकट उखड़ी हुई थी। ताला खोलकर अंदर प्रवेश करने पर पाया कि सभी उपकरण गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही उपहारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने चोरों की तलाश तेज कर दी है। इधर, चोरी की घटना से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने नल-जल योजना के सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठाते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# रेलवे द्वारा माहेशमारा हॉल्ट के शिलान्यास में संप चेंबर ने भाग लिया तथा डीआरएम और सांसद को एक ज्ञापन दिया

देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा



आज देवघर के लिए एक बड़ी उपलब्धि रही जब देवघर को चौथा रेलवे स्टेशन मिलने जा रहा है। आज माननीय सांसद डॉ. निशिकांत दुबे और डीआरएम, आसनसोल चेतनानंद सिंह ने माहेशमारा हॉल्ट का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में रेलवे के आमंत्रण पर संताल परगना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, देवघर के अध्यक्ष आलोक मल्लिक और डीआरयूसीसी के सदस्य प्रिंस सिंघल ने भी भाग लिया। चैंबर ने महेशमारा हॉल्ट के शिलान्यास पर हर्ष व्यक्त किया तथा माननीय सांसद डॉ. दुबे के रेलवे के विकास और विस्तार में देवघर, गोड्डा एवं पूरे संताल परगना को देश के मानचित्र पर फोकस में रखने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संप चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, देवघर ने डीआरएम और माननीय सांसद को देवघर में कुछ और रेल सुविधाओं के विस्तार और नई ट्रेन की मांग हेतु एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में वर्तमान में जसीडीह से चल रहे साप्ताहिक ट्रेन जसीडीह-पुणे, जसीडीह-वास्कोडिगामा, जसीडीह-तांबरम, जसीडीह-बेंगलुरु और देवघर-अगरतला एक्सप्रेस को सप्ताह में दो या तीन दिन करने की मांग रखी है। चैंबर ने बताया है कि अब ये ट्रेन काफी पॉपुलर हो चुकी है और इसमें यात्रियों की डिमांड बढ़ती जा रही है। इसके अलावा देवघर से कुछ और नई ट्रेन चलाने की मांग रखी गई है। जिसमें सुबह के समय देवघर से सियालदह/हावड़ा वाया आसनसोल और एक दूसरी ट्रेन रात में भाया दुमका, देवघर से दरभंगा/जयनगर, देवघर से साहिबगंज/पाकुड़ के लिए दैनिक गाड़ी तथा देवघर से जयपुर भाया गया या पटना, देवघर से रामेश्वरम वाया भुवनेश्वर-पुरी द्विसाप्ताहिक ट्रेन की मांग की गई है। वहीं पिछले सावन में शुरू किए गए देवघर से सरायगढ़ (सहरसा, सुपौल) की ट्रेन जो 2 माह पूर्व बंद कर दी गई है, उसे पुनः नियमित रूप से फुल रैक की गाड़ी के रूप में चलाने की मांग रखी गई है। चैंबर ने कहा है कि देवघर से मुंगेर, खगड़िया, सहरसा, सुपौल की कनेक्टिविटी काफी आवश्यक है। पूर्व में चल चुकी यह गाड़ी अत्यंत सफल रही थी और यात्रियों के लिए वरदान साबित हो रही थी। एक अन्य मांग में वर्तमान में परीक्षण के तौर पर चलाए जा रहे देवघर-गोड्डा और देवघर-भागलपुर ट्रेन को अत्यावश्यक बताते हुए प्रशंसा की गई है तथा इसे नियमित रूप से चलाने की मांग की गई है। इसमें देवघर से गोड्डा को सुबह 7:00 बजे भाया दुमका के बदले भाया हंसडीहा चलाने की मांग की गई है। विदित हो कि पूर्व में यह ट्रेन भाया हंसडीहा ही शुरू की गई थी। चैंबर ने देवघर से धनबाद के लिए भी एक मेमू ट्रेन का डिमांड किया है। वहीं यात्रियों तथा यातायात में नागरिक सुविधा के लिए बैद्यनाथधाम स्टेशन और पुरनदाहा में बनाए गए रेलवे अंडरपास को आपस में भी रोड कनेक्टिविटी देने का सुझाव दिया गया है जिससे देवघर वासियों को ट्रैफिक की एक नई पहुंचपथ मिल जाएगी। दूसरी ओर सत्संग रेल ओवर ब्रिज को देवघर-जसीडीह मार्ग पर भी एक नया पाथ खोलकर के कनेक्ट करने की मांग रखी गई है। विदित हो कि अभी फिलहाल सत्संग रेलवे ओवरब्रिज सर्कुलर रोड पर ही निकलती है। यह ओवरब्रिज अगर देवघर-जसीडीह मार्ग से भी कनेक्ट हो जाएगी तो इस ओवरब्रिज की उपयोगिता काफी बढ़ जाएगी और देवघर की ट्रैफिक व्यवस्था और सुगम होगी। डीआरएम चेतनानंद सिंह ने चेंबर अध्यक्ष आलोक मल्लिक और डीआरयूसीसी मेंबर प्रिंस सिंघल को बताया कि इन मांगों पर निश्चित रूप से गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा परंतु इससे पहले रेलवे देवघर के वाशिंगपीट को अगस्त तक शुरू करने की तैयारी कर रही है। देवघर में वाशिंगपीट के शुरू हो जाने और इसके बाद रोहिणी बाईपास शुरू कर जसीडीह से खुलने वाली सभी ट्रेनों को देवघर से ओरिजिनेट कर दिया जाएगा। इसके बाद और नई ट्रेनों को संचालित करने में सुविधा होगी। उन्होंने चेंबर के द्वारा उठाए गए सभी मांगों पर समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।

## इग्नू अध्ययन केंद्र 3609 ए एस कॉलेज, देवघर में अभिप्रेरणा बैठक संपन्न

देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा



आज दिनांक- 27-04 -2025 रविवार दिन में 10:00 बजे जनवरी,25 सत्र के छात्र-छात्राओं के लिए अभिप्रेरणा बैठक का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर समन्वयक डॉ जानकी नंदन सिंह ने क्षेत्रीय केंद्र, देवघर के क्षेत्रीय निदेशक डॉ अरविन्द मनोज कुमार सिंहने विस्तार पूर्वक इग्नू के विभिन्न कोर्सेस के बारे में जानकारी दी।छात्रों को सर्वोत्तम स्टडी मैटेरियल तथा ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा प्राप्त होती है ।कॉलेज के प्राचार्य डॉ टी पी सिंह ने इग्नू की विशेषता पर प्रकाश डाला। । उन्होंने कहा कि इग्नू में समय पर सत्र संचालन एवं परीक्षाएं संपन्न की जाती हैं, जिसके कारण संस्था द्वारा अनेकों कोर्सेज समय से पूरा कर छात्रों को लाभ पहुंचाता है । समन्वयक डॉ जानकी नंदन सिंह ने सहायक समन्वयकों एवं सभी इग्नू कर्मियों का परिचय कराते हुए कहा कि इग्नू एक अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय है जो नेक द्वारा ए ++ ग्रेडेड है और ज्ञान उपार्जन के लिए भारत में सर्वोत्तम पुपिल विश्वविद्यालय है पढ़ाई का स्तर गुणवत्तापूर्ण है जिसे छात्र ईज्ञानकोष ,ज्ञान दर्शन तथा अन्य सोशल मीडिया से जुड़कर अपना अध्ययन पूरा कर सकते हैं। वैसे लोग जो अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से आगे पढ़ाई करना चाहते हैं, उनके लिए इग्नू बहुत ही मददगार सिद्ध हो रहा है। मंच का संचालन प्रो ए के मांझी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो पायल प्रियदर्शिनी ने किया। इस अवसर पर इग्नू कर्मी कुंदन ,रजनीश ,देवानंद, मुन्ना,राज कुमार , विशाल कुमार, उमेश जमादार आदि अन्य तथा बहुत सारे छात्र छात्राएं एवम उनके अभिभावकगन उपस्थित रहे। अलग से एक खुले सत्र का आयोजन किया, जिसमे इग्नू से संबंधित कई प्रश्नोत्तर किए गए। अंत में राष्ट्रगान गाकर बैठक समाप्त किया गया।

## डीडी न्यूज दिल्ली के पत्रकार राजेश राज के पिता हुए पंचतत्व में विलीन

नन्दकिशोर दास बेगूसराय ब्यूरो।



मंझौल पंचायत-02 के वार्ड नंबर 06 निवासी स्व मेघन यादव के पुत्र डॉ विजय कुमार यादव 76 वर्ष का रविवार को मंझौल स्थित बुढ़ी गंडक नदी के कोठी घाट पर उनका अंतिम दाह संस्कार किया गया। पत्रकार राजेश राज के पिता ने मरने के पूर्व अपने पुत्र को बोला था कि मेरी मौत होने के बाद मुझे बुढ़ी गंडक नदी के कोठी घाट में ही दाह संस्कार करना। जिसके कारण उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पुत्र द्वारा उनका अंतिम दाह संस्कार कर दिया गया। पत्रकार राजेश राज के पिता डॉ विजय कुमार यादव ने अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। उन्होंने अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री में बड़े पुत्र पत्रकार राजेश राज, दूसरे पुत्र मुकेश कुमार (शिक्षक), तीसरे पुत्र इंजीनियर ब्रजेश कुमार, एक पुत्र स्वीटी कुमारी और दामाद एलआईसी पदाधिकारी सुशील कुमार को छोड़कर स्वर्ग सिधार गये। पत्रकार राजेश राज के पिता डॉ विजय कुमार यादव गांव के एक अच्छे चिकित्सक के साथ अपने गांव के एक प्रतिष्ठित समाजसेवी भी थे। वो आजीवन हमेशा अपने गांव के दबे कुचले लोगों के सुख-दुख में हमेशा खड़ा रहा करते थे। जो उनकी अंतिम विदाई की घड़ी में लोगों का हुजूम देखने को मिला। पत्रकार राजेश राज के पिता कई महीनो से बीमार चल थे। जिनके कारण उनका इलाज दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में चल रहा था। जहां उन्होंने शनिवार की दोपहर लगभग 12:15 बजे में दिन में अंतिम सांसें ली। उसके बाद उसके पार्थिव शरीर को दिल्ली से मंझौल अपने पैतृक आवास पर लाया गया। जहां अंतिम दर्शन करने के लिए उनका देर रात्रि से रविवार की दोपहर तक हजारों लोगों की भीड़ घर पर लगी रही। अपने पिता को मुखाग्नि बड़े पुत्र पत्रकार राजेश राज ने दी। उनके अंतिम दाह संस्कार में सैकड़ों की संख्या में लोग मंझौल बुढ़ी गंडक नदी के कोठी घाट पर उपस्थित थे। इस मौके पर उनके भाई अशोक यादव, डॉ अरुण यादव, अनिल यादव के अलावा दीवाकर भारती, राजद नेता रामसखा महतो समेत कई राजनीतिक दल के लोग पत्रकार, समाजसेवी समेत कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

## क्वेस्ट एलाइंस संस्था द्वारा तीन दिवसीय आवासीय स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा

क्वेस्ट एलाइंस संस्था द्वारा देवघर के अंजुला मेंशन होटल में 25 अप्रैल से 27 अप्रैल 2025 तक देवघर और दुमका जिलों के आठ प्रखंडों की गर्ल चैंपियंस के लिए तीन दिवसीय आवासीय स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य गर्ल चैंपियंस को स्वनियोजित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यशाला के तहत प्रतिभागियों को ₹रेसिन आर्ट₹ के व्यावहारिक कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बिहार की प्रतिष्ठित कंपनी ₹पेंटबॉक्स इंफ्रा एंड कंसलटेंसी प्राइवेट लिमिटेड के प्रशिक्षक अजय कुमार और चंदन कुमार ने गर्ल चैंपियंस को सरल और प्रभावी तरीके से रेसिन आर्ट के विभिन्न तकनीकी पहलुओं से परिचित कराया।कार्यशाला में देवघर जिले के पालोजोरी, मधुपुर, देवघर और देवीपुर तथा दुमका जिले के जरमुंडी, जामा, दुमका और मसलिया प्रखंडों से कुल 25 गर्ल चैंपियंस ने भाग लिया। यह परिवर्तनकारी पहल गर्ल चैंपियंस को न केवल व्यावहारिक स्वरोजगार कौशल से लैस कर रही है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास कर उन्हें अपने समुदायों में परिवर्तन की अग्रदूत बनने के लिए प्रेरित कर रही है।कार्यशाला के दौरान क्वेस्ट एलाइंस संस्था से शाहिद अहमद , शीतांशु शर्मा , जियाधर मंडल , आकाश, देबोप्रिया, अंजू, नबी, शत्रुघ्न और अनिल भी उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। क्वेस्ट एलाइंस संस्था का यह प्रयास युवतियों के आत्मनिर्भर भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले समय में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का आधार बनेगा।

### मदरसा दारुल उलूम के अच्छे मकान को संवेदक द्वारा नया मकान बनाने के नाम पर तोड़ा जा रहा है- ग्रामीण

रिपोर्ट- अविनाश मंडल



पाकुड़ःपाकुड़ सदर प्रखंड के गंधाईपुर पंचायत अंतर्गत हरीगंज गांव में स्थित मदरसा दारुल उलूम के अच्छे मकान को तोड़े जाने से नाराज ग्रामीणों ने 28 मार्च और 25 अप्रैल को उपायुक्त के नाम एक आवेदन दिया जिसमें उल्लेख किया गया था कि मदरसा दारुल उलूम के अच्छे मकान को संवेदक द्वारा नया मकान बनाने के नाम पर तोड़ा जा रहा है। ग्रामीण बरियुल शेख, जैदुल शेख, सेमारूल शेख, रफीकुल इस्लाम, नूर इस्लाम शेख, आलमगीर आलम, हबीबुर रहमान, नजीबुल शेख, रेजाउल करीम, रबीबुल अव्वल ने बताया कि मदरसा का मकान बहुत ही मजबूत है। इस मकान को तोड़कर जो मकान बनाया जा रहा है इससे बेहतर होगा कि पैसे का दुरुपयोग न कर किसी अन्य काम में जनहित को देखते हुए कार्य करें।

## राष्ट्रकवि दिनकर के गांव सिमरिया के चौपाल पर लघु संगोष्ठी का आयोजन

### साइकिल पे सन्डे की 550वीं यात्रा संम्पन्न, 500 अमरूद के पौधे का किया गया वितरण

नन्दकिशोर दास




बेगूसराय ब्यूरो। आज का दिन कुछ खास था। साइकिल पे सन्डे अभियान के साथियों का जत्था लगभग 500 की संख्या में सिमरिया एक स्थित भोला स्थान घाट पहुंचा। मौका था आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन बरौनी के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम साइकिल पे संडे की 550वीं यात्रा का। यात्रा पर्यावरण के साथ दिनकर की कविताओं को समर्पित किया गया था। इस अवसर पर मिशन हरियाली नूरसराय की ओर से दिए गए 500 अमरूद के पौधे का वितरण किया गया। लगभग 500 की संख्या में सिद्धपीठ बड़की दुर्गा मंदिर बीहट से साइकिल पर सवार साथियों का जत्था पंचायत भवन सिमरिया, होते हुए भगवती मन्दिर के रास्ते शीतला मन्दिर, दिनकर आवास, काली मंदिर, उच्च विद्यालय होते हुए शर्मा टोला के रास्ते ऐतिहासिक स्थल रूपनगर टिशन पहुंचा। जहां वाया नदी, स्थल को संरक्षित करने और पर्यावरण के संरक्षण को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नए अंदाज में पीपल और बरगद वृक्ष की छांव में लघु संगोष्ठी किया गया। लघु संगोष्ठी में अपनी बात करते हुए पर्यावरणविद शिवप्रकाश भारद्वाज ने कहा कि आज कंक्रीट के जंगल से बचने की जरूरत है। समय आ गया है कि चौपालों और बगीचों की ओर लौटें। उन्होंने कहा कि दिनकर की कविताओं में प्रकृति प्रेम का माध्यम गंगा और ये झुरमुट रहे होंगे। युवा प्रहरी शिक्षक नितेश रंजन ने कहा कि आज के युवाओं को इस ओर जोड़ने की जरूरत है। जिसको साइकिल पे सन्डे अभियान कर रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभियान के संयोजक डॉ कुंदन कुमार ने कहा कि अभियान का यह प्रयास है कि हम जल, जंगल और जमीन को बचाने की मुहिम में आगे आएं। उन्होंने कहा कि हमारे समय का सबसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल व पर्यावरण का केंद्र हो सकता है रूपनगर टिशन, बस इसके संरक्षण की आवश्यकता है। वहीं प्रवीण प्रियदर्शी ने कहा कि आज जल और जंगल दोनों की आवश्यकता बढ़ गयी है। कहा कि जब पानी रहेगा तभी जीवन रहेगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में समन्वय की जरूरत है। सरकार को चाहिए कि वे सकरात्मक रूप से विकास का कार्य करें। दिनकर पुस्तकालय सिमरिया के राजेश कुमार ने कहा कि जीवन के लिए पेड़ बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम को मुखिया प्रतिनिधि डॉ गोपाल कुमार, पुस्तकालय समिति के रामनाथ सिंह, सचिव प्रदीप कुमार, शंभु सिंह, साइकिल पे सन्डे के विनोद भारती, अंशु कुमार, अक्षत कुमार, कुमार गौतम सहित अन्य ने संबोधित किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष विश्वम्भर सिंह और धन्यवाद ज्ञापन सुजीत कुमार ने किया। मौके पर लक्ष्मणदेव, राजेन्द्र राय, प्रधानाध्यापक कुलदीप यादव, अमरदीप सुमन, पिंकू कुमार, शिक्षक मिथिलेश कुमार, अभियान के साथी कुणाल कुमार, शुभम कुमार, रामगोविंद, कन्हैया कुमार, विकास कुमार, कुणाल कुमार, गोविंद कुमार, शिव कुमार, राजू कुमार, अभय कुमार, नीतीश, राजा, अजीत, अंकित, अर्पित, शिवम, विकास, चंदन, रोहित, विराट सहित अन्य उपस्थित थे।

## देश को तानाशाही व्यवस्था की ओर धकेल रही है भाजपा की सरकार

### साहेबपुरकमाल के सनहा पश्चिम पंचायत में हुई भाकपा अंचल परिषद की बैठक

पूजा सिंह



साहेबपुरकमाल, बेगूसराय। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद साहेबपुरकमाल की बैठक सनहा पश्चिम पंचायत स्थित जमींदार महतो के आवासीय परिसर में केदार महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मौके पर मौजूद अंचल प्रभारी प्रताप नारायण सिंह ने कहा कि आरआरएस और बीजेपी के पास विध्वंश और अशांति का ही एक मंत्र है। कश्मीरियों ने जान लगा दी है, लेकिन फर्जी वीडियो के जरिए उन्हें मुसलमान बनाने पर तुले हुए हैं। वे तो हिंदुस्तानी बन गए लेकिन भाजपा भारतीय नहीं बन पा रही है। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम् का फर्जी नारा लगाने वाले भाजपाइयों की पोल खुल चुकी है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विरुद्ध खुल्लम-खुल्ला अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी और अमित शाह की शह पर ही देश तानाशाही व्यवस्था की ओर बढ़ते जा रहा है। अंचल सचिव सह पूर्व प्रमुख मनोज कुमार ने मौजूद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 28 अप्रैल को समाहरणालय बेगूसराय पर प्राकृतिक प्रकोप से हुए किसानों को फसल क्षतिपूर्ति मिले। इसके लिए सभी एकजुट होकर वहां पहुंचे। बैठक के दौरान पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। समवेत स्वर से सभी मौजूद लोगों ने कहा कि हम इस घटना के बाद भारत सरकार के साथ खड़े हैं और मांग करते हैं कि पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया जाए कि वह फिर हिंदुस्तान के विरुद्ध आंख उठाने की हिम्मत नहीं कर सके। बैठक में रामकुमार सिंह, अनवर आलम, मोहम्मद रियाजउल हक, राजेश कुमार सुमन, सरफराज आलम, मोहम्मद नौशाद, सौरभ कुमार सिंह, गोपाल पोद्दार, गणेश चौधरी, रामप्रवेश महतो, मनोज पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अगलगी की घटना पर पीड़ित परिवारों की सुधि लेने पहुंचे कांग्रेस का दल



**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। सदर प्रखंड के कुसमहौत पंचायत के वार्ड नंबर 2 में भीषण अगलगी से कई घर जलकर खाक हो गए। इससे लगभग मुहल्ले के सात परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना में मो एकबाल, मो तौफीक, मो अख्तर, मो मुख़्तार, मो अकबर, मो इब्राहिम, मो जुबेर का घर पूरी तरह तबाह हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक अमिता भूषण के निर्देश पर कुमार रत्नेश टूल्लू के नेतृत्व में कांग्रेस का एक दल पीड़ित परिवार से मिला। घटनास्थल से श्री कुमार ने स्थानीय पदाधिकारियों से बात कर पीड़ितों को अविलंब सरकारी सहायता उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में बात की। मौके पर श्री कुमार के अलावा साबर कुमार, बिनोद कुमार, राघव कुमार, मो असगर, मो अमजद, मो सत्तार, मो इसराक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### 20 मई को होगा आम हड़ताल ऐतिहासिकः संयुक्त ट्रेड यूनियन




**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। 10 संयुक्त ट्रेड यूनियन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर 20 मई के आम हड़ताल की सफलता के लिए कर्मयोगी सभागार (कर्मचारी भवन) में संयुक्त कन्वेंशन सीटू के सुरेश प्रसाद सिंह, एटक के आंगनबाड़ी जिलाध्यक्ष नीलम झा, बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ की जिला सचिव किरण देवी और इंटक के अशोक शर्मा की अध्यक्ष मंडली में हुई। कन्वेंशन में सर्वप्रथम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शैलानियों की याद में 1 मिनट मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उद्घाटन भाषण सीटू राज्य अध्यक्ष गणेश शंकर सिंह ने की। कन्वेंशन को इंटक के राज्य अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंह, एटक के राज्य महासचिव अजय कुमार, उषा सहनी, सीटू के संजय चटर्जी, दिवाकर प्रसाद, एटक के जिला महासचिव प्रह्लाद सिंह, सीटू के अंजनी सिंह, ऐक्टू के जिला प्रभारी चन्द्रदेव वर्मा और इंटक के जिलाध्यक्ष चुनचुन राय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष नवलकिशोर ने संबोधित किया।। धन्यवाद ज्ञापन चन्द्रभूषण सिंह उर्फ जुलूम सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि फासिस्ट मोदी सरकार के खिलाफ में 45 करोड मजदूर सड़क पर उतरेंगे। इस आम हड़ताल के पक्ष में जिले के किसान, खेत मजदूर, छात्र युवा और ऑटो चालक की बड़ी भागीदारी होगी। वक्ताओं ने कहा कि देश का किसान आंदोलन मोदी को घुटने के बल ला दिया और तीन कृषि काला कानून वापस लेने के लिए मजबूर कर दिया। मजदूर, किसान, छात्र युवाओं के एकताबद्ध आन्दोलन मजदूर विरोधी काला काला कानून चार श्रम कोड बिल को मोदी सरकार से वापस करवाकर ही दम लेगा।

### पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ जमालपुर में दिखी हिंदू मुस्लिम सिक्ख की कौमी एकता

#### कैंडल मार्च निकालकर आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान को दिया करारा जवाब




**पवन कुमार चौधरी**

जमालपुर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में विगत दिनों 27 पर्यटकों को आतंकवादियों के द्वारा निशाना बनाए जाने के खिलाफ जमालपुर शहर के विभिन्न धर्मो के लोगों ने कौमी एकता का परिचय देते हुए आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जमालपुर शाखा, लायंस क्लब ऑफ जमालपुर आदर्श तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स जमालपुर शाखा के पदाधिकारी तथा सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए कैंडल मार्च निकाला। इस विरोध प्रदर्शन में विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े नेताओं व कार्यकताओं ने भी हिस्सा लिया। राजनीतिक संगठनों का नेतृत्व कर रहे जमालपुर से कांग्रेस विधायक डॉ अजय कुमार सिंह, प्रो डॉ देवराज सुमन, कांग्रेस नगर अध्यक्ष साईं शंकर, राष्ट्रीय जनता दल बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के मुंगेर प्रमंडल प्रभारी राजेश रमण उर्फ राजू यादव, जन सुराज के नेता प्रो राजीव नयन एवं एनसीपी नेता मो मोकिम ने आतंकवाद को भारत के लिए अभिशाप करार दिया। उन्होंने पाकिस्तान की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि पाकिस्तान के इस नापाक इरादे को कश्मीर में रह रहे भारतीय नागरिकों ने चाहे वह हिंदू धर्म से हो चाहे मुस्लिम धर्म से हो सभी ने पहलगाम में आतंकी हमले के बीच से पर्यटकों को बचाने में जो अपना अहम योगदान दिया वह भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक है। कश्मीर में दहशतगर्दी फैलाने आए पाकिस्तानी दहशतगर्दों को कश्मीर के नागरिकों ने अपने मजबूती इरादों से काफी हद तक नाकाम करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के जमालपुर शाखा के संरक्षक प्रवीण कुमार, लायंस क्लब ऑफ जमालपुर आदर्श के पूर्व अध्यक्ष रतन घोष, लायंस क्लब के सरदार बलविंदर सिंह अहलूवालिया, चैंबर ऑफ कॉमर्स जमालपुर शाखा के कार्यकारिणी सदस्य सरदार मन्नी सिंह ने कहा कि जमालपुर शहर हमेशा से हिंदू मुस्लिम सिख इसाई चारों धर्म के बीच एकता का परिचय देता आ रहा है। जिस प्रकार से कश्मीर में आतंकी हमले हुए हैं उससे जमालपुर के शांति पसंद नागरिक काफी आहत है। इस आतंकवाद के खिलाफ आज सभी धर्म के लोग सड़कों पर उतर आए हैं और कैंडल मार्च के माध्यम से पाकिस्तानी आतंकवाद के खिलाफ अपने आक्रोश का प्रदर्शन कर रहे हैं।

# जिला अल्पसंख्यक पत्रकार संघ की बैठक में नई समिति का गठन

## पहलगाम हमले की जिला अल्पसंख्यक पत्रकार संघ ने की कड़ी निंदा

**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। सदर प्रखंड अंतर्गत सज्जाद नगर लरूआरा में जिला अल्पसंख्यक पत्रकार संघ के बैनर तले ऐतिहासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ एवं सम्मानित पत्रकार जनाब नूर आलम साहब ने की, जबकि संचालन का कार्य मधुर स्वर वाले हाफिज व कारी मो नेहाल उद्दीन ईशाअती ने बखूबी निभाया। कार्यक्रम की शुरूआत बेहद रुहानी अंदाज में पवित्र कुरान पाक की तिलावत से हुई। जिससे माहौल और भी पवित्र एवं सार्थक बन गया। तिलावत के बाद पत्रकारों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और पत्रकारिता के महत्व, जिम्मेदारी तथा वर्तमान समय में पत्रकारों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता के साथ पत्रकारिता करना एक बहुत बड़ी चुनौती है। हमें अपने कलम को ईमानदारी से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए इस्तेमाल करना चाहिए। बैठक में जिला अल्पसंख्यक पत्रकार संघ की नई संगठन का गठन किया गया।जिसमें जिले के योग्य, मेहनती और ईमानदार पत्रकारों को महत्वपूर्ण पदों पर चयनित किया गया। चयनित पदाधिकारियों में अध्यक्ष जनाब नूर आलम,उपाध्यक्ष जनाब असजद अली, उपाध्यक्ष अंजुमम वहीदी, सचिव मोहम्मद सलीम, संयुक्त सचिव मोहम्मद कौनेन, संयुक्त सचिव मोहम्मद नेमतुल्लाह, संयुक्त सचिव कोमल कुमारी, कोषाध्यक्ष हाफिज मोहम्मद रूहुल्लाह शामिल हैं। सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शॉल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित



किया गया। इस दौरान तालियों की गड़गड़ाहट से सभा गूंज उठी और सभी ने आशा व्यक्त की कि नई टीम पत्रकारिता के स्तर को ऊंचा उठाएगी और अल्पसंख्यक पत्रकारों की आवाज को मजबूती से बुलंद करेगी। बैठक के दौरान हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी शब्दों में निंदा की गई। मासूम नागरिकों की हत्या और जांबाज सैनिकों की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभी पत्रकारों ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई और देश की अखंडता व एकता को बनाए रखने का संकल्प लिया। मासूमों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। जिससे वातावरण गंभीर और भावुक हो उठा। अध्यक्ष चुने जाने के बाद जनाब नूर आलम साहब ने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के निर्माण और विकास का एक मजबूत स्तंभ है। सत्यता, निष्पक्षता और निर्भयता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना ही एक सच्चे पत्रकार की पहचान है। हमें निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला अल्पसंख्यक पत्रकार संघ ऐसा मंच है, जहां पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। पत्रकारिता के मानकों को ऊंचा उठाने की हरसंभव कोशिश की जाएगी। बैठक का समापन विशेष दुआ के साथ हुआ। जिसमें देश की सुरक्षा, शांति, सौहार्द और पत्रकार समुदाय की प्रगति के लिए दुआएं मांगी गईं। इस अवसर पर जिले के कई जाने-माने पत्रकार उपस्थित थे। जिनमें मोहम्मद खालिद खान, मोहम्मद साजिद खान, असद इकबाल, मोहम्मद इब्रार, नबी आलम, अबरार आलम, मोहम्मद जमशेद, मोहम्मद दिलदार, मोहम्मद मेराज, मोहम्मद महफूज, मेहताब, जितेंद्र, हाफिज मोहम्मद रूहुल्लाह, साहिल अंसारी, कोमल कुमारी, ज्योति क्रांति समेत कई पत्रकार शामिल थे। पूरा कार्यक्रम अत्यंत सौहार्दपूर्ण, उद्देश्यपूर्ण और ऐतिहासिक रहा। जिसकी गूंज लंबे समय तक महसूस की जाती रहेगी।

## गया अंडर-19 क्रिकेट टीम बनी मगध जोन की चैंपियन

**गया से अमरेंद्र कुमार दिव्य दिनकर के लिए।**




गया अंडर-19 क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मगध जोन का खिताब अपने नाम कर लिया। गया टीम ने क्रमशः शेखपुरा, नवादा और फाइनल में मेजबान नालंदा अंडर-19 टीम को हराकर यह गौरव हासिल किया। आज खेले गए फाइनल मुकाबले में, नालंदा अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 50 ओवरों में नालंदा की पूरी टीम 203 रनों पर सिमट गई। गया के उपकप्तान मयंक कुमार पांडेय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 7.3 ओवर में मात्र 30 रन देकर 5 विकेट झटके। इसके अलावा आर्यन और प्रीतम राज ने दो-दो विकेट लेकर नालंदा की पारी को रोकने में अहम भूमिका निभाई। 203 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गया टीम ने 35वें ओवर में 8 विकेट खोकर 204 रन बनाते हुए जीत दर्ज की। एक बार फिर उपकप्तान मयंक पांडेय ने संकट की घड़ी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 75 गेंदों पर नाबाद 41 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। मयंक को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए "मैन ऑफ द मैच" और "बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच" के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस शानदार जीत के साथ गया जिला अंडर-19 टीम ने मगध जोन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। गया जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पुलस्कर सिंह, सचिव असद शाहिन, उपाध्यक्ष देवेश आनंद, संयुक्त सचिव अशोक यादव और कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार तिवारी ने टीम को बधाई दी। साथ ही ऑब्जर्वर प्रियंकर कुमार, मंगल कुमार, रोहित कुमार, बब्लू कुमार और दिलीप कुमार शर्मा ने भी टीम के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। गया जिला क्रिकेट टीम की यह उपलब्धि क्षेत्रीय क्रिकेट में गया का गौरव बढ़ाने वाली है और आने वाले समय में उम्मीद है कि ये युवा खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन करेंगे।

## पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरीः ई रंजीत कुमार

### विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन सह सम्मान समारोह का आयोजन

**शकील बेग**




नावकोठी, बेगूसराय। विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन सह सम्मान समारोह का आयोजन उत्क्रमित मध्य विद्यालय पूर्वी डफरपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार, प्रधानाध्यापक हर्षवर्धन कुमार एवं विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्षा तृप्ति सिंह ने संयुक्त रूप से किया। ई रंजीत कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है।जब शरीर स्वस्थ रहेगा, तब ही पढ़ाई हो सकती है। खेल के माध्यम से भी बच्चे जीवन की ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। वहीं प्रधानाध्यापक हर्षवर्धन कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वच्छ मन का निवास होता है। मनोबल जब बच्चों का बड़ा रहेगा तो वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। बच्चों को उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि बच्चे तुम अपना मनोबल को ऊंचा रखो, निश्चित रूप से सफलता को प्राप्त करोगे। वहीं तृप्ति सिंह ने कहा कि पहले कहावत थी, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे धूपोगे बनोगे बेकार। लेकिन अब उसका उल्टा कहावत है। खेलने से ही बच्चे अपने सभी क्षेत्र में ऊंचाइयों को छू रहे हैं। शारीरिक शिक्षक चंदन कमार, शिक्षक शैलेश कुमार, नंदन ठाकुर, राम कुमार पंडित, बबीता कुमारी, संजू रानी, नीतू कुमारी का सहयोग सराहनीय रहा। विभिन्न विद्यालय के बच्चों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गयी।

# पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह ने नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के सोनौरा पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा की

## बिहार में चौमुखी विकास स्पष्ट देखा जा रहा है पूर्व विधायक- बिरेन्द्र कुमार सिंह

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद। नबीनगर के पूर्व विधायक एवं पूर्व सांसद रहे वीरेन्द्र कुमार सिंह ने नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के सोनौरा पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा की।इस ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान ग्रामीणों से बातचित करते हुए कहा कि आज के बिहार में चौमुखी विकास स्पष्ट देखा जा सकता है। सड़क, बिजली सहित कई बुनियादी चीजें हर जगह पहुंच गई है। जबकि 2005 से पहले सप्ताह में 2 घंटे के लिए बिजली आती थी। लेकिन अब चारों तरफ रोशनी है। यही हाल सड़कों का भी है। बिहार में सड़कों की जाल बिछा हैं। जब एनडीए को बिहार मिला था तब 23000 करोड़ का बजट होता था। अब यह इन 20 सालों में 3 लाख करोड़ रुपए का बजट हो चुका है। अकेले एक शिक्षा विभाग का ही बजट उस समय के बजट से काफी अधिक है। स्वास्थ्य पर हम 20000 करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। बिहार के सभी धार्मिक स्थल एवं पर्यटक स्थलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने रविवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार बिहार का दौरा करते रहते हैं। इसके तहत जहां भी कोई योजनाएं रह जाती हैं उनको पूरा कराते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा वन क्षेत्रों के लिए भी बहुत सारे काम कराए गए हैं ताकि इको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सके। नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सोनौरा पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा किए। उन्होंने चिरैयाटाड़,धीरी बीघा, ईगुनाही,चरण,गंगहर, लहियारपुर, गाना बीघा, महदेवा, बनहारा,बरडीहा, पुनपुन नगर,अजाद बीघा,नावाडीह, खम्भा, नेपाल बीघा, कोल्ह मंझौली, बिसाई, सोनौरी, सोनौरा, ढेकहा मंझौली एवं रेगनिया गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। वहीं जगहझजगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत किया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव,सरपंच संघ अध्यक्ष रकिश कुमार सिंह,पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष केदार यादव,अशोक कुमार यादव,पंचायत समिति बलवंत कुमार सिंह, मुन्ना सिंह,बारुन प्रखंड के किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह,अंकोरहा पंचायत प्रभारी नागेन्द्र सिंह, अमोद सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, विश्वनाथ सिंह, छोटू सिंह, सुजीत कुमार सिंह, सुजीत कुमार चंद्रवंशी, पिंटू यादव, विनोद कुमार सिंह, साधु पाल आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की ग्राम संपर्क यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



### गोरकट्टी गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंचे प्रशासनिक दल पर हमला, प्राथमिकी दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**



गोह (औरंगाबाद)उपहारा थानाक्षेत्र के गोरकट्टी गांव में शनिवार को अतिक्रमण हटाने पहुंचे प्रशासनिक दल पर अतिक्रमणकारियों ने गाली-गलौज और बदसलूकी की। आरोपियों ने विरोध के दौरान जेसीबी मशीन का शीशा भी तोड़ दिया, जिससे अफरातफरी मच गई। सूत्रों के अनुसार, गांव के बबलू सिंह और धीरज साव के बीच लंबे समय से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। प्रशासनिक जांच के बाद अवैध अतिक्रमण हटाने का आदेश पारित हुआ था, बावजूद इसके बबलू सिंह द्वारा रास्ता जबरन अवरुद्ध किया गया था। शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर गोह अंचलाधिकारी अजय कुमार सिंह और थानाध्यक्ष मनेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों ने पुलिस व अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाया। सीओ द्वारा स्थानीय थाने में दर्ज कराई गई लिखित शिकायत में बबलू सिंह समेत कुल नौ लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बबलू सिंह, को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इधर आलोक सिंह ने बताया की जिस प्लॉट न से अतिक्रमण हटाना था उस प्लॉट से नही हटाया गया हैं, प्रसाशन ने मनमाने तरिके से दूसरे प्लॉट का चाहरदिवारी को तोड़ डिया हैं। जिसकी जांच कर करवाई की मांग की।

### मलहद पंचायत के युवाओं के फौजी बनने का रास्ता आसान, मुखिया ने बनवाया जम्पिंग गद्दा



**रिपोर्ट - अमरेन्द्र कुमार सिंह**

गोह( औरंगाबाद )मलहद पंचायत के युवाओं के सेना में भर्ती होने के सपने को साकार करने के लिए मलहद पंचायत के मुखिया संतोष रजक ने सराहनीय पहल की है। उन्होंने पंचायत में जम्पिंग गद्दा बनवाया है ताकि युवा दौड़, जमपिंग और शारीरिक फिटनेस की बेहतर तैयारी कर सकें। मुखिया संतोष रजक ने बताया कि गांव के कई युवा फौज में जाने का सपना देखते हैं, लेकिन उचित साधनों की कमी के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इसी को ध्यान में रखते हुए मैं अपने बुते जम्पिंग गद्दा तैयार कराया है। अब गांव के बच्चे व युवा सुबह-शाम अभ्यास कर सेना भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। गांव के युवाओं में इस पहल को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने मुखिया के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इससे पंचायत के युवाओं को सेना में चयनित होने का एक मजबूत अवसर मिलेगा।

# अनुसंधानकर्ता के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद को अनुशंसा पत्र प्रेषित किया गया

**रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- जिले के किशोर न्याय परिषद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने दाउदनगर थाना कांड संख्या -238/25,जी .आर -43/25, जे. जे. बी. वाद संख्या -1181/25 में सुनवाई करते हुए अनुसंधानकर्ता का अनुसंधान में कई खामियां पाई जिसको लेकर अनुसंधानकर्ता के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद को अनुशंसा पत्र 25/04/25 को प्रेषित किया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस वाद में अनुसंधानकर्ता कुमकुम कुमारी पुलिस अवर निरीक्षक को वाद में लापरवाही को देखते हुए बोर्ड द्वारा 09/04/25 को



शोकोज करते हुए 15/04/25 को स्पष्टीकरण के साथ सदेह उपस्थित का आदेश दिया गया था किन्तु 25/04/25 तक कोई स्पष्टीकरण न आने पर बोर्ड ने आदेश के अवमानना और कर्तव्य में लापरवाही मानते हुए ऐसा आदेश पहली बार किशोर के हित में जारी किया है जिसकी प्रतिलिपि उपमहानिरीक्षक गया, महानिरीक्षक गया और पुलिस महानिदेशक पटना को भेजी गई है, तथा कहा गया है कि त्वरित कार्रवाई करते हुए बोर्ड को सूचना सुनिश्चित करें.अधिवक्ता ने आगे बताया कि इस वाद पीड़ित का मेडिकल जांच नहीं हुई थी,बी एन एस की धारा 183 के अंतर्गत बयान नहीं हुआ था, नामजद किशोर को समय-सीमा से अधिक थाना अपने संरक्षण में रखा, किशोर गण को निरुद्ध रखने की सुचना सम्बंधित प्रोबेशन अधिकारी को नहीं दी गई थी,इसी को लेकर बोर्ड द्वारा खेदजनक बताते हुए पूर्व में शोकोज किया गया था, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि कल से व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद, किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद, जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद और अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर के न्यायिक कार्य समय सुबह 07 बजे से दोपहर 12:30 तक चलेगा, दिनांक 28/06/25 तक यही समयावधि रहेगा।

# शिमला समझौते का निलंबन क्या मुर्दे को दोबारा दफ़नाना है?

>> विचार

> "शेख मुजीबुर्रहमान की अवामी लीग ने 1970 के चुनाव में भारी जीत हासिल की, लेकिन पाकिस्तान ने उन्हें सत्ता सौंपने से इनकार कर दिया। इससे बंगाली मुसलमानों में गुस्सा भड़क उठा। मुक्ति वाहिनी ने आजादी की जंग छेड़ दी, लेकिन पाकिस्तानी सेना ने नरसंहार शुरू कर दिया। लाखों बंगाली शरणार्थी भारत में दाखिल होने लगे, जिससे भारत पर मानवीय और आर्थिक बोझ बढ़ा। भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, जिन्हें कभी "गूंगी गुड़िया" कहा गया था, ने इस संकट को अवसर में बदला। उन्होंने 3 दिसंबर 1971 को औपचारिक रूप से युद्ध में प्रवेश किया, जब पाकिस्तान ने भारत के पश्चिमी मोर्चे पर हवाई हमले किए।

**पंकज श्रीवास्तव**

पाकिस्तान ने शिमला समझौता स्थगित करने की घोषणा की है। हालांकि पाकिस्तान ने शिमला समझौता न जाने कितनी बार तोड़ा है। सही भावना के साथ यह समझौता कभी लागू नहीं हुआ। 1971 का साल भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। यह वह दौर था जब भारत ने अपनी सैन्य और कूटनीतिक ताकत से न केवल बांग्लादेश को आजादी दिलाई, बल्कि पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर विश्व मंच पर अपनी धाक जमाई। इस जीत का परिणाम था शिमला समझौता, जो भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता और लौह इच्छाशक्ति का प्रतीक बना। लेकिन 2025 में, पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को स्थगित करने के भारत के फ़ैसले के जवाब में पाकिस्तान ने शिमला समझौते को निलंबित करने की धमकी दी। सवाल उठता है कि क्या यह घोषणा कोई मायने रखती है, या यह एक ऐसे समझौते को दोबारा दफनाने की कोशिश है, जिसे पाकिस्तान ने पहले ही बार-बार तोड़ा?



**1971 युद्ध में भारत की निर्णायक जीत :** 1971 में पूर्वी पाकिस्तान (आज का बांग्लादेश) में पाकिस्तानी सेना का अत्याचार चरम पर था। शेख मुजीबुर्रहमान की अवामी लीग ने 1970 के चुनाव में भारी जीत हासिल की, लेकिन पाकिस्तान ने उन्हें सत्ता सौंपने से इनकार कर दिया। इससे बंगाली मुसलमानों में गुस्सा भड़क उठा। मुक्ति वाहिनी ने आजादी की जंग छेड़ दी, लेकिन पाकिस्तानी सेना ने नरसंहार शुरू कर दिया। लाखों बंगाली शरणार्थी भारत में दाखिल होने लगे, जिससे भारत पर मानवीय और आर्थिक बोझ बढ़ा। भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, जिन्हें कभी "गूंगी गुड़िया" कहा गया था, ने इस संकट को अवसर में बदला। उन्होंने 3 दिसंबर 1971 को औपचारिक रूप से युद्ध में प्रवेश किया, जब पाकिस्तान ने भारत के पश्चिमी मोर्चे पर हवाई हमले किए। जनरल सैम मानेकशॉ के नेतृत्व में भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी ने मात्र 13 दिन में इतिहास रच दिया। 16 दिसंबर 1971 को ढाका में पाकिस्तानी लेफ्टिनेंट जनरल अमीर अब्दुल्ला खान नियाजी ने लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने 93,000 सैनिकों के साथ आत्मसमर्पण किया। बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र बना, और मुहम्मद अली जिन्ना का "दो राष्ट्र सिद्धांत" हमेशा के लिए दफन हो गया। इस युद्ध में भारत की जीत सिर्फ सैन्य नहीं थी; यह आइडिया ऑफ इंडिया की आइडिया ऑफ पाकिस्तान पर जीत थी। लेकिन इस जीत के साथ एक और चुनौती थी-अमेरिका ने भारत को डराने के लिए अपनी सातवीं फ्लीट (टास्क फोर्स 74, यूएसएस एंटरप्राइज के नेतृत्व में) बंगाल की खाड़ी में भेजी थी। इंदिरा गांधी ने इस धमकी को नजरअंदाज कर दिया, और सोवियत संघ के समर्थन से भारत ने अपनी स्थिति मजबूत की।

**शिमला समझौता :** युद्ध के बाद पाकिस्तान की हालत दयनीय थी। 93,000 युद्धबंदी और 5,000 वर्ग मील जमीन भारत के कब्जे में थी। पाकिस्तान में जुल्फिकार अली भुट्टो, जो उस समय राष्ट्रपति थे, पर भारी दबाव था। जनता और सेना के गुस्से से उनकी सत्ता खतरे में थी। मजबूरन, भुट्टो को समझौते की मेज पर आना पड़ा। 28 जून से 2 जुलाई 1972 तक शिमला के बर्नेस कोर्ट (अब राजभवन) में कठिन बातचीत हुई। इंदिरा गांधी ने अपनी कूटनीतिक चतुराई से भुट्टो को हर मोर्चे पर मात दी। एक मौके पर, जब समझौता टूटने की कगार पर था, इंदिरा गांधी ने कथित तौर पर भुट्टो से कहा, "बिना समझौते के यहां से तो चले जाओगे, लेकिन पाकिस्तान में कहां जाओगे?" यह इशारा युद्धबंदियों की रिहाई और भुट्टो की घरेलू राजनीतिक फजीहत की ओर था। आखिरकार, 2 जुलाई 1972 को देर रात 12:40 बजे शिमला समझौता पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते की मुख्य शर्तें थीं: भारत और पाकिस्तान अपने विवाद, खासकर कश्मीर, को द्विपक्षीय बातचीत से सुलझाएंगे। नियंत्रण रेखा का सम्मान होगा, जो 1971 के युद्धविराम पर आधारित थी। दोनों देश एक-दूसरे के खिलाफ हिंसा या प्रचार नहीं करेंगे। युद्धबंदियों की रिहाई और संबंधों की बहाली होगी। भारत ने उदारता दिखाते हुए 93,000 युद्धबंदियों को रिहा किया और कब्जाई जमीन वापस कर दी। बदले में, भुट्टो ने वचन दिया कि कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नहीं उठाया जाएगा। कुछ इतिहासकारों का दावा है कि भुट्टो ने लौटकर कहा था कि वे छङ्कउ को वास्तविक सीमा मानेंगे, लेकिन यह वादा खोखला साबित हुआ। अपने पिता के साथ शिमला आई बेनजीर भुट्टो ने अपनी किताब डॉटर ऑफ द ईस्ट में लिखा कि समझौता होने पर पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने कोडवर्ड में कहा, "लड़का हुआ है," यानी समझौता हो गया। अगर बात नहीं बनती, तो वे कहते, "लड़की हुई है।" यह कोडवर्ड उस समय की तनावपूर्ण स्थिति और लैंगिक रूढ़ियों को भी दर्शाता है।

**पाकिस्तान का विश्वासघात : शिमला समझौता शांति की नींव रखने के लिए था, लेकिन पाकिस्तान ने इसकी भावना को बार-बार कुचला**

**कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया :** संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाकर पाकिस्तान ने समझौते का उल्लंघन किया। 1999 का कारगिल युद्धः उपर घुसपैठ कर पाकिस्तान ने भारत को युद्ध में धकेला।

**आतंकवाद को पनाह :** 26/11 मुंबई हमला और 2025 का पहलगाम हमला जैसे आतंकी हमलों में पाकिस्तान की भूमिका सामने आई। पाकिस्तान ने शिमला समझौते को कभी गंभीरता से नहीं लिया। जब भारत ने पहलगाम हमले के बाद सख्त कदम उठाए-जैसे सिंधु जल संधि को स्थगित करना, अटारी चेकपोस्ट बंद करना, और वाघा सीमा सील करना-तो पाकिस्तान ने जवाब में शिमला समझौते को निलंबित करने की घोषणा की। लेकिन जिस समझौते को उसने पहले ही तोड़ा, उसे निलंबित करने का क्या मतलब?

**क्षेत्रीय अस्थिरता :** चीन जैसे देशों के साथ मिलकर पाकिस्तान दक्षिण एशिया में अस्थिरता पैदा कर सकता है।

**आर्थिक नुकसानः** व्यापार और हवाई यातायात पर असर पड़ सकता है। हालांकि, भारत आर्थिक रूप से पाकिस्तान से कहीं आगे है, इसलिए आर्थिक नुकसान सीमित होगा। पाकिस्तान पहले से ही कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहा है, इसलिए इस घोषणा से कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा। यह एक ऐसे समझौते को "दोबारा दफनाने" की कोशिश है, जिसे पाकिस्तान ने पहले ही मृत मान लिया था। पाकिस्तान का यह कदम उसकी पुरानी रणनीति का हिस्सा है-जब भी घरेलू मोर्चे पर दबाव बढ़ता है, वह सीमा पर तनाव भड़काकर जनता का ध्यान भटकाता है। राष्ट्रवाद का उन्माद जगाना और भारत विरोधी बयानबाजी करना पाकिस्तानी शासकों की आदत रही है। शिमला समझौता भारत की उदारता और शांति की इच्छा का प्रतीक था, लेकिन पाकिस्तान ने इसकी कीमत नहीं समझी। आज जब पाकिस्तान इस समझौते को निलंबित करने की बात करता है, तो यह उसकी हताशा और सभ्यता की कसौटी पर विफलता को दर्शाता है। भारत को अब सख्ती के साथ जवाब देना होगा-न केवल सीमा पर, बल्कि कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चों पर भी।

## संपादकीय

### बड़े कदम उठाने चाहिए

हमारे सामने आर-पार की लड़ाई के लिए इससे अच्छा समय नहीं आएगा। मत चूके चौहान! इस अवसर पर सर्जिकल स्ट्राइक भी काम नहीं आएगी। सिंधु जल समझौता स्थगित करना उचित कदम है, किन्तु हमें इस पर दृढ़ता से टिके रहना है। पाकिस्तान मानवीय संवेदना के नाम पर मगरमच्छी आंसू टपकाएगा। हमें इजराइल का मार्ग अपनाना चाहिए। इसकी शुरूआत पाक के कब्जे वाली कश्मीर की धरती से कर देनी चाहिए। वह तो हमारी ही है। उसे फिर से छीन लेना भी हमारा अधिकार है। दुनिया को यह संदेश देना भी आज की जरूरत है। 'मोदी जी आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं।' पूरा देश और पूरा विपक्ष आपके साथ है। संकट में सदा ही साथ रहा है। जरूरत हो तो मेरे जैसे सेवानिवृत्त भी अपनी यूनिट में लौट सकते हैं। किन्तु पाकिस्तान को तैयारी करने का अवसर न दें। एक तो सदा से झूठा और छद्मवेशी रहा है, ऊपर से चीन का हाथ उसकी पीठ पर है। वैसे तो चीन को भी अभी मार्केट के लिए भारत का सहारा चाहिए। अमरीका ने उसके माल पर टैरिफ का जो खेल खेला है, उसे अपना सरप्लस माल बेचना होगा। उसकी हालत अमरीका जैसी ही हो रही है। हमारे सामने ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। हमारी स्थिति मजबूत है। सिवाय इसके कि कश्मीर में ही कुछ देशद्रोही बैठे हैं, जो आतंकियों का साथ देते हैं। हमले से पूर्व भी आतंकियों ने कश्मीर में बैठक की थी, हमले की साजिश रची थी, सुरक्षा एजेंसियों को इसकी जानकारी थी। फिर भी यह हमला हो गया। मान्यवर मोदी जी! यह पहला अवसर नहीं है, जब इंटेलीजेंस, सुरक्षा एजेंसियां तथा सीआरपीएफ के रहते हुए इतनी बड़ी दुर्घटना, शर्मनाक दुर्घटना घट गई। इतिहास गवाह है पिछले सभी बड़े आतंकी हादसों में घटना होने के बाद एजेंसियां सक्रिय होती हैं। संसद का उदाहरण यह देश शायद ही भूल पाए। तब हमारी पुलिस और सुरक्षा बलों में अन्तर ही क्या रह जाएगा? इनकी भी समीक्षा कर बड़े कदम उठाने चाहिए।

# ग्लोबल सपने, लोकल जड़ें: नया भारत किस ओर!

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

आज का युग उपभोक्तावाद की चकाचौंध और आधुनिकता की रफ्तार से सराबोर है। एक ओर जीवनशैली ऐसी शानो-शौकत से भर गई है, जो कभी केवल परीकथाओं में नजर आती थी, तो दूसरी ओर हमारी सोच और मूल्यों की जड़ें भी नई दिशाओं में बढ़ चली हैं। वह दौर अब बीते जमाने की बात लगता है, जब सुख का मतलब था परिवार के साथ पुराने ट्रांजिस्टर पर विविध भारती की मधुर धुनें सुनना, बाजार से नई साइकिल लाकर बच्चों के चेहरों पर चमक देखना, या गर्मियों में पुराने पंखे की फड़फड़ाहट में सुकून तलाशना। मध्यमवर्गीय जीवन तब संयम और संतुष्टि का दर्पण था-न अधिक की हवस, न कम में बेचैनी। मगर जैसे ही वैश्वीकरण और आर्थिक उदारीकरण की लहर भारत में उमड़ी, हमारी दुनिया ने पलट कर नया रंग ओढ़ लिया। बाजार विदेशी ब्रांडों की बाढ़ से जगमगा उठे, और हमारे सपनों ने भी आसमान छूने की ठान ली। इस आर्थिक क्रांति ने न केवल हमारी जेब को समृद्ध किया, बल्कि हमारी आकांक्षाओं को भी नई उड़ान दी। पहले पढ़ाई का लक्ष्य था एक सम्मानजनक सरकारी नौकरी या स्थानीय रोजगार, मगर अब सपने विदेशों में बसने और वैश्विक मंच पर अपनी पहचान गढ़ने तक सैर कर आए हैं। छोटे शहरों से लेकर चमचमाते महानगरों तक, इंजीनियरिंग और मेडिकल कोचिंग सेंटरों का जाल बिछ गया। जयपुर, कोटा और पटना जैसे शहर शिक्षा के चमकते सितारे बन गए, जहाँ लाखों युवा अपने सुनहरे भविष्य को तराशने की जिद में रात-दिन एक कर रहे हैं। माता-पिता की उम्मीदें अब केवल अपने बच्चों को डॉक्टर या इंजीनियर बनाने तक सिमटी नहीं, बल्कि उन्हें सिलिकॉन वैली की टेक दुनिया या लंदन की गगनचुंबी इमारतों में शिखर छूते देखने की है। नतीजा, नई पीढ़ी ने अपनी मेहनत और हौसले से विदेशों में ऐसी कहानियाँ रचीं, जो प्रेरणा बन गईं। आज हर गली-मोहल्ले में कोई न कोई विदेश की धरती पर अपनी छाप छोड़ रहा है, और उनकी कमाई भारत में नए मकान, जमीन और कारोबार की शक्ल में लौटकर समृद्धि की नई इबारत लिख रही है। इन बदलावों ने हमारी जरूरतों की परिभाषा को नए रंगों से



सराबोर कर दिया। पहले एक नई सिलाई मशीन या टू-इन-वन टेप रिकॉर्डर घर में उत्सव की लहर ले आता था, लेकिन अब लक्जरी एसयूवी, डिजाइनर हैंडबैग और लेटेस्ट स्मार्टफोन्स रुतबे की नई पहचान बन गए हैं। ब्रांडेड सामानों की चमक अब सिर्फ उच्च वर्ग की बपौती नहीं रही। टीवी और सोशल मीडिया के चटक विज्ञापनों ने हर दिल में ब्रांड्स का जादू बिखेर दिया है। फेस्टिवल सेल में 30-70% छूट के लुभावने ऑफर देख लोग मॉल्स की ओर उमड़ पड़ते हैं, मानो सपनों की सैर पर निकल पड़े हों। "सस्ता बार-बार, महंगा एक बार" का मंत्र अब हर जुबान पर चढ़ गया है। गाँवों और कस्बों तक अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के चमचमाते स्टोर अपनी जड़ें जमा रहे हैं, और हर कोई इस जगमगाती दुनिया का सितारा बनने को बेताब है। मगर इस चकाचौंध की बयार में कुछ सवाल दिल को बेचैन करते हैं। क्या महंगे ब्रांड्स का अंबार ही तरक्की की कसौटी है? क्या हमारी पहचान अब सिर्फ विदेशी लेबल्स और आलीशान जीवनशैली की मोहताज होकर रह जाएगी? हमारी पुरानी पीढ़ी, जिसके लिए सादगी और आत्मनिर्भरता जीवन का मंत्र थी, शायद इस दिखावे की दुनिया को देखकर स्तब्ध रह जाए। उन्होंने वह ज़माना जिया, जब एक छोटा-सा रेडियो घर में उत्सव की लहर ले आता था, और विदेश यात्रा का ज़िक्र पड़ोसियों की गपशप का मसाला बनता था। आज जब बच्चे विदेशों से महंगे परफ्यूम या स्मार्टवॉच लाते हैं, तो शायद वह पीढ़ी सोच में डूब जाती होगी-क्या यही वह भारत है, जिसका सपना उन्होंने बुना था? बेशक, आज की पीढ़ी रात-दिन मेहनत की स्याही से अपनी कहानियाँ लिख रही है। विदेशों में पसीना बहाकर, टैक्स चुकाकर, और भारत में निवेश कर वह देश की समृद्धि में रंग भर रही है। मगर इस भौतिक उड़ान के साथ हमें अपनी जड़ों को भी थामे रखना होगा। हमारी संस्कृति, हमारे मूल्य, और हमारी परंपराएँ उतनी ही अनमोल हैं, जितनी हमारी आर्थिक ऊँचाइयाँ। अगर हम सिर्फ चमकते ब्रांड्स और ठाठ-बाट को ही प्रगति का पैमाना मान लेंगे, तो कहीं न कहीं अपनी आत्मा को खो देने का डर है। जीवन का सच्चा सुख संतुलन की सुंदर जुगलबंदी में छिपा है। यदि हम अपनी भौतिक विजयों के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक और नैतिक विरासत को भी सहेज लें, तभी हमारी प्रगति का सूरज पूर्णता को छूएगा। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि भारत की आत्मा उसकी सादगी, उसकी संस्कृति और उसके अटूट मूल्यों की गहराइयों में बसती है। अगर हम आधुनिकता की सरपट दौड़ में इस अनमोल प्रकाश को खो बैठे, तो हमारी चमक एक अधूरी तस्वीर बनकर रह जाएगी। सच्चा भारत वही होगा, जहाँ लक्जरी कारों की रफ्तार के साथ मंदिरों की घंटियों की गूँज ताल मिलाए, जहाँ स्मार्टफोन्स की चमक के साथ परिवार की गर्मजोशी का आलम भी कायम रहे। इसलिए जरूरी है कि हम बीच-बीच में ठहरकर खुद से सवाल करें। क्या हमारी दौड़ सिर्फ बाहरी चमक को पकड़ने की है, या हम अपने भीतर की शांति और मूल्यों को भी उतना ही गले लगा रहे हैं? अगर यह संतुलन हमारी नजरों से धुंधला पड़ रहा है, तो वक्त है कि हम अपनी सोच को नए सिरे से तराशें। क्योंकि सच्ची समृद्धि वही है, जो बाहर की जगमगाहट और भीतर की रोशनी को एक साथ बुनकर एक ऐसी तस्वीर गढ़े, जो अधूरी न लगे।

# सोशल मीडिया अपनी आकर्षक व रंगीन दुनिया से बच्चों को कर रहा आकर्षित

**विजय गर्ग**

सोशल मीडिया के प्रति बेलगाम आकर्षण ने आधुनिक जीवन के हर पहलू को प्रभावित किया है। हमारे समाज का हर वर्ग, विशेषकर नई पीढ़ी, इसकी चमक-दमक और आकर्षण का शिकार हो रही है। बचपन, खेलने, सीखने और सुखद यादें बनाने का समय, आज के सोशल मीडिया के युग में खोता जा रहा है। आजकल बच्चे अपने कमरे के एक कोने में कैद होकर अपने मोबाइल फोन या टैबलेट की स्क्रीन से चिपके रहते हैं। सोशल मीडिया अपनी आकर्षक और रंगीन दुनिया से बच्चों को आकर्षित कर रहा है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट जैसे प्लेटफॉर्म ने बच्चों को एक ऐसी दुनिया से जुड़ने के लिए उत्सुक बना दिया है, जहां वे वास्तविकता से बहुत दूर एक काल्पनिक जीवन जी रहे हैं। विभिन्न फोटो, वीडियो और अन्य सामग्री के चलन ने बच्चों के मन में आत्म-तुलना की आदत पैदा कर दी है। यह तुलना अक्सर मनोबल को कम करती है और मानसिक तनाव का कारण बनती है। सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रभाव के कारण बच्चे खेलों में भाग नहीं लेते हैं। गुल्ली-डंडा, पायथू और लुका-छिपी जैसे पुराने खेल, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि बच्चों के सामाजिक, बौद्धिक और भावनात्मक विकास में भी योगदान देते थे, अब पूरी तरह लुप्त हो चुके हैं। इससे बच्चों की शारीरिक गतिविधियां कम हो रही हैं, जिससे मोटापा और अन्य बीमारियां बढ़ रही हैं। सोशल मीडिया का बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। वास्तविक



और आभासी दुनिया के बीच का अंतर बच्चों को मनोवैज्ञानिक स्तर पर अस्थिर बना रहा है। वे अक्सर स्वयं की तुलना अन्य लोगों के जीवन से करते हैं, जिसके कारण उनमें हीनता और अवसाद की भावना उत्पन्न होती है। बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग ने पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों को भी प्रभावित किया है। परिवार के साथ बातचीत करने और एक साथ समय बिताने के बजाय, बच्चे स्क्रीन के सामने अधिक समय बिता रहे हैं। सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के कारण बच्चों का पढ़ाई पर ध्यान भी कम हो रहा है। अभ्यास के समय के अलावा, वे स्क्रीन पर भी समय बर्बाद करते हैं, जिससे उनका शैक्षणिक प्रदर्शन भी प्रभावित होता है। नए रुझानों और चुनौतियों का सामना करने की दौड़ में बच्चे शिक्षा और प्रशिक्षण के महत्व को भूल रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए माता-पिता, शिक्षकों और समाज के हर पहलू को संयम के साथ अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। माता-पिता को अपने बच्चों का स्क्रीन देखने का समय सीमित करना चाहिए तथा उन्हें बाहरी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रौद्योगिकी का उपयोग सकारात्मक तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि बच्चे अपनी पढ़ाई और शारीरिक विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकें। सोशल मीडिया की आभासी दुनिया ने बचपन को जंजीरों में जकड़ दिया है, लेकिन इसकी सुरक्षा करना हमारे हाथ में है। अभिभावकों, शिक्षकों और समुदाय के प्रतिनिधियों को मिलकर काम करना होगा ताकि बच्चों के बचपन को सोशल मीडिया की गुलामी से बचाया जा सके। यह पूरी तरह से हमारे कौशल और संयम पर निर्भर करता है कि हम आने वाली पीढ़ी को कैसे उज्ज्वल भविष्य दे सकते हैं।

**(लेखक सेवानिवृत्त प्रिंसिपल शैक्षिक स्तंभकार मलोट पंजाब)**

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक व संपादक सरोज चौधरी द्वारा विजय प्रेस, नया टोला पटना से मुद्रित तथा 302, मां तारा कंपलेक्स, नारायण मूर्ति पथ, नागेश्वर कॉलोनी, बोरिंग रोड पटना से प्रकाशित! संपादक सरोज चौधरी, R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168

## संक्षिप्त समाचार

### लाखो थाना की पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

**पुलिस ने तलाशी के दौरान 01 मारूति कार, 01 अवैध देसी पिस्टल, 01 मैगजीन, 05 कारतूस एवं 02 मोबाईल किया जब्त**

**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। लाखो थानान्तर्गत मिली गुप्त सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बहदरपुर ढाला निकट एनएच-31 के पास वाहन चेंकिग में 01 मारूति कार से 02 अपराधियों को 01 अवैध देसी पिस्टल, 01 मैगजीन, 05 कारतूस एवं 02 मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया। लाखो थाना को गुप्त सुचना मिली की बलिया से बेगूसराय की ओर एक मारूति कार (रजि नं-BR09AW-5358) जा रही है, जिसमें हथियार लिए हुए 02 व्यक्ति हैं। जो किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम दे सकता है। प्राप्त सूचना को वरीय पुलिस पदाधिकारी को दिया गया तथा निदेर्शानुसार अविलंब लाखो थानाध्यक्ष राजीव रंजन एवं सशस्त्र बल लाखो थाना के द्वारा बहदरपुर ढाला स्थित एनएच-31 के पास पहुंचकर वाहन चेकिंग लगाया गया। थोड़ी ही देर में एक मारूति कार (रजि० नं0-BRO9AW-5358) बलिया की ओर से पहुंची तो गाड़ी को पुलिस बल के द्वारा रोकवाया गया। गाड़ी में दो व्यक्ति थे नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम 01. संतोष कुमार पे०-गणेश कुमार एवं 02. सन्नी कुमार पे०-अमरेन्दर कुमार दोनों सा०-रतनपुर वार्ड नं0-20 थाना-रतनपुर जिला-बेगूसराय बताया। पुलिस टीम के द्वारा विधिवत तलाशी लेने पर 01 अवैध देसी पिस्टल, 01 मैगजीन, 05 कारतूस एवं 02 मोबाईल बरामद किया गया। जिसे मारूति कार सहित विधिवत जप्त किया गया तथा पकड़ाए दोनों अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए विधिसम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### मुस्तफा हत्याकांड में दो महिला समेत छह नामजद

**आरोपित दो महिला गिरफ्तार**




**पूर्वी चंपारण,** । रघुनाथपुर थाना क्षेत्र मे युवक को चाकू गोदकर हत्या करने के मामले में रघुनाथपुर थाना मे पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है, जिसमे दो महिला सहित छह लोग नामजद किये गए है। मृतक मुस्तफा अंसारी के पिता भोला अंसारी के आवेदन पर पुलिस ने कारवाई की है। आरोपितों में रघुनाथपुर वार्ड 27 के सुधीर सहनी, नितेश कुमार, संजू देवी पति सुधीर सहनी, प्रयाग सहनी, सुकन देवी पति प्रयाग सहनी व मिठू कुमार शामिल है। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपित संजू देवी व सुकन देवी को गिरफ्तार किया है। मृतक के पिता भोला अंसारी ने बताया है कि 25 अप्रैल को करीब साढ़े नौ बजे रात्रि में वे बलुआ स्थित अपने दुकान से लौट रहे थे। रकटू सहनी के घर के समीप पहुंचे थे तो भीड़ जमा थी। देखा तो उसके पुत्र मुस्तफा को चाकू गोदकर कुछ लोग भाग गए है। उसका पुत्र खून से लथपथ जमीन पर गिरकर छटपटा रहा है। जख्मी पुत्र ने बताया कि सुधीर व नितेश ने चाकू मार दिया है। उसे शहर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। उसने बताया कि हत्या मे सुधीर का ससुर प्रयाग सहनी व सास सुकन देवी सहित अन्य शामिल है। थानाध्यक्ष विकास कुमार पासवान ने बताया कि आवेदन के आलोक में एफआईआर दर्ज कर पकडे गए माँ पुत्री को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

### कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम के आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि




**अररिया।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि देने का सिलसिला लगातार जारी है।इसी कड़ी में रविवार शाम को फारबिसगंज के युवाओं ने कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च पोस्ट ऑफिस चौक से निकलकर सदर रोड होते हुए स्टेशन चौक पर आकर समाप्त हुई।स्टेशन चौक पर युवाओं ने एक स्वर में आतंकी हमले की निंदा की और सरकार से इस नृशंस आतंकी हमले के आरोपियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की मांग की। कैंडल मार्च में वाहिद अंसारी,इरशाद सिद्दीकी,राशिद जुनैद,इजहार अंसारी,इंजीनियर आयुष अग्रवाल,रहमत अली,सैफ अली खान,सुनील मंडल, तबारक हुसैन,मुमताज सलाम,रुपेश यादव,इम्तियाज भारती,गुलाबचंद ऋषिदेव,बाबुल इनायत,आरजू शाद, शहबाज आलम,गौतम चक्रवर्ती,रोमी भगत,दाऊद अंसारी, मसद अंसारी सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे।

### बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, 10 लाख नगदी और लाखों के आभूषण ले उड़े चोर

**भागलपुर,** । जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के चित्रा टॉकीज वार्ड संख्या एक निवासी रवि शंकर राजहंस उर्फ बब्लू राजहंस के दो दिन से बंद पड़े घर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाबत मकान मालिक शंकर राजहंस उर्फ डब्लू राजहंस ने सुल्तानगंज थाने रविवार को आवेदन देकर बताया है कि 25 अप्रैल की सुबह 9:00 बजे अपने घर में ताला लगाकर हम बेटी की रिश्ता की बात को लेकर सभी परिवार के सदस्य टाटा चले गए थे। जब 27 अप्रैल को अहले सुबह 3:00 बजे अपना घर पहुंचा तो देखा कि घर का सारा ताला टूटा हुआ है और घर में सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। उन्होंने थाने में दिए गए आवेदन में जिक्र किया है कि चोरों ने घर का गोदरेज का ताला तोड़कर उसमें रखे 10 लाख 40 हजार रुपए नगद, 7 भर सोना, 400 ग्राम चांदी एक कैमरा, लैपटॉप और घर में रखे अन्य बहुमूल्य सामान की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई है। उन्होंने बताया कि अपनी बेटी के दहेज में देने के लिए रुपए और सोने चांदी का आभूषण घर में रखा था। इस घटना के बाद पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं क्षेत्र में चोरों का दहशत व्याप्त हो गया है। वहीं घटना किसी सूचना पर सुलतानगंज थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन करते हुए अज्ञात चोरों की तलाश में जुड़ गई है।

### लगाया गया निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर

**भागलपुर,** । भारत विकास परिषद् भागलपुर एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी भागलपुर के सौजन्य से निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर रविवार को दल्लू बाबू धर्मशाला में लगाया गया। शिविर का उद्घाटन समाजसेवी लक्ष्मी नारायण डोकानिया ने किया। इस शिविर में बुजुर्ग नागरिक एवं राशन कार्ड धारक का आयुष्मान कार्ड निःशुल्क सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक बनाया गया। आयुष्मान मित्र मो. शहबाज आलम एवं अजय ठाकुर आयुष्मान कार्ड बनाने में लगे रहे। लगभग 90 लोग आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक जिवराजिका, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रतन संथालिया, उज्जैन कुमार मालु, डॉ बिनय गुप्ता, रवीन्द्र गुप्ता, डॉ पंकज टण्डन, मनोज शर्मा, प्रदीप जालान मौजूद रहे। लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाने के प्रति उत्साह को देखते हुए 4 मई रविवार को पुनः शिविर लगाया जाएगा।

# भीषण गर्मी में यात्रियों के बीच मुंगेर सेवा मंच ने बांटी 500 से अधिक पानी की बोतलें

**दिव्य दिनकर बिहार उप-प्रभारी पवन कुमार चौधरी**




जमालपुर। भीषण गर्मी में यात्रियों की पीड़ा को समझते हुए रेलवे की पहल और मुंगेर सेवा मंच के संयुक्त प्रयास से एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जमालपुर रेलवे स्टेशन पर डिब्रूगढ़ से पुरानी दिल्ली जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेन ब्रह्मपुत्र मेल (गाड़ी संख्या 15658) के जनरल डिब्बों में सफर कर रहे यात्रियों के बीच 500 से अधिक पानी की बोतलें निःशुल्क वितरित की गईं। कार्यक्रम में मुंगेर सेवा मंच के पदाधिकारियों, आजीवन सदस्यों और रेल अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रियों ने इस पुनीत कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में ऐसा सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय है और अन्य संगठनों को भी इस दिशा में आगे आना चाहिए। मुंगेर सेवा मंच के अध्यक्ष संजय बबलू, उपाध्यक्ष रवि शंकर पांडेय, सह-सचिव गौतम गोविंदा, कार्यालय प्रभारी विकास कुमार सहित आजीवन सदस्य मनीष कुमार, शंकर दत्ता, शर्मिला, सुनीता यादव, अरविंदर कौर, सुमेधा आर्य, शिवदयाल यादव, रवि शंकर पोद्दार, आनंद प्रकाश, विनय कुमार उर्फ. गोपाल जी ने बताया कि मुंगेर सेवा मंच का उद्देश्य जल सेवा अर्थात जीवन सेवा है। इसी के तहत यात्रियों के बीच पेयजल उपलब्ध कराकर गर्मी में राहत पहुँचाना लक्ष्य है। स्टेशन मास्टर संजय कुमार, वरिष्ठ मंडल पर्यावरण एवं स्वच्छता प्रबंधक प्रदीप दास, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक पंकज कुमार, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक मुकेश कुमार ने मुंगेर सेवा मंच का आभार व्यक्त करते हुए मंच से जमालपुर स्टेशन के लिए व्हीलचेयर प्रदान करने का अनुरोध किया। इस पर मुंगेर सेवा मंच के अध्यक्ष संजय बाब्लू ने आश्वस्त किया कि जल्द ही व्हीलचेयर प्रदान की जाएगी और इसके अतिरिक्त गुटखा खाकर इधर-उधर थूकने की आदत पर रोक लगाने हेतु जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। मौके पर ऋषभ मिश्रा, विवेक जैन, पंकज शर्मा, अंकित जालन, रॉबिन मोदी, संजीव भगोरिया, डॉ. अंकुर दत्ता तथा सूरज कुमार मौजूद थे।

# जन सुराज का सरकार से सवाल, जातीय जनगणना और भूमि सर्वे वादों का क्या हुआ

**11 मई से 40 हजार गांवों में अभियान, 1 करोड़ हस्ताक्षरों से सरकार को दी जाएगी चुनौती**




**दिव्य दिनकर जिला संवाददाता रंजीत कुमार विद्यार्थी**

मुंगेर। बिहार सरकार ने 07 नवंबर 2023 को जातीय जनगणना के आंकड़े पेश किए और 22 नवंबर को कई बड़े वादे किए थे। लेकिन आज तक कोई वादा जमीन पर नहीं उतरा। जन सुराज अब इन मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगते हुए आंदोलन शुरू करने जा रहा है। यह बातें प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जन सुराज के मुंगेर जिला प्रभारी अनिल कुमार शाह एवं मुंगेर के जिलाध्यक्ष योगेंद्र मंडल ने कहीं। उन्होंने कहा कि हमारी प्रमुख मांगें, सरकार जातीय जनगणना और भूमि सर्वेक्षण पर श्वेत पत्र जारी करे। वही विचार मंच के अध्यक्ष सह वरिष्ठ पत्रकार संतोष सहाय ने कहा जनगणना में आरक्षण बढ़ाने की सिफारिश हुई थी, लेकिन आज तक आरक्षण नहीं बढ़ाया गया। 94 लाख परिवारों को 02 लाख रुपये रोजगार सहायता और 40 लाख बेघर परिवारों को 1.20 लाख रुपये देने का वादा अधूरा है। 2006 के दलित विकास मिशन में भूमिहीन दलितों को जमीन देने का वादा भी अधूरा है। अब तक आधे से अधिक परिवारों को कब्जा नहीं मिला। भूमि सर्वे के नाम पर भ्रष्टाचार फैला है और जमीन से जुड़े विवादों के कारण अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। जन सुराज 11 मई से बिहार के 40 हजार गांवों में बैठकों और हस्ताक्षर अभियान का आयोजन करेगा। 11 जुलाई को 1 करोड़ हस्ताक्षरों के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि सरकार ने तब भी सुनवाई नहीं की, तो विधानसभा के अंतिम सत्र का घेराव किया जाएगा। इस दौरान संयोजक दिनेश सिंह, आशीष कुमार, ऋतुराज बसंत, कुंवर चंद्रेश सहित अन्य उपस्थित थे।

# अब हम लोगों के बीच नहीं रहे वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर सुबोध सागर उर्फ सुबोध भैया

**सुबोध भैया के नाम से चर्चित सुबोध सागर का हार्ट अटैक से हुआ निधन**

**दिव्य दिनकर जिला संवाददाता रंजीत विद्यार्थी**



मुंगेर। मुंगेर में 76 वर्षीय हिंदुस्तान अखबार के वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर सुबोध सागर का निधन शनिवार की देर शाम हो गई। दिवंगत सुबोध सागर ₹सुबोध भैया₹ के नाम से पूरे शहर में चर्चित थे। उन्होंने हिंदुस्तान अखबार सहित विभिन्न समाचार पत्रों में 40 वर्ष तक अपनी सेवा दी। उनके सानिध्य में रहकर मुंगेर में दर्जन भर फोटोग्राफर आज फोटोग्राफी कर रहे हैं और प्रेस मीडिया में प्रेस फोटोग्राफर के पद कार्यरत हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार की शाम काफी बेचैनी महसूस होने पर उन्हे परिजन सदर अस्पताल मुंगेर लेकर गए, जहां उपचार शुरू हुआ। इलाज के दौरान अचानक हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। निधन की खबर से मीडिया जगत व मुंगेर शहर में शोक का माहौल है। बेटा संजीव शर्मा, संदीप सागर व पुत्री सारिका शर्मा व दामाद शिक्षक कंचन शर्मा बदहवास हैं। दिवंगत पत्रकार को उनके पोते आकाश ने मुखाग्नि दी। उनका दाह संस्कार लाल दरवाजा घाट पर किया गया। दाह संस्कार में पत्रकार, विभिन्न राजनीतिक दल, चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य सहित कई विशिष्ट लोगों ने शिरकत किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों की भीड़ लगी रही। वही दिवंगत प्रेस फोटोग्राफर सुबोध सागर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने बालों ने कहा कि सुबोध सागर उर्फ सुबोध भैया का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। जिसकी भरपाई लंबे समय तक दिखाई नहीं पड़ रही है। उनके अनुभव और ज्ञान का लाभ कई पत्रकारों और मीडिया कर्मियों ने उठाया। उनके निधन से ना केवल उनके परिवार बल्कि समूचे मीडिया जगत में शोक व्याप्त है। सुबोध सागर ने मीडिया जगत में अपने योगदान से अमिट छाप छोड़ी है। वही इस अवसर पर जनसुराज के राज्य कोर कमेटी सदस्य सह बेगूसराय प्रभारी शहाब मलिक ने भी दिवंगत पत्रकार को फूल माला अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शहाब मलिक ने कहा कि उनकी सरलता, सजगता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा। उनके निधन से मुंगेर मीडिया जगत में जो रिक्तता उत्पन्न हुई है, उसे भर पाना कठिन होगा। बता दें कि सुबोध सागर ने मीडिया जगत में 04 दशकों से भी अधिक समय तक कार्य किया। कई प्रमुख समाचार पत्रों में भी काम किया। दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि देने बालो मे वरिष्ठ पत्रकार कुमार कृष्णन, संतोष सहाय, रंजीत कुमार विद्यार्थी, समाज सेवी राकेश मंडल, राजद नेता आदर्श राजा, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पप्पू यादव, पत्रकार सुजीत मिश्रा, नवीन झा, त्रिपुरारी मिश्रा, राजेश झा, राणा गौरी शंकर सिंह, वीरेंद्र सिंह, विजय सिंह, अमित कुमार,संतोष कुमार, रंजीत ठाकुर ,राजीव मुरारी सिन्हा, पवन चौधरी, डॉ शशिकांत सुमन, शिव शंकर, निशिकांत राय, संजय कुमार सिंह, प्रिंस कुमार, संजीव कुमार, आशीष कश्यप, सहित अन्य पत्रकारों ने कहा कि दिवंगत पत्रकार सुबोध सागर के कृति को भुलाया नहीं जा सकता है। वे सदैव याद किए जाएंगे।

# एक शाम पत्रकारों के नाम कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर,बॉलीवुड सहित रियलिटी शो के नामचीन कलाकार लेंगे भाग,प्रचार रथ रवाना



**अररिया,** । अररिया जिला पत्रकार संघ की ओर से मजदूर दिवस के मौके पर 01 मई को अररिया कॉलेज स्टेडियम में आयोजित एक शाम पत्रकारों के नाम संगीतमय संध्या में बॉलीवुड सहित टीवी के रियलिटी शो के नामचीन कलाकार भाग लेंगे।जिला पत्रकार संघ की ओर से इसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है।अररिया कॉलेज स्टेडियम में मंच सहित रैम्प निर्माण और बांस की बेरीकेडिंग का कार्य इवेंट मैनेजमेंट में लगे संघ के सदस्य कर रहे हैं। जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष राकेश भगत उर्फ मंटू भगत,सचिव अमित कुमार अमन और कोषाध्यक्ष रुपेश कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस क्लब भवन में रविवार को यह जानकारी दी।कार्यक्रम की तैयारी और समीक्षा को लेकर प्रेस क्लब भवन में मीटिंग आयोजित की गई,जिसमें स्थल पर सुरक्षा,सीटिंग अरेंजमेंट,कलाकारों के आगमन और ठहराव सहित अन्य मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।बैठक में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया। बैठक उपरांत कार्यक्रम के प्रचार प्रसार को लेकर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।वरिष्ठ पत्रकार परवेज आलम, लक्ष्मी प्रसाद नायक,विष्णुदेव झा बेदी, फूलेंद्र मल्लिक,आमोद शर्मा,सुब्रत सिन्हा सहित अन्य पत्रकारों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार भगत ने बताया गया कि इस कार्यक्रम में 80 के दशक के मशहूर गायक शब्बीर कुमार,दिलीप सेन,फिल्म अभिनेत्री पूनम झावर,मैथिली सहित दर्जनों हिन्दी अलबम की नामचीन गायिका प्रिया मल्लिक,टीवी शो सुर संग्राम के उप विजेता अमर आनंद, प्रिया राज सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देगी।कार्यक्रम को लेकर युद्धस्तर पर तैयारी की जा रही है और कार्यक्रम में इंट्री केवल पास पर की गई है।पास प्राप्त संगीत प्रेमी ही कार्यक्रम का लुत्फ उठा पायेंगे।संगीत प्रेमियों के लिए स्टेडियम पांच हजार से अधिक की सीटिंग कैपेसिटी रखी गई है।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अलावा प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जिलाध्यक्ष राकेश भगत ने बताया कि जिला पत्रकार संघ एक रजिस्टर्ड संस्था है और यह कार्यक्रम पत्रकारों के सहायतार्थ शुरू किया गया है।कार्यक्रम में पूर्व के जिला के पत्रकार और मृत पत्रकार के परिजनों को संघ की ओर से सम्मानित किया जाएगा।इसके अलावा समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शख्सियत को भी संघ सम्मानित करने का काम करेगी।

### बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव महोत्सव में विभिन्न संस्था और लोगों को किया गया सम्मानित



**अररिया ,**। फारबिसगंज के शगुन बैंकेट हॉल में रविवार को जिला क्षत्रिय समाज की ओर से बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव महोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू, आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल, सांसद प्रदीप कुमार सिंह,विधायक विद्यासागर केसरी सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्री नीरज कुमार बबलू,विजय कुमार मंडल,सांसद प्रदीप कुमार सिंह,विधायक विद्यासागर केशरी,पूर्व विधायक देवयंती यादव,जिला क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर फारबिसगंज सहित आसपास के इलाकों में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली संस्था और उनके प्रतिनिधियों के साथ सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान को लेकर जिला क्षत्रिय समाज की ओर से मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबू वीर कुंवर सिंह के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान और उनकी बहादुरी को याद किया।वक्ताओं ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रखर नायक थे।80 वर्ष की उम्र में भी ब्रिटिश सेना के खिलाफ लड़े और अपनी वीरता और रणनीति के लिए जाने जाते हैं।वक्ताओं ने उन्हें एक जातीय बंधन में नहीं बांधे जाने की बात कही।कार्यक्रम में बाबू वीर कुंवर सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने उनके पदचिह्नों पर चलने का प्रेरणाश्रोत बताया। इससे पूर्व मंत्री नीरज कुमार बबलू,विजय कुमार मंडल, सांसद प्रदीप कुमार सिंह,विधायक विद्यासागर केशरी,पंडित अजय कुमार झा ने फैंसी मार्केट स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### नेपाल पुलिस ने जब्त की भारतीय नंबर की चोरी की कार, तस्करी में होता था प्रयोग



**अररिया** । जोगबनी सीमा पार नेपाल में नेपाल सशस्त्र पुलिस बल ने रविवार को कार्रवाई करते हुए भारतीय नंबर की चोरी की कार को जब्त किया।नेपाल सशस्त्र पुलिस बल रानी गुल्म के डीएसपी ऋषिकेश राउत ने गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की। उन्हें सूचना मिली थी कि भारतीय नंबर के चोरी के वाहन पर अलग नंबर लगा कर तस्करी के बहुमूल्य सामग्री को लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर डीएसपी ऋषिकेश राउत के द्वारा सीमा पार करते ही कार को जब्त किया गया। जांच में सामने आया कि यह चोरी की गाड़ी जोगबनी के महाराष्ट्रगुजरात ट्रांसपोर्ट का है और उक्त ट्रांसपोर्ट कंपनी को जोगबनी के दिलीप चौधरी द्वारा संचालित किया जाता है। इस कार से दिलीप चौधरी द्वारा ट्रांसपोर्ट के अवैध गतिविधि को संचालित करने के उद्देश्य के साथ चोरी के कार से विराटनगर भंसार कार्यालय के परिसर से बहुमूल्य सामग्री की तस्करी किया जाता रहा है। मामले की पुष्टि करते हुए सशस्त्र पुलिस बल रानी गुल्म के प्रमुख डीएसपी ऋषिकेश राउत ने कहा कि भारतीय नंबर की कार संख्या डब्लूबी 74 एस 1462 को सूचना के आधार पर जब्त किया गया है। गाड़ी के कागजात में रहे इंजन और चेचिस का नंबर और कार के इंजिन चेचिस का नंबर अलग अलग है। जिस कारण गाड़ी को जब्त किया गया है। गाड़ी चोरी के होने की जानकारी मिली है।जिसके बाद गाड़ी की कीमत 15 लाख तय कर भंसार कार्यालय को सुपुर्द किया गया है।

### मादक पदार्थ के विरूद्ध भागलपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 166.101 किलो गाँजा बरामद




**भागलपुर,** । जिले के मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने 166.101 किलो गाँजा एवं 01 बाइक बरामद किया है। उक्त आशय की जानकारी रविवार को सिटी एसपी शुभांक मिश्रा ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार विशेष समकालीन अभियान के तहत अवैध शराब, आर्म्स, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी के लिए सघन गश्ती एवं चोरी और छिनतई के हॉट स्पॉट पर छापेमारी की जा रही है। इस क्रम में छापेमारी दल द्वारा बीते रात्रि मधुसुदनपुर थाना अंतर्गत ग्राम बेलखोरिया के समीप बगीचे से गुप्त सूचना के आधार पर 166.101 कि०ग्रा० गाँजा एवं 01 बाइक बरामद किया गया। इस संबंध में मधुसुदनपुर थाना में सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर-02 के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल सफदर अली थानाध्यक्ष, मधुसुदनपुर थाना, पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, रत्नेश कु० सिंह, सिपाही संध्या, गृहरक्षक नवलकिशोर पासवान एवं सुधीर प्रसाद मंडल शामिल रहे।

### दहेज के लिए हत्या के फरार आरोपितों के घर पुलिस ने की कुर्की जब्ती



**अररिया** । फारबिसगंज थाना पुलिस ने रविवार को हरिपुर गांव में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या के मामले में फरार आरोपितों के घर कुर्की जब्ती की।फारबिसगंज थाना पुलिस ने यह कार्रवाई थाना में दर्ज प्राथमिकी अभियुक्त मोहम्मद जमशेद पिता मोहम्मद शमीम,मोहम्मद शमी पिता स्वर्गीय मनीचर,मोहम्मद परवेज पिता मोहम्मद शमीम,जमरून पति शमीम,साजन खातून पति मोहम्मद इरशाद,मोहम्मद इरशाद पिता मोहम्मद सिराजुल,मोहम्मद अख्तर पिता मोहम्मद जहीर के घर में न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की। कुर्की कार्रवाई के दौरान फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह,एसआई कुमारी बबिता, एसआई राजा बाबू, एसआई अमरेंद्र सिंह, एसआई शैलेन्द्र कुमार, एसआई अरविन्द कुमार, एसआई अवधेश कुमार सिंह, एसआई उपेंद्र शर्मा, एसआई अखिलेश प्रसाद,एसआई अमित कुमार, एसआई आकाश कुमार तथा बथनाहा थानाध्यक्ष नवीन कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल एवं चौकीदार मौके पर मौजूद थे।कार्रवाई के दौरान पुलिस बल की तैनाती के बीच घरों के समानों और दरवाजा खिड़की सभी समानों की कुर्की की गई।

## केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम में युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, पीएम मोदी ने दी बधाई

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में आयोजित रोज़गार मेला कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह आयोजन देशभर में हो रहे 15वें रोज़गार मेला का हिस्सा था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 47 स्थानों पर नियुक्त हुए 51,000 से अधिक युवाओं को संबोधित किया। इससे पूर्व गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सहित उपस्थितजन ने दो मिनट का मौन रख कर पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि दी। राव इंद्रजीत सिंह ने युवाओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आज की यह नियुक्तियाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की रोजगार सृजन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि सरकार निरंतर प्रयासरत है कि देश के युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएँ, बल्कि उन्हें देश की विकास यात्रा का एक सशक्त सहभागी भी बनाया जाए। राव इंद्रजीत सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि रोजगार मेला केवल नौकरियाँ उपलब्ध कराने का माध्यम नहीं है।

## तावडू में पहलगाम हमले को लेकर जलूस निकाल कर फूंका पुतला, लोगों में रोष

**तावडू।** शहर की पुरानी अनाज मंडी में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर रोष प्रकट कर जलूस व पाकिस्तान मुर्दाबाद के साथ पाकिस्तान का पुतला फूंका गया। पाकिस्तान की कायराना हरकत को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त था। नगरपालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र भारद्वाज एवं बजरंग दल के हिमांशु हिन्दू सहित क्षेत्र के लोगों ने जुलूस में भाग लिया। यह जुलूस पुरानी अनाज मंडी में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में आरंभ हुआ और बावला चौक, लखपत चौक, जय भारत रामलीला मैदान, विजय चौक, पटौदी चौक पहुंचा जहां जमकर नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका गया। जहां लोगों ने हमले में मारे गए लोगों की आत्मा शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा।

## तावडू का सर छोटू राम पार्क अपनी हालत पर बहा रहा आंसू, नहीं कोई सुध लेने वाला, लोगों में रोष

**तावडू।** शहर के सर छोटू राम पार्क में प्रशासन की अनदेखी के चलते पार्क की हालत खराब पडी हुई है। पार्क में गंदगी व देखरेख के अभाव में पार्क विरान दिखाई देता है। जिससे प्रातः: व सायं काल घूमने व व्यायाम करने आने वाले लोगों में रोष पनप रहा है। शहरवासी आशा रानी, प्रोमिला, निशा, राकेश, उदयभान, करण, शशि बाला, पिंकी, सतबीर, मनीषा, बीरमती, भागीरथ, विनोद कुमार, आदि ने बताया कि सर छोटू राम पार्क में वह प्रात~ व सायं काल वह घूमने आते थे। लेकिन काफी दिनों से इस पार्क की कोई देख रेख नहीं कर रहा है। जिससे पार्क में पेड़ व घास सूख गई है व गंदगी होने लगी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन मात्र शब्दों से ही साफ-सफाई कर देता है, लेकिन हकीकत में पार्क की सुध लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर इस ओर प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया तो यह पार्क मात्र पार्क का नाम बनकर ही रह जाएगा और इसमें कोई भी व्यक्ति दिखाई नहीं देंगे। जिससे शहरवासियों में रोष पनप रहा है।

## धूमधाम से मनाई सैन जयंती

**नांगल चौधरी।** नांगल चौधरी में सैन सभा एवं बार्बर सेवा संगठन ने मिलकर संत श्री शिरोमणि सेन जी महाराज की 725 वीं जयंती तृतीय जयंती धूमधाम से मनाई मनाई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राव दान सिंह पूर्व संसदीय सचिव थे उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंद्रप्रकाश एडवोकेट, पंचायत समिति के उपचेयरमैन राजेश रावत, महेश सोढा, तथा अखिल भारतीय हरसोरा सेन समाज के प्रधान संजय सेन, सेन सभा नांगल चौधरी के प्रधान वेद प्रकाश, सेक्रेटरी शंभू दयाल, बार्बर सेवा संगठन के प्रधान ईश्वर सेन, सचिव सोनू सेन, अजीत सेन, महादेव प्रसाद समाजसेवी, श्री राम, ओमप्रकाश, बिहारी लाल, उमेद निराला, शिवचरण, ब्रह्मानंद, नंदराम, महेश लंबरदार, गुलजारी लाल नंबरदार, नथूराम समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## बाछौद योगशाला में जिला स्तरीय 6 दिवसीय योग शिविर आयोजित

**मंडी अटेली।** हरियाणा योग आयोग व हरियाणा आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज गांव बाछौद की योगशाला में एक छह दिवसीय योग शिविर का आयोजन डॉक्टर सतीश कुमार जिला कोऑर्डिनेटर के मार्ग दर्शन में किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष में 75 दिन पूर्व विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल से 1 में तक दिव्यांगों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं व बच्चों के लिए 6 दिवसीय योग शिविर का आयोजन गांव बाछेद की योग शाला में जिला की चार योग शालाओं में से किया जा रहा हैं।

# शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने किया बंधवाड़ी प्लांट का दौरा

**निगम अधिकारियों तथा कचरा प्रबंधन कार्य करने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधियों साथ की बैठक**

एजेसी

**गुरुग्राम।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने बंधवाड़ी स्थित कचरा प्रबंधन प्लांट का दौरा किया और प्लांट में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने नगर निगम अधिकारियों और कचरा प्रबंधन का कार्य कर रही एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की। बैठक के दौरान मंत्री ने कचरा निष्पादन कार्य में और अधिक तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर गुरुग्राम की मेयर राजरानी मल्होत्रा, नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार गर्ग, अतिरिक्त निगमायुक्त महावीर प्रसाद, एडिशनल म्युनिसिपल



कमिश्नर वाईएस गुप्ता, संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार, कार्यकारी अभियंता निजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं एजेंसियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। निकाय मंत्री ने अधिकारियों से प्लांट की कार्यप्रणाली, मशीनों की स्थिति और कचरे के प्रोसेसिंग की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बंधवाड़ी प्लांट क्षेत्र के कचरा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसके कार्यों में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को समन्वय बनाकर कार्य करने और आने वाली चुनौतियों का समाधान प्राथमिकता से करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जैसी महानगर की स्वच्छता छवि बनाए रखने के लिए कचरा प्रबंधन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और कचरा प्रसंस्करण तकनीक में अत्याधुनिक तरीकों का इस्तेमाल किया जाए।

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने सच बोला है कि पाकिस्तान आतंकवाद की फैक्ट्री चला रहा है - अनिल विज

**● हमारा जहां तक बस चलेगा इनको (आतंकवादियों) उधेड़ा जाएगा - अनिल विज**

एजेसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने सच बोला है कि पाकिस्तान आतंकवाद की फैक्ट्री चला रहा है और जगह जगह अड्डे बना रखे हैं। श्री विज ने कहा कि जहां तक बस चलेगा इनको उधेड़ा जाएगा और अब पाकिस्तान का आतंकवाद वाला स्कूल चल नही पाएगा। श्री विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब दे रहे थे। गौरतलब है कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने बेशर्मी से यह स्वीकार किया कि उनका देश 'पिछले तीन दशकों' से आतंकवादियों को समर्थन और प्रशिक्षण दे रहा है, लेकिन उन्होंने इसका दोष अमेरिका और पश्चिमी देशों पर मढ़ा है। बिलावल भुट्टो ने सिंधु जल संधि पर कहा है कि सिंधु नदी हमारी रहेगी या तो इस सिंधु में उनके खून का पानी बहेगा, के बारे में पूछे गए सवाल पर जवाब देते हुए श्री



अनिल विज ने कहा कि 'सिंधु नदी हमारी है क्योंकि पानी हिमालय से आ रहा है। जब तक भाईचारा था तब तक पानी दे रहे थे, अब ये जितना रोते रहे, इन्हें पानी नही मिलेगा'। श्री विज याद दिलाते हुए कहा कि इनका (पाकिस्तान) आटा पहले बंद था और पानी अब बंद हो गया।

शहबाज शरीफ के पानी रोकने पर धमकी आई है कि यह युद्ध जैसी स्थिति है, के बारे में पूछे गए सवाल पर विज ने कहा पानी नही देंगे जितना मर्जी ये रोते रहे। नीतिश राणे ने कहा उन्होंने हमें मारने से पहले हमारा धर्म पूछा। इसलिए हिंदुओं को भी अपना धर्म पूछना चाहिए। अगर वे कहते हैं कि वे हिंदू हैं, तो उन्हें हनुमान चालीसा का पाठ करने को कहें। अगर वे हनुमान चालीसा का पाठ करना नहीं जानते हैं, तो उनसे कुछ भी न खरीदें, के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह पर्यटकों पर हमला नही, हिन्दू धर्म पर हमला है। उन्होंने धर्म पता करने के लिए कपड़े तक उतरवाए। इससे लोगों में रोष है और अंदर ज्वाला धधक रही है तथा इस ज्वाला में पाकिस्तान तहस नहस हो जाएगा।

## नगर निगम व जीएमडीए अधिकारियों के साथ बैठक कर केबिनेट मंत्री ने जलभराव की समस्या के निवारण पर की चर्चा

एजेसी

**गुरुग्राम।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुरुग्राम जिला में मॉनसून के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम गुरुग्राम तथा गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे उपायों के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अब तक की प्रगति का आकलन करने, चुनौतियों का समाधान करने के लिए अन्य उपायों पर भी चर्चा की गई। कैबिनेट मंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुग्राम को जलभराव से मुक्त करना केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि निगम व प्राधिकरण ने जलभराव के जो भी क्रिटिकल पॉइंट्स चिन्हित किए हैं। उन प्रत्येक पॉइंट्स पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जा सके। उन्होंने पानी की निकासी के लिए उसके लिए दोनों विभाग मिलकर काम करें। राव ने संबंधित अधिकारियों को ड्रेनेज सिस्टम की तर्ज पर छोटे सीवरेज नेटवर्क की



आवश्यक उपायों को प्राथमिकता देने और समस्या की जड़ तक पहुंचने के लिए स्थायी समाधान निकालने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निगम व प्राधिकरण के अधिकारी जलभराव को लेकर किए जा रहे उपायों व उसकी प्रगति रिपार्ट निरन्तर उनके कार्यालय तक भिजवाना सुनिश्चित करें। जिन स्थानों पर ड्रेन इनलेट मिसमैच है। सफाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पर्यावरण मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में अधिकारियों से कहा कि ऐसा संज्ञान में आया है कि शहर में विभिन्न सेक्टरों व रिहायशी क्षेत्रों में पीने के पानी को पार्क सिंचाई के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में अधिकारी दोषी व्यक्तियों पर नियमानुसार कार्रवाई कर अन्य लोगों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करें।

## भारत को विश्व धरोहर, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही हैं केंद्र व प्रदेश सरकार- महिपाल ढांडा

**● शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर राष्ट्रीय विधिविश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का किया अनावरण**

एजेसी

**सोनीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा ने आज राजीव गांधी एजुकेशन सिटी राई, सोनीपत स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके पश्चात उन्होंने विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि भारत को विश्व धरोहर, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ केंद्र सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी के नेतृत्व में निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस संकल्प में सहभागी बनें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि न्याय प्रक्रिया में नवाचार खोजने का प्रयास करें, जिससे राष्ट्र के विकास को गति मिल सके। मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा की, जिससे आज दुनिया की प्रमुख कंपनियां भारत में निवेश करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा करने के लिए कार्य कर रही है ताकि बच्चे आत्मनिर्भर बन सकें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वविद्यालय



कि विश्व में जहां कई देश अस्थिरता से जूझ रहे हैं, वहीं भारत अपनी कूटनीतिक नीतियों के चलते विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने नीतियों में बदलाव कर विदेशी निवेशकों को सुरक्षा प्रदान देश का पहला राज्य है जिसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू किया। इसके तहत पाठ्यक्रमों में व्यापक बदलाव कर बच्चों को अपनी पसंद की भाषा में पढ़ाई करने की स्वतंत्रता दी गई है। साथ ही सरकार स्कूली शिक्षा में उद्यमिता विषय को शामिल के छात्रों में राष्ट्र निर्माण की दिशा में सकारात्मक ऊर्जा और समर्पण दिखता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे पंचायती न्याय प्रणाली की निष्पक्षता से सीख लें और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर कानूनी जागरूकता अभियान चलाएं।

## पंचायती राज व्यवस्था को सक्षम व जन उत्तरदायी बनाने के लिए निरंतर किए जा रहे हैं सुधार- कृष्ण लाल पंवार

एजेसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पंचायती राज व्यवस्था को और ज्यादा सक्षम, पारदर्शी और जन उत्तरदायी बनाने के लिए निरंतर सुधार किए जा रहे है। इसी कड़ी में 5000 से अधिक पीपीपी जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों को 11 से 51 लाख रुपये व 5000 से कम परिवार पहचान पत्र जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों को 05 से 31 लाख रुपये तक



राज्य स्तर, जिला स्तर और ब्लॉक स्तर पर पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने गत दिनों पंचकूला में आयोजित राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर की थी। विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना के तहत उन ग्राम पंचायतों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, जल संरक्षण, महिला नेतृत्व, कृषि उत्पादकता, डिजिटल संपर्क और टिकाऊ बुनियादी ढांचे जैसे सामाजिक - आर्थिक मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी। इस योजना का उद्देश्य है कि पंचायतें न केवल योजनाओं को क्रियान्वित करें, बल्कि जनभागीदारी के साथ टिकाऊ समाधानों की मिसाल भी बनें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पढ़ी -लिखी पंचायतों में इस बार युवाओं को भागीदारी बढ़ी है और बड़ी संख्या में पंच-सरपंच ब्लॉक समिति व जिला परिषद् के सदस्य व चेयरमैन चुनकर आए हैं। ये युवा जनप्रतिनिधि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को मूर्त रूप देने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# नांगल दर्गू विद्यालय में नशा मुक्ति, सडक़ सुरक्षा व बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**● बाल विवाह अंत एक जटिल मुद्दा है, भारत में बाल विवाह एक कानूनी अपराध : कैलाश यादव**

एजेसी

**नारनौल।** उपायुक्त डा. विवेक भारती के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान के मार्गदर्शन में आज पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गू में सडक़ सुरक्षा सुरक्षित वाहन पालिसी, नशा मुक्ति अभियान व बाल विवाह निषेध के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्या कैलाश यादव ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर त्रिभुवन वर्मा ब्रिगेड ऑफिसर व अशोक कुमार ब्रिगेड ऑफिसर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए आग्रह किया कि हम सभी को सडक़ पर सुरक्षित रहने के लिए सडक़ सुरक्षा नियमों की दृढ़ता से पालना करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटना में हर 3 मिनट में लगभग एक मौत होती है और सडक़ हादसों में 80 प्रतिशत से अधिक मौतें सिर की चोट से होती



हैं। शराब पीकर वाहन चलाना बड़ा खतरा है। हमें यह भी समझना और समझाना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति वाहन चलाते समय लीड और मोबाइल का प्रयोग ना करें इनका प्रयोग भी सडक़ दुर्घटनाओं का आमंत्रण है। इस मौके पर प्रवक्ता योगेंद्र कुमार ने कहा कि सडक़ सुरक्षा नियम और कानून कहते हैं कि गाड़ी चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सडक़ पार करते समय जेबरा क्रासिंग का उपयोग करें, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करें, सीट बेल्ट और हेलमेट पहनना अनिवार्य है। प्राचार्या कैलाश यादव ने बाल विवाह के बारे में कहा कि बाल विवाह अंत एक जटिल मुद्दा है, लेकिन कुछ उपाय हैं जो किए जा सकते हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 और बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 जैसे कानून बाल विवाह को रोकने के लिए बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, जागरूकता कार्यक्रम और शिक्षा पहल भी बाल विवाह को रोकने में मदद कर रही हैं। समाज में बाल विवाह को खत्म करने के लिए भारत सरकार ने बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 को लागू किया, जो बाल विवाह निरोधक अधिनियम, 1929 के पिछले कानून को निरस्त करता है। बाल विवाह का सीधा असर न केवल लड़कियों पर, बल्कि उनके परिवार और समुदाय पर भी होता हैं। जिस लडक़ी की शादी कम उम्र में हो जाती है उसके स्कूल से निकल जाने की संभावना बढ़ जाती है तथा उसके कमाने और समुदाय में योगदान देने की क्षमता कम हो जाती है। उसे घरेलू हिंसा का शिकार होने का खतरा बढ़ जाता है। भारत में बाल विवाह एक कानूनी अपराध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति की शादी 18 साल से कम उम्र में होती है तो यह बाल विवाह माना जाता है और यह दंडनीय अपराध है। नशे के दुष्प्रभावों के बारे में संबोधित करते हुए मुख्य अध्यापक राजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि आज नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई बनता जा रहा है। जिसमें इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। हम सभी को नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए।

## सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ की जाएगी कड़ी कार्रवाई : उपायुक्त

एजेसी

**नूंह।** उपायुक्त ने प्रदेश में शांति, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने की रा'य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद जिला में कानून व्यवस्था कायम रखना जिला प्रशासन की सर्वो'च प्राथमिकता है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा और पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने गत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर किए गए हमले के मद्देनजर जिला सचिवालय स्थित सभागार में जिला नूंह की जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक लेते हुए जिला में अमन-चैन, शांति, सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा कायम करने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि आपसी समझ को बढ़ाने और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने में जिला स्तर और उपमंडल स्तर पर गठित शांति समितियों की अहम भूमिका होती है। ये समितियां विभिन्न समुदायों और संस्थाओं के बीच संवाद को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और संवेदनशील समय में तनाव को कम करने के लिए एक सेतु का काम करती हैं।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा अंजाम दी गई इस घटना से देशभर में रोष एवं आक्रोश का माहौल है। ऐसे में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन इस घटनाक्रम को लेकर पूरी तरह सजग एवं सतर्क है और लगातार अलर्ट मोड में रहते हुए हर परिस्थिति की मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला में किसी भी व्यक्ति को सामाजिक सौहार्द, शांति एवं कानून व्यवस्था को भंग नहीं करने दिया जाएगा। जिला में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आमजन से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी प्रकार की भी कोई गलत अफवाह न फैलाए। अगर कोई भी सोशल मीडिया पर अफवाह



फैलाएगा या फिर किसी किसी के धर्म या जाति पर कोई गलत टिप्पणी करेगा तो उस पर पुलिस सख्त एक्शन लेगी।

उन्होंने सभी संप्रदाय के लोगों से अपील की कि समाज में आपसी भाईचारा बनाकर रखें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर कोई भी ऐसी पोस्ट ना डालें जिससे किसी व्यक्ति की साम्प्रदायिक व धार्मिक भावना को ठेस पहुंचती हो या धार्मिक सौहार्द को खतरा पैदा हो और शांतिभंग हो।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव को दिया जाए जन आंदोलन का रूप : बोध राज सीकरी

एजेंसी

**गुरुग्राम।** सैक्टर 44 क्षेत्र में नगर निकाय के पूरे हाउस की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर चर्चा की गई। विभाग के प्रमुख बोध राज सीकरी ने विषय की गंभीरता व प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। बैठक में पहलगाम में निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की निंदा कर उन्हें 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मेयर राजरानी मल्होत्रा सहित सभी पार्षद भी मौजूद रहे। बोध राज सीकरी ने कहा कि एक राष्ट्र - एक चुनाव मात्र एक मुहिम नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन बनना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह विचार संविधान की आत्मा के अनुरूप है और देश की आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 4 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, 9 हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों, तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. करुणानिधि, वरिष्ठ नेता शरद पवार आदि का समर्थन इस विचार के पक्ष में होने का उल्लेख किया। सीकरी ने कहा कि एक राष्ट्र - एक चुनाव लागू होने पर देश की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि संभव है। देश को विकसित भारत बनाने का सपना हमारे प्रधानमंत्री का भी है और इस दिशा में यह कदम निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि इसे जनक्रांति का रूप दें और हर स्तर पर इस आंदोलन को मजबूती प्रदान करें। बैठक में विभाग संयोजक अमर झा ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि जब एक राष्ट्र, एक संविधान, एक तिरंगा और एक राष्ट्रगान हो सकता है।

## पाम ऑयल महंगा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल 366 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।इस दौरान घरेलू बाजार में पाम ऑयल में 366 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछ्ले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछ्ले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछ्ले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

## ब्रिटेन सरकार से हाइनेट प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी, एस्सार की एचपीपी1 होगी एंकर

**नई दिल्ली।** ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़ी प्रगति के तहत ब्रिटेन सरकार ने हाइनेट इंडस्ट्रियल क्लस्टर (लिवरपूल बे सीसीएस) की कोर कार्बन ट्रांसपोर्ट और भंडारण परियोजना को वित्तीय स्वीकृति दे दी है। कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि इस परियोजना के निर्माण चरण की शुरुआत अब एनी (ईएनआई) द्वारा की जाएगी, जिससे उत्तर पश्चिम इंग्लैंड और उत्तरी वेल्स में नौकरियों, उद्योगों और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए एक नया अध्याय शुरू होगा।इस महत्त्वाकांक्षी पहल में एस्सार एनर्जी ट्रांजिशन (ईईटी) की हाइड्रोजन उत्पादन परियोजना एचपीपी1 एंकर परियोजना के रूप में प्रमुख भूमिका निभाएगी। यह संयंत्र ब्रिटेन का पहला बड़े पैमाने पर कम-कार्बन हाइड्रोजन उत्पादन केंद्र होगा, जिसकी 350 मेगावाट की क्षमता से हर साल लगभग छह लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड का कैप्चर किया जाएगा, जो सड़क से 1.25 लाख कारों को हटाने के बराबर है। एस्सार का स्टैनलो मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स, जो हाइनेट के केंद्र में स्थित है, भविष्य में विश्व स्तरीय ऊर्जा ट्रांजिशन हब बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। ईईटी की योजना के तहत स्टैनलो में लगभग 20 लाख टन कार्बन उत्सर्जन की कटौती की जाएगी, साथ ही एचपीपी2 और सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल्स (एसएएफ) जैसे भविष्य के नवाचार भी यहां विकसित किए जाएंगे।ईईटी के मैनेजिंग पार्टनर टोनी फाउंटेन ने कहा, हाइनेट कार्बन डाइऑक्साइड पाइपलाइन न केवल उत्तर पश्चिम के उद्योग के लिए गेम-चेंजर है बल्कि यह स्टैनलो को यूरोप की सबसे अग्रणी डीकार्बोनाइज्ड रिफाइनरियों में से एक बनाने के हमारे लक्ष्य को भी मजबूत करता है।

## वाणिज्य सचिव का हेग दौरा, भारत और नीदरलैंड ने व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीके पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। यह चर्चा वाणिज्य सचिव सुनील बड़थ्वाल की हेग यात्रा के दौरान हुई। उनका यह दौरा इसलिए खास है, क्योंकि वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बावजूद नीदरलैंड को भारत के निर्यात में वृद्धि देखी जा रही है। वाणिज्य मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि वाणिज्य सचिव सुनील बड़थ्वाल और भारत के राजदूत ने हेग में विदेश आर्थिक संबंधों के निदेशक मिशियल स्वीयर्स से मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। इस बैठक में संयुक्त व्यापार और निवेश समिति (जेटीआईसी) के जरिए रणनीतिक आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का नीदरलैंड के साथ निर्यात 1.75 फीसदी बढ़कर 22.76 अरब डॉल हो गया। 2023-24 में यह 22.36 अरब डॉलर था। इस दौरान आयात पांच अरब डॉलर से अधिक रहा।

## अब पाकिस्तान पर होगी आफत की बारिश, व्यापार बंद करने के फैसले से और बिगड़ेंगे हालात

**नई दिल्ली।** पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों के ऊपर हुए आतंकी हमले के कारण भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत बढ़ गया है। इस तनाव को देखते हुए भारत के व्यापारियों ने पाकिस्तान के साथ कोई व्यापार न करने का कड़ा निर्णय लिया है। इससे पाकिस्तान को कई बेहद आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई नहीं हो सकेगी। इससे पाकिस्तान में दवाइयां, रसायनों, फल-सब्जियों समेत कई आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता प्रभावित होगी। इस निर्णय के कारण भारत पर भी असर पड़ेगा, क्योंकि नमक और आभूषण से लेकर निर्माण क्षेत्र और जूट की अनेक वस्तुएं पाकिस्तान से आयात की जाती हैं, लेकिन इसके बाद भी व्यापारियों ने एक तरफा निर्णय लेते हुए पाकिस्तान से व्यापार बंद करने का निर्णय ले लिया है। इसके पहले वर्ष 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापारिक संबंधी में तल्खी आ गई थी। जिसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापार में भारी गिरावट आई थी। अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक के समय में भारत ने पाकिस्तान को लगभग 50 करोड़ डॉलर मूल्य के उत्पादों का निर्यात किया था, जिनमें मुख्य रूप से दवाइयाँ, रसायन, चीनी और ऑटो पार्ट्स शामिल थे। इसी समयावधि में पाकिस्तान से भारत का आयात मात्र 0.42 मिलियन डॉलर रहा और अब इस व्यापार को भी समाप्त करने का निर्णय व्यापारियों ने लिया गया है।

# भारत में 625 उड़ान मार्ग शुरू, इससे 1.49 करोड़ यात्रियों को हुआ फायदा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** देश में 'उड़ान योजना' के तहत 625 हवाई मार्गों पर सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। इन मार्गों से देशभर के 90 हवाई अड्डे आपस में जुड़ गए हैं। इस योजना का 1.49 करोड़ से ज्यादा यात्रियों ने लाभ उठाया है। इस योजना की शुरुआत 21 अक्टूबर 2016 को हुई थी, जिसकी पहली उड़ान 27 अप्रैल, 2017 को शिमला से दिल्ली के बीच भरी गई थी। इसका उद्देश्य देश के छोटे शहरों को भी हवाई यात्रा से जोड़ना और लोगों को सस्ती हवाई सेवाएं उपलब्ध कराना था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि देश में हवाई अड्डों की संख्या 2014 में 74 थी, जो 2024 तक बढ़कर 159 हो गई है। पिछले 10 साल में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है। 'उड़ान' योजना के तहत सरकार ने अब तक 4,023.37 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता (वीजीएफ) दी है, ताकि कंपनियां दूरदराज के इलाकों में भी उड़ानें चला सकें। इससे छोटे शहरों में पर्यटन, स्वास्थ्य सेवाओं और व्यापार को बढ़ावा मिला है और स्थानीय स्तर पर रोजगार भी बढ़ा है। उड़ान ने क्षेत्रीय पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और व्यापार को मजबूत किया जिससे टियर-2 और टियर-3 शहरों में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला। लंबे समय से आकांक्षाओं के प्रतीक के रूप में देखा जाने वाला आकाश कभी भारत में कई लोगों के लिए एक अप्राप्य सपना था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि 'उड़ान' सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि एक बड़ा बदलाव है। इस योजना ने छोटे शहरों और दूरदराज के इलाकों को भी देश के हवाई नेटवर्क से जोड़ दिया है। इसने आम आदमी के लिए हवाई यात्रा को सस्ता और आसान बना दिया है।




उड़ान योजना की परिकल्पना राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति (एनसीएपी) 2016 के तहत की गई थी, जिसका लक्ष्य 10 साल का है ताकि टियर-2 और टियर-3 शहरों को बाजार संचालित लेकिन वित्तीय रूप से समर्थित मॉडल के माध्यम से जोड़ा जा सके। इस योजना ने एयरलाइनों को रियायतों और व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) के माध्यम से क्षेत्रीय मार्गों पर परिचालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जिससे किफायती किराया और बेहतर पहुंच सुनिश्चित हुई।

## केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**एजेंसी**
**मुंबई।** मुंबई केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक निगम (आईपीओ) के जरिए पूंजी बाजार में कदम रखने की तैयारी शुरू कर दी है। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने अपनी प्रस्तावित आईपीओ के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया। कंपनी के प्रमोटर के रूप में केनरा बैंक और ओरिक्स कॉरपोरेशन यूरोप एन.वी. शामिल हैं। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये अंकित मूल्य के कुल 49,854,357 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है। इसमें केनरा बैंक द्वारा 25,924,266 इक्विटी शेयर और ओरिक्स कॉरपोरेशन यूरोप एन.वी. द्वारा 23,930,091 इक्विटी शेयरों की पेशकश की जाएगी। कंपनी ने अपने इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव भी रखा है। इस सार्वजनिक निर्गम के बुक रनिंग लीड मैनेजर के रूप में एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड को नियुक्त किया गया है।

## सरकार ने एयरलाइनों को यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एयरलाइनों को हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के बीच यात्री हैंडलिंग उपायों को लागू करने का निर्देश दिया है, ताकि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और नियामक अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। ये निर्देश तत्काल प्रभावी हो गए हैं, जो अगली सूचना तक लागू रहेगा। नागरिक विमानन महानिदेशक (डीजीसीए) ने यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और विनियामक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी एयरलाइन ऑपरेटरों को तत्काल प्रभाव से उन्नत यात्री हैंडलिंग उपायों को लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने पाकिस्तान द्वारा हवाई क्षेत्र बंद करने के बाद एयरलाइनों को यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने का यह निर्देश दिया है। डीजीसीए की ओर से जारी दिशा-निर्देश में कहा गया है कि हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र बंद होने और ओवरफ्लाइट प्रतिबंधों के मद्देनजर कई उड़ान मार्गों में काफी बदलाव किया गया है, जिससे उड़ान की अवधि बढ़ गई है और तकनीकी रुकावटों की संभावना है। ऐसे में इन उपायों को ध्?यान में रखना जरूरी है।

**डीजीसीए के जारी मुख्य उपायों में शामिल हैं-**

पारदर्शी संचार~ यात्रियों को मार्ग परिवर्तन, विस्तारित यात्रा समय और उनकी यात्रा के दौरान किसी भी तकनीकी रुकावट के बारे में सक्रिय रूप से सूचित किया जाना चाहिए। यह संचार चेक-इन, बोर्डिंग और डिजिटल अलर्ट के माध्यम से होना चाहिए। उड़ान के दौरान बेहतर सेवाएं~ एयरलाइनों को वास्तविक ब्लॉक समय के आधार पर खानपान को संशोधित करना आवश्यक है, ताकि किसी भी तकनीकी स्टॉपओवर सहित उड़ान के दौरान पर्याप्त भोजन, हाइड्रेशन और विशेष भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

चिकित्सा तत्परताः वाहकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विमान में चिकित्सा आपूर्ति पर्याप्त है और संभावित तकनीकी रुकावट वाले हवाई अड्डों पर आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता की पुष्टि करनी चाहिए।

ग्राहक सहायता तैयारीः कॉल सेंटर और ग्राहक सेवा टीमों को देरी, छूटे हुए कनेक्शन को संभालने और लागू विनियमों के अनुसार सहायता या मुआवज़ा प्रदान करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

परिचालन समन्वयः उड़ान संचालन, ग्राहक सेवा, ग्राउंड हैंडलिंग, इनफ्लाइट सेवाओं और चिकित्सा भागीदारों के बीच निर्बाध समन्वय आवश्यक है।

सभी एयरलाइनों को इस निर्देश को अनिवार्य मानने के लिए कहा गया है। अनुपालन न करने पर लागू नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं के तहत विनियामक कार्रवाई की जा सकती है। यह निर्देश तत्काल प्रभावी है तथा अगली सूचना तक लागू रहेगा।

## मार्च में 1.45 करोड़ लोगों ने भरी उड़ान, हवाई यात्रियों की संख्या 8.79 फीसदी बढ़ी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** देश में मार्च महीने में करीब 1 करोड़ 45 लाख यात्रियों ने उड़ान भरी। हवाई यात्रियों की संख्या में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 8.79 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। पिछ्ले साल (मार्च 2024) में कुल 133.68 लाख यात्रियों ने उड़ान भरी थी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी। डीजीसीए ने अपनी मासिक घरेलू यात्री यातायात रिपोर्ट में कहा कि मार्च 2025 के दौरान घरेलू एयरलाइनों द्वारा ले जाए गए यात्रियों की संख्या 145.42 लाख थी, जबकि पिछ्ले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह संख्या 133.68 लाख थी। इस तरह यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 8.79 फीसदी अधिक है। डीजीसीए के मुताबिक बीते महीने में इंडिगो ने कुल 93.1 लाख यात्रियों को परिवहन सुविधा प्रदान की, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 64 फीसदी रही। एयर इंडिया समूह ने (पूर्ण सेवा प्रदाता एयर इंडिया और कम लागत वाली कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस) के जरिए 38.8



लाख यात्रियों को परिवहन सुविधा प्रदान की। उसकी बाजार हिस्सेदारी 26.7 फीसदी रही। इसी तरह दो अन्य प्रमुख एयरलाइन कंपनियों अकासा एयर और स्पाइसजेट एयरलाइन ने मार्च 2025 में क्रमशः 7.2 लाख और 4.8 लाख यात्रियों को उड़ान सेवाएं प्रदान कीं। उनकी बाजार हिस्सेदारी क्रमशः 5 फीसदी और 3.3 फीसदी रही। मार्च 2025 में इंडिगो के विमान सबसे अधिक 88.1 फीसदी समय पर रहे। उसके बाद अकासा एयर का ओटीपी (ऑन टाइम परफॉर्मेंस) 86.9 फीसदी रहा। इसके अलावा एयर इंडिया समूह और स्पाइसजेट का स्कोर क्रमश~ 82 फीसदी और 72.1 फीसदी प्रदर्शन किया।

# अनंत अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक नियुक्त, एक मई को संभालेंगे कार्यभार

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति एक मई, 2025 से पांच साल की अवधि के लिए होगी। यह कंपनी के सदस्यों की मंजूरी के अधीन है।आरआईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने 25 अप्रैल को अपनी बैठक में मानव संसाधन, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश पर विचार किया। कंपनी के निदेशक मंडल ने उन्हें कंपनी का कार्यकारी निदेशक नामित किया है। उनका कार्यकाल एक मई, 2025 से पांच साल के कार्यकाल के लिए होगा। अनंत अंबानी को 01 मई, 2025 से शुरू होने वाले पांच साल के कार्यकाल के



लिए आरआईएल के गैर-कार्यकारी निदेशक अनंत एम. अंबानी को पूर्णकालिक निदेशक के तौर पर नियुक्त किया है। अभी गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत अनंत अंबानी अब आरआईएल की नेतृत्व टीम के हिस्से के रूप में कार्यकारी जिम्मेदारियां संभालेंगे। रिलायंस इंडर्स्ट्रीज के मुताकिबक अनंत की नियुक्ति एक मई, 2025 से पांच साल की अवधि के लिए होगी, जो कंपनी के सदस्यों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी ने बताया कि ब्राउन यूनिवर्सिटी से स्नातक अनंत अंबानी भाई-बहनों में रिलायंस में कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त होने वाले पहले व्यक्ति हैं। अनंत को अगस्त, 2022 में कंपनी के ऊर्जा खंड का प्रमुख नियुक्त किया गया था। वह मार्च, 2020 से जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के निदेशक मंडल (बोर्ड), मई 2022 से रिलायंस रिटेल वेंचर्स लि. के बोर्ड में और जून 2021 से रिलायंस न्यू एनर्जी लि. के साथ-साथ रिलायंस न्यू सोलर एनर्जी लि. के निदेशक मंडल में भी हैं। वह सितंबर से रिलायंस की परमार्थ इकाई रिलायंस फाउंडेशन के बोर्ड में भी हैं।रिलायंस प्रमुख मुकेश अंबानी ने अगस्त 2023 में अपने तीन बच्चों जुड़वां ईशा और आकाश और अनंत को रिलायंस समूह के निदेशक मंडल में गैर-कार्यकारी निदेशकों के रूप में शामिल किया था। मुकेश अंबानी के सबसे बड़े बेटे आकाश 2014 में इकाई में शामिल होने के बाद जून, 2022 से दूरसंचार इकाई, जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन हैं। उनकी जुड़वां बहन ईशा कंपनी की खुदरा, ई-कॉमर्स और लक्जरी इकाइयों को चलाती हैं। वहीं, अनंत नए ऊर्जा व्यवसाय को देखते हैं।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.61 प्रतिशत उबलकर 63.17 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 66.91 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# ईपीएफओ ने 15वें रोजगार मेले में 976 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने रोजगार मेले के 15वें संस्करण के तहत 976 नए भर्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया भी मौजूद रहे। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि रोजगार मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए इस कार्यक्रम में ईपीएफओ सहित विभिन्न सरकारी विभागों में नए नियुक्त 51,000 से ज्?यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मंत्रालय ने कहा कि इस महत्वपूर्ण भर्ती अभियान के तहत ईपीएफओ अपने कार्यबल को मजबूत करने के लिए नए लोगों का स्वागत करता है, जिससे पूरे भारत में लाखों ग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा सेवाओं की कुशल डिलीवरी




सुनिश्चित हो सके। इस अभियान के तहत 345 लेखा अधिकारियों/प्रवर्तन अधिकारियों और 631 सामाजिक सुरक्षा सहायकों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। ये नवनियुक्त कर्मचारी सरकार के मजबूत एवं समावेशी अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए भविष्य निधि, पेंशन और बीमा लाभ प्रदान करने के ईपीएफओ के मिशन में योगदान देंगे। मंत्रालय ने कहा कि नवनियुक्त कर्मचारी ईपीएफओ के भविष्य निधि, पेंशन और बीमा लाभ प्रदान करने के मिशन में योगदान देंगे, जो सरकार के मजबूत और समावेशी अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण का समर्थन करेगा। ईपीएफओ ने नियमित भर्तियां सुनिश्चित करने के लिए मुख्यालय में भर्ती वर्टिकल की स्थापना की है और डॉ. मांडविया के निर्देशों का पालन करते हुए एक भर्ती कैलेंडर विकसित किया है। उल्लेखनीय है कि पिछ्ले एक साल के दौरान ईपीएफओ ने 159 सहायक भविष्य निधि आयुक्तों, 84 कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों, 28 स्टेनोग्राफरों, 2674 एसएसए तथा अन्य पदों पर भर्ती की है। एपीएफसी, ईओ/एओ, पीए और एएसओ की भर्ती प्रक्रिया जारी है। नवनियुक्त कर्मियों को आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

## एनआईसीडीसी को मिला उद्योग विकास पुरस्कार

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) को देश के औद्योगिक परिदृश्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए उद्योग विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान केरल के प्रमुख समाचार दैनिक 'जन्मभूमि डेली' द्वारा आयोजित उद्योग विकास कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया।इस मौके पर केंद्रीय भारी उद्योग, सार्वजनिक उद्यम और इस्पात राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार पूरे भारत में अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर दिया कि पलक्कड़ में विकसित हो रहा एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी) केरल सहित दक्षिण भारत के औद्योगिक और अवसंरचनात्मक परिदृश्य को एक नया आयाम देगा। इस अवसर पर एनआईसीडीसी द्वारा संचालित पलक्कड़ औद्योगिक स्मार्ट सिटी परियोजना की रणनीति, योजना और प्रगति पर एक तकनीकी सत्र भी आयोजित किया गया। इसके अलावा एनआईसीडीसी लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड (एनएलडीएसएल) द्वारा लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में डिजिटल नवाचारों जैसे लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक (एलडीबी) और यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) की उपलब्धियों को भी प्रस्तुत किया गया। पलक्कड़ औद्योगिक स्मार्ट सिटी, जो पुडुसेरी मध्य, पुडुसेरी पश्चिम और कन्नम्बरा गांवों में 1,710 एकड़ क्षेत्र में फैली है, केरल के औद्योगिक विकास का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बनने जा रही है। रणनीतिक दृष्टि से यह कोयंबटूर से 50 किलोमीटर, कोचीन से 120 किलोमीटर और पलक्कड़ शहर से 21 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सड़क, रेल और हवाई मार्ग से इसकी मजबूत मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी इसे दक्षिण भारत का एक प्रमुख औद्योगिक प्रवेश द्वार बनाएगी। परियोजना की प्रगति उल्लेखनीय है, जिसमें आवश्यक भूमि का 81 प्रतिशत अधिग्रहण, सभी खंडों के लिए पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त होना, परियोजना प्रबंधन और निर्माण सलाहकार का चयन और ईपीसी निविदा दस्तावेजों के अंतिमीकरण की प्रक्रिया शामिल है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि सितंबर 2022 से शुरू हुए यूलिप ने 11 मंत्रालयों की 43 प्रणालियों को जोड़ा है। इससे 1,300 से अधिक कंपनियों को सशक्त किया गया और 100 करोड़ से अधिक एपीआई लेनदेन संभव हुए।

## भारत के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में रोजगार वृद्धि में सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है। वित्तीय वर्ष 2021-22 से देश में रोजगार कामकाजी आयु वर्ग की आबादी की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है। इस वृद्धि का एक महत्वपूर्ण पहलू कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में इजाफा है। विश्व बैंक ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में यह बात कही। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, ÷2021-22 से रोजगार वृद्धि कामकाजी आयु वर्ग की आबादी से आगे निकल गई है। रोजगार दरें, विशेष रूप से महिलाओं के बीच बढ़ रही हैं।शहरी बेरोजगारी में भी कमी आई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह 6.6 प्रतिशत तक गिर गई। यह स्तर 2017-18 के बाद सबसे कम है। रिपोर्ट में शहरी बेरोजगारी में भी तेज गिरावट का उल्लेख किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में शहरी बेरोजगारी 6.6 प्रतिशत तक गिर गई। यह 2017-18 के बाद से दर्ज किया गया सबसे निचला स्तर है। 2018-19 के बाद पहली बार, रोजगार की तलाश में ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर अधिक पुरुष पलायन कर रहे हैं। साथ ही, ग्रामीण महिलाएं कृषि क्षेत्र में तेजी से नौकरी कर रही हैं, जो देश भर में रोजगार के पैटर्न में बदलाव का संकेत देता है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में लगातार सामने आ रही चुनौतियों की ओर भी इशारा किया गया है।

# इस्पात हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़, कोयला और खदानें मजबूत आधारः जी किशन रेड्डी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि इस्पात भारत की आर्थिक प्रगति की रीढ़ है। यह 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन का एक महत्वपूर्ण प्रवर्तक है। कोयला गैसीकरण को एक विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है, इसे 2030 तक 100 मीट्रिक टन करने का लक्ष्य है। रेड्डी ने मुंबई में 'स्टील इंडिया 2025' के छठे संस्करण को संबोधित करते हुए बताया कि कैसे भारत बुनियादी ढांचे के विकास में नए वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में स्थित चिनाब ब्रिज, जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है, से लेकर तमिलनाडु में ऐतिहासिक पम्बन ब्रिज तक, यह सब इस्पात क्षेत्र की बढ़ती ताकत के कारण संभव हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने उद्योग भागीदारों से कोकिंग कोयला ब्लॉकों की नीलामी में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश की बुनियादी ढांचे की यात्रा में हर मील का पत्थर इस्पात से बना है। यह एक गतिशील राष्ट्र की प्रगति और आकांक्षाओं को दर्शाता है। भारत के इस्पात क्षेत्र में हाल ही के वर्षों में प्रभावशाली वृद्धि हुई है जिससे देश विश्व स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक राष्ट्र बन गया है। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों का उल्लेख करते हुए इस्पात को भारत का उदयमान क्षेत्र बताया, जो आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से घरेलू खपत, औद्योगिक विस्तार और आत्मनिर्भरता का प्रमुख कारक है। केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यदि इस्पात भारत की अर्थव्यवस्था का आधार है तो कोयला और खनन क्षेत्र इसकी मजबूत नींव है। उन्होंने कच्चे माल की सुरक्षा विशेषकर कच्चे माल की रणनीति और कच्चे माल के मिश्रण में बदलाव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लौह अयस्क, कोकिंग कोयला, चूना पत्थर और मैंगनीज, निकल और क्रोमियम जैसे आवश्यक मिश्र धातु तत्वों की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक आर्थिक आवश्यकता और रणनीतिक अनिवार्यता दोनों है। उन्होंने कहा थ्क भारत ने हाल ही में पिछ्ले वित्त वर्ष में एक बिलियन टन कोयला उत्पादन और प्रेषण की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है, जो राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। ऊर्जा सांख्यिकी 2025 से पता चलता है कि कोयला भारत की कुल ऊर्जा जरूरतों का लगभग 60 फीसदी और इसके विद्युत उत्पादन का 70 फीसदी हिस्सा बना हुआ है। रेड्डी ने इस्पात निर्माण में महत्वपूर्ण कोकिंग कोयले के बारे में बताया कि इस्पात उत्पादन लागत में इसकी हिस्सेदारी लगभग 42 फीसदी है। उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान में अपनी कोकिंग कोयले की आवश्यकता का लगभग 85 फीसदी आयात करता है। इसके लिए सरकार ने 2021 में मिशन कोकिंग कोयला शुरू किया जिसका उद्देश्य आयात पर निर्भरता को कम करना, घरेलू उत्पादन को 140 मीट्रिक टन करना और 2030 तक इस्?पात निर्माण में घरेलू कोयले के मिश्रण को 10 फीसदी से बढ़ाकर 30 फीसदी करना है। उन्?होंने बताया कि इस मिशन का लक्ष्य 2030 तक 58 मीट्रिक टन कोयला धुलाई क्षमता का निर्माण करना और 23 मीट्रिक टन धुले हुए कोकिंग कोयले की आपूर्ति करना भी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस दिशा में एक प्रमुख पहल राष्ट्रीय कोयला गैसीकरण मिशन है जिसका लक्ष्य 2030 तक 8,500 करोड़ रुपये के निवेश से 100 मीट्रिक टन गैसीकरण का लक्?य प्राप्?त करना है। राष्ट्रीय इस्पात नीति में 2030-31 तक 300 मीट्रिक टन और 2047 तक 500 मीट्रिक टन उत्पादन क्षमता प्राप्?त करने का लक्ष्य रखा गया है। कोयला मंत्रालय और खान मंत्रालय इस दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से जुड़े हुए हैं और इसे साकार करने के लिए सक्रिय कदम उठा रहे हैं।

## पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह ने आईपीएल में पूरे किए 1,000 रन

एजेंसी

**कोलकाता।** पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने अपने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) करियर में 1,000 रन पूरे कर लिए हैं। प्रभसिमरन ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच के दौरान प्रभसिमरन ने 49 गेंदों में छह चौकों और छह छक्कों की मदद से 83 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने 169.39 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उनकी पारी दो भागों में थी। अपनी पहली 32 गेंदों में उन्होंने 106.25 के स्ट्राइक रेट से 34 रन बनाए। लेकिन इसके बाद अगली 17 गेंदों में उन्होंने 288.23 के स्ट्राइक रेट से 49 रन बनाए। इस सीजन में उन्होंने 9 पारियों में 32.44 के औसत से 292 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं और उनके रन 168.78 के स्ट्राइक रेट से आ गया है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 83 है। कुल मिलाकर 43 मैचों में उनके 24.37 के औसत और 151.88 के स्ट्राइक रेट से 1,048 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 103 रहा। 2023 सीज़न उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ रहा, जिसमें उन्होंने 14 मैचों में 25.57 की औसत और 150.42 की स्ट्राइक रेट से 358 रन बनाए, जिसमें एक शतक और अर्धशतक शामिल है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 103 रहा।

## प्रियांश, प्रभसिमरन की जोड़ी ने बनाया इतिहास, गेल-राहुल को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली।** ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच हुए मुकाबले में पंजाब की युवा ओपनिंग जोड़ी प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने नया रिकॉर्ड बना दिया। केकेआर के गेंदबाजों पर दबदबा बनाते हुए इस जोड़ी ने 71 गेंदों में 120 रनों की साझेदारी की, जो केकेआर के खिलाफ पंजाब की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी बन गई। इससे क्रिस गेल और केएल राहुल के आईपीएल 2018 में बनाए 116 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 12वें ओवर में आंद्रे रसेल ने इस साझेदारी को तोड़ा, लेकिन तब तक प्रियांश आर्य ने 35 गेंदों में 69 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर पीबीकेएस को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। आर्य और प्रभसिमरन की इस जोड़ी ने न केवल केकेआर के गेंदबाजों को परेशान किया, बल्कि आईपीएल इतिहास में किसी अनकैप्ड जोड़ी द्वारा बनाई गई सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

**आईपीएल में पंजाब किंग्स बनाम केकेआर के लिए सबसे बड़ी ओपनिंग स्टैंड**

प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह - 120, ईडन गार्डन्स, कोलकाता - आईपीएल 2025
क्रिस गेल और केएल राहुल - 116, ईडन गार्डन्स, कोलकाता - आईपीएल 2018
मयंक अग्रवाल और केएल राहुल - 115, अबू धाबी, आईपीएल 2020

**आईपीएल में अनकैप्ड जोड़ियों द्वारा 100+ ओपनिंग स्टैंड**

120 - प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह, पंजाब बनाम कोलकाता, 2025
109 - नमन ओझा और माइकल लंब, राजस्थान बनाम पंजाब, 2010
106 - मयंक अग्रवाल और श्रेयस अय्यर, दिल्ली बनाम पंजाब, 2015

## गोयनका के टीम में बहुत ज्यादा दखल पर पहली बार बोले निकोलस पूरन

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बल्लेबाज निकोलस पूरन ने आईपीएल 2025 में फ्रैंचाइजी मालिक संजीव गोयनका की भूमिका पर बात की। उन्होंने कहा कि गोयनका खिलाड़ियों को क्रिकेट से संबंधित फैसलों में स्वायत्तता देते हैं। गोयनका मौजूदा सीजन में टीम की रणनीतियों में गहराई से शामिल रहे हैं और खिलाड़ियों के साथ उनकी सख्त बातचीत ने उन्हें सबसे सक्रिय मालिकों में से एक बना दिया है। पिछले सीजन में केएल राहुल के साथ उनकी सार्वजनिक बहस ने विवाद खड़ा किया था, जिसके बाद राहुल ने फ्रैंचाइजी छोड़ दी। इस साल भी गोयनका मैदान पर सक्रिय हैं और ऋषभ पंत के साथ उनकी चर्चाओं ने सुर्खियां बटोरीं। क्रिकेट मामलों में उनकी अत्यधिक भागीदारी के कारण उनकी आलोचना भी हो रही है। निकोलस पूरन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका के कामकाज की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि गोयनका खिलाड़ियों का भरपूर समर्थन करते हैं और उन्हें क्रिकेट के आधार पर फैसले लेने की आजादी देते हैं।

## सीएसके कोच ने माना- असली गलतियां नीलामी में हुईं, यह आसान नहीं होती

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स की लगातार हार से आहत मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि हो सकता है कि कुछ महीने पहले मेगा नीलामी में उनकी तरफ से कुछ गलतियां हुई जिसके कारण वह सही टीम संयोजन तैयार नहीं कर पाए। 5 बार की चैंपियन चेन्नई की टीम के लिए आईपीएल के वर्तमान सत्र में कुछ भी अच्छा नहीं चल पा रहा है। टीम को अभी तक खेले गए नौ मैच में से सात में हार का सामना करना पड़ा है। फ्लेमिंग ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार के बाद पत्रकारों से कहा कि यह कहना मुश्किल है। हमने जो प्रदर्शन किया है, उसमें हमने इसे पूरी तरह से सही पाया है। इसलिए हम अपनी खेल शैली के इर्द-गिर्द इस पर विस्तार से विचार कर रहे हैं। साथ ही यह भी देख रहे हैं कि खेल कैसे विकसित हो रहा है और इससे सामंजस्य से बिठाना आसान नहीं होता है।

# आईपीएल 2025: बारिश की भेंट चढ़ा पंजाब किंग्स और केकेआर का मुकाबला

एजेंसी

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का 44वां मुकाबला बारिश की वजह से बिना नतीजे के रहा। कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए इस मुकाबल में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 201 रन बनाए। वहीं, कोलकाता की पारी में सिर्फ एक ओवर का खेल हो सका, जिसमें केकेआर ने बिना कोई विकेट खोए 7 रन बनाए। इस बेनतीजा मैच के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। इस तरह पंजाब के पास 11 अंक और केकेआर के 7 अंक हो चुके हैं।टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी पंजाब ने शानदार शुरुआत की। दोनों सलामी बल्लेबाजी प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह




ने टीम को तेज रनगति के साथ रन बनाने शुरू किए। दोनों के बीच 120 रन की साझेदारी हुई। 12वें ओवर में प्रियंश 35 गेंदों में 69 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके और 4 छक्के लगाए। फिर कप्तान श्रेयश अय्यर ने प्रभसिमरन के साथ मिलकर 40 रन जोड़े तभी प्रभसिमरन आउट हो गए। उन्होंने 6 चौके और 6 छक्कों की मदद से 49 गेंदों 83 रन की पारी खेली। उनके बाद टीम का स्कोर 200 के पार जरूर पहुंचा लेकिन रनगति पहले के मुकाबले काफी कम रही। कप्तान श्रेयश 25 रन और जोश इंग्लिश 11 रन बनाकर नाबाद रहे। जबकि ग्लेन मैक्सवेल एक बार फिर रन बनाने में विफल रहे। उन्होंने 7 रन बनाए। जबकि बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए मार्को यानसे भी कुछ खास नहीं कर सके और 7 गेंदों में 3 रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता के लिए वैभव अरोड़ा ने दो विकेट चटकाए जबकि वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसल को 1-1 सफलता मिली।

## नेपाल में दमखम दिखा गए मीरजापुर के शटलर, झटके 6 मेडल

एजेंसी

**मीरजापुर।** नेपाल के पोखरा में आयोजित इंडो-नेपाल यूथ स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में मिर्जापुर के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने कमाल कर दिया। 21 से 25 अप्रैल तक चले इस रोमांचक टूर्नामेंट में मिर्जापुर के जांबाज शटलरों ने तीन स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर न सिर्फ अपने शहर का नाम रौशन किया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का भी लोहा मनवाया। यूथ स्पोर्ट्स एजुकेशन फेडरेशन इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश यूथ स्पोर्ट्स एजुकेशन के सचिव प्रमोद श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि डबल्स मुकाबले में आर्यन मौर्य और अनुपम पाण्डेय की जोड़ी ने नेपाल के बसन्तो यापा और श्रीजन पौड़ी की जोड़ी को कड़ी टक्कर देते हुए 15-7, 11-15, 15-9 से शिकस्त दी और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। सिंगल्स मुकाबले भी कम रोमांचक नहीं रहे। अनुपम पाण्डेय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीजन पौड़ी को 15-7, 15-4 से हराकर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। वहीं आर्यन मौर्य और आर्विन सिंह ने भी जोरदार खेल दिखाया, हालांकि दोनों को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बालिका वर्ग में शिफाली यादव ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाया। लेकिन कांटे की टक्कर में रजत पदक उनके हिस्से आया। जैसे ही विजेता खिलाड़ी मीरजापुर बस स्टैंड पर पहुंचे, वहां माहौल एकदम उत्सव में बदल गया। फूल-मालाओं से लदे खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत हुआ। शहर के गणमान्य नागरिकों ने गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्वागत समारोह में शैलेश सिन्हा, शुशील मौर्य, पूजा गोयल, कीर्ति सिंह, प्रीति, राकेश तिवारी, हिमांशु, शेखू, अमरेश, सूरज, राजीव, राहुल, शुभम, विनय, दिनेश और सौरभ समेत कई लोग मौजूद रहे।

## योगासन को 2036 ओलंपिक में शामिल करने का संकल्प, डॉ मांडविया ने की ऐतिहासिक घोषणा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की प्राचीन विरासत योग को वैश्विक खेल मंच पर स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने द्वितीय एशियन योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर योगासन को वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में शामिल कराने का संकल्प व्यक्त किया। दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित इस भव्य आयोजन ने भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव को खेलों के माध्यम से दुनिया के सामने प्रस्तुत किया।इस चैंपियनशिप का आयोजन योगासन भारत और एशियन योगासन फेडरेशन द्वारा, युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), दिल्ली सरकार और पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में बाबा रामदेव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव, संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, और अन्य प्रमुख गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ मांडविया ने कहा, योगासन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता हमें आश्वस्त करती है कि शीघ्र ही इसे ओलंपिक में एक मान्यता प्राप्त खेल के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने इस पहल को भारतीय युवाओं के लिए एक नई दिशा बताते हुए योगासन को संयम, अनुशासन और मानसिक संतुलन का प्रतीक बताया। बाबा रामदेव ने अपने उद्बोधन में कहा, योगासन आज की युवा पीढ़ी को चकाचौंध और ग्लैमर से दूर रखते हुए एक विवेकपूर्ण और संतुलित जीवन शैली का मार्ग दिखाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए एक संदेश भेजा, जिसमें उन्होंने इसे भारत की सांस्कृतिक धरोहर को विश्व मंच पर पुनः स्थापित करने का एक स्वर्णिम अवसर बताया। उन्होंने कहा, यह आयोजन हमारी साझा मानवता के लिए भारत के योगदान का प्रतीक है। चैंपियनशिप में 20 से अधिक एशियाई देशों से आए 200 से अधिक प्रतिभागियों ने




हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने न केवल अपने अद्भुत योग कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी आपसी सद्भावना का संदेश दिया। आयोजन ने योगासन को एक खेल से आगे बढ़ाकर एक वैश्विक सांस्कृतिक आंदोलन का रूप दे दिया। इस ऐतिहासिक पहल के साथ, 2026 एशियन गेम्स में योगासन के डेमो खेल के रूप में शामिल होने की तैयारी भी जोर पकड़ चुकी है, जो योग को वैश्विक खेल मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## आरसीबी कोच मालोलन रंगराजन ने पाटीदार की कप्तानी और स्पिन जोड़ी सुयश-क्रुणाल पर जताया भरोसा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दूसरे मुकाबले से पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के स्पिन गेंदबाजी कोच मालोलन रंगराजन ने कप्तान राजत पाटीदार के खेल कौशल और उनकी कप्तानी दक्षता पर भरोसा जताया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सुयश शर्मा और क्रुणाल पांड्या की स्पिन जोड़ी के जादू पर विश्वास जताया है। राजत पाटीदार की कप्तानी पर रंगराजन ने कहा, एक बड़े फ्रेंचाइजी की कमान संभालने का जिम्मा रजत को दिया गया और उन्होंने हर मौके पर खुद को साबित किया है। चाहे दबाव कम हो या अधिक, उन्होंने बेहद शांत और स्पष्ट सोच के साथ निर्णय लिए हैं। उनके गेंदबाजों को घुमाने के तरीके ने दिखा दिया कि उनमें नेतृत्व करने की शानदार क्षमता है। हमें उम्मीद है कि टूर्नामेंट के बाकी हिस्से में भी वह इसी तरह शानदार प्रदर्शन जारी रखेंगे। देवदत्त पडिक्कल की भूमिका और प्रदर्शन पर रंगराजन ने कहा कि जब वह पहले आरसीबी के साथ थे, तब उन्होंने लगभग 500 रन बनाए थे। पिछले तीन साल उनके लिए




चुनौतीपूर्ण रहे, लेकिन इस बार नीलामी में हमने एक बाएं हाथ के बल्लेबाज की जरूरत के हिसाब से उन्हें चुना। उनके साथ पहले का काम करने का अनुभव भी हमारे लिए फायदेमंद रहा। टीम प्रबंधन ने उन्हें उनकी भूमिका को लेकर स्पष्टता दी और देवदत्त ने अपनी तकनीकी व रणनीतिक समझ पर खूब मेहनत की। उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में भी शानदार बल्लेबाज़ी कर टीम को मजबूत शुरुआत दी है। वहीं, टीम के स्पिन आक्रमण को लेकर कोच मालोलन ने कहा कि सुयश शर्मा और क्रुणाल पांड्या जबरदस्त विकल्प बनकर उभरे हैं। वो टीम के लिए एक एसेट हैं और उनके प्रदर्शन से टीम को लगातार फायदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुशल की तेज गति और दोनों किनारों से बल्ला चीरने की क्षमता उन्हें खास बनाती है। सुयश जल्दी ही एक जाना-पहचाना नाम बन जाएगा, इस पर हमें पूरा भरोसा है। वहीं, क्रुणाल पंड्या ने भी अपने एक्शन में बदलाव कर गेंद को ज्यादा घुमाने और फ्लो के साथ गेंदबाजी करने की कला विकसित की है। क्रुणाल को लेकर उन्होंने रहस्यमय अंदाज़ में कहा कि उनका एक खास मिशन है, जिसे सीजन के अंत में सब देखेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया ए ने भारतीय महिला हॉकी टीम को 5-3 से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने पहले मुकाबले में शानदार संघर्ष किया, लेकिन वे पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले गए मैच में ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम से 3-5 से हार गई। भारत की ओर से महिमा टेटे (27'), नवनीत कौर (45') और लालरेमसियामी (50') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया 'ए' के लिए नीसा फ्लिन (3'), ओलिविया डाउनस (9'), रूबी हैरिस (11'), टैटम स्टुअर्ट (21') और केंड्रा फिट्जपैट्रिक (44') ने गोल दागे।

**तेज शुरुआत के बाद ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने बनाई मजबूत बढ़त-**

मैच की शुरुआत तेज रफ्तार के साथ हुई, जिसमें ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने शुरुआती बढ़त बनाते हुए नीसा फ्लिन (3फीसदी) के फील्ड गोल से खाता खोला। इसके बाद टीम ने लगातार दबाव बनाए रखा और ओलिविया डाउनस (9फीसदी) व रूबी हैरिस (11फीसदी) ने भारतीय डिफेंस में चूक का फायदा उठाकर दो और फील्ड गोल दाग दिए। पहले क्वार्टर के बाद ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने 3-0 की मजबूत बढ़त बना ली थी।

**भारत ने दिखाई जुझारूपन, लेकिन बढ़त कायम रही-**

दूसरे क्वार्टर में भी ऑस्ट्रेलिया 'ए' का दबदबा बना रहा। लगातार पेनल्टी कॉर्नर अर्जित करने के



बाद टैटम स्टुअर्ट (21फीसदी) ने एक को गोल में बदलकर स्कोर 4-0 कर दिया। हालांकि, भारतीय टीम ने हार नहीं मानी और महिमा टेटे (27फीसदी) ने शानदार फील्ड गोल कर भारत के लिए खाता खोला। हाफ टाइम तक स्कोर 1-4 था।

**नवनीत और लालरेमसियामी ने दिखाई वापसी की झलक-**

तीसरे क्वार्टर में केंड्रा फिट्जपैट्रिक (44फीसदी) ने एक और गोल कर ऑस्ट्रेलिया 'ए' को 5-1 की बढ़त दिलाई। इसके तुरंत बाद भारत ने जवाबी हमला बोला और उपकप्तान नवनीत कौर (45फीसदी) ने फील्ड गोल कर स्कोर 2-5 किया। अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमों ने मौके बनाए। भारत की ओर से लालरेमसियामी (50फीसदी) ने एक और शानदार फील्ड गोल किया, लेकिन इसके बावजूद भारतीय टीम वापसी पूरी नहीं कर पाई और मुकाबला 3-5 पर समाप्त हुआ।

**पहलगाम हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि-**

इस मैच के दौरान भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहल्गाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के सम्मान में काली पट्टियां बांधकर खेला। टीम ने पूरे ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान काली पट्टी पहनने का फैसला किया है, ताकि पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की जा सके।

## ज्यूरिख क्लासिक: थीगला और राय ने टॉप-10 में बनाई जगह

एजेंसी

**एवोंडेल (लॉस एंजिल्स)।** भारतीय मूल के गोल्फर साहिथ थीगला और उनके साथी आरोन राय ने ज्यूरिख क्लासिक ऑफ न्यू ऑरलियन्स के दूसरे राउंड में 69 का स्कोर खेलते हुए टॉप-10 में जगह बना ली है। दोनों ने शुक्रवार को अल्टरनेट शॉट फॉर्मेट में शानदार खेल दिखाया।थीगला और राय की जोड़ी ने पहले होल पर बर्डी, दूसरे होल पर 10 फीट की ईगल और सातवें होल पर एक और बर्डी जमाई। हालांकि, उन्होंने पांचवें होल पर एक शॉट गंवाया, लेकिन बाकी सभी होल, खासकर पिछली नौ होल्स को पार खेलते हुए सुरक्षित निकाल लिया। दूसरी ओर, साहिथ थीगला के साथ ही हीरो के साथ करार करने वाले अक्षय भाटिया इस टूर्नामेंट में कार्सन यंग के साथ खेल रहे थे, लेकिन वे कट पार नहीं कर सके। पीजीए टूर के रूकी खिलाड़ी इसाइआह सलिंडा और केविन वेलो ने अल्टरनेट शॉट फॉर्मेट में 3-अंडर 69 का स्कोर खेला और लीड बरकरार रखी। उनका कुल स्कोर 17-अंडर 127 है। गुरुवार को उन्होंने बेटर-बॉल फॉर्मेट में 58 का रिकॉर्ड स्कोर बनाया था। एंड्रयू नोवाक और बेन ग्रिफिन 66 के स्कोर के साथ उनसे सिर्फ एक शॉट पीछे हैं। टीमें बेटर बॉल और रविवार को फिर से अल्टरनेट शॉट फॉर्मेट में खेलेंगी। डिफेंडिंग चैंपियन रोरी मैकइलरॉय और शेन लॉरी ने 69 का स्कोर किया और 11-अंडर स्कोर के साथ 16वें स्थान पर बने हुए हैं। दोनों ने शुरुआत में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले 12 होल्स में 6-अंडर का स्कोर बनाया, लेकिन आखिरी छह होल्स में तीन शॉट गंवाए।

# एशियन अंडर-15 और अंडर-17 बॉक्सिंग चैंपियनशिप: भारत ने पक्के किए 43 पदक

एजेंसी

**अम्मान (जॉर्डन)।** भारतीय बॉक्सिंग टीम ने वर्ल्ड बॉक्सिंग से मान्यता प्राप्त नई एशियाई बॉक्सिंग संस्था की आयोजित पहली एशियन अंडर-15 और अंडर-17 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक कुल 43 पदक पक्के कर लिए हैं। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) की जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रतियोगिता के सातवें दिन चार और भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंच गए।भारत ने अब अंडर-15 वर्ग में कम से कम 25 और अंडर-17 वर्ग में 18 पदक सुनिश्चित कर लिए हैं, क्योंकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सभी खिलाड़ी कम से कम कांस्य पदक के हकदार होते हैं।

**उम्दा प्रदर्शन जारी-**

अंडर-17 बालकों के वर्ग में अमन सिवाच (63 किग्रा) और देवांश (80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस और



जॉर्डन के खिलाड़ियों के खिलाफ रेफरी स्टॉप्ड कंटेस्ट (ऋस्ष्ट) के जरिए मुकाबले जीते और सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

वहीं, बालिकाओं के वर्ग में सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) ने जॉर्डन की अया अलहसनत को 5-0 के बड़े अंतर से हराया, जबकि हिमांशी (70 किग्रा) ने फिलीस्तीन की फराह अबू लैला के खिलाफ पहले ही राउंड में मुकाबला समाप्त कर आरएससी (ऋस्ष्ट) से जीत हासिल की।

**सातवें दिन के परिणाम-**

**अंडर-17 पुरुष वर्ग - क्वार्टर फाइनल**

60 किग्राः साहिल दुहन (भारत) को अमीरी मेहराबी (ईरान) से 2-3 से हार

63 किग्राः अमन सिवाच (भारत) ने जियादरच जेम्स कैबरेरा (फिलीपींस) को रेफरी स्टॉप कॉन्टेस्ट (आरएससी) (राउंड 2) से हराया

66 किग्राः अनंत गौरिशंकर देशमुख (भारत) को दानियाल शल्करबे (कजाकिस्तान) से 0-5 से हार

75 किग्राः प्रियांश सेहरावत (भारत) को खुर्शीदबेक जुराएव (उज्बेकिस्तान) से 0-5 से हार

80 किग्राः देवांश (भारत) ने अब्दल्ला अलदब्बास (जॉर्डन) को आरएससी (राउंड 3) से हराया

80+ किग्रा- लोवेन गुलिया (भारत) को फारहौद घोरबानी (ईरान) से 0-5 से हार

**अंडर-17 महिला वर्ग - क्वार्टर फाइनल**

60 किग्राः सिमरनजीत कौर (भारत) ने अया अलहसनत (जॉर्डन) को 5-0 से हराया

70 किग्राः हिमांशी (भारत) ने फराह अबू लैला (फिलिस्तीन) को पहले राउंड में आरएससी से हराया

## हो सकता है धोनी अगले साल के लिए टीम बना रहे हों- रायुडू

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने कहा कि पांच बार की चैंपियन टीम को टी20 क्रिकेट की मौजूदा शैली के साथ तालमेल बिठाने के लिए और सतर्कता बरतनी होगी। एमए चिदंबरम स्टेडियम में प्लेइंग इलेवन में बदलाव के बावजूद सीएसके जीत हासिल करने में नाकाम रही और अंक तालिका में 10वें स्थान पर बनी हुई है। रायुडू ने कहा कि यह सीएसके के लिए सबसे मुश्किल स्थिति है, लेकिन एक बड़ी सीख भी। अगर आप पुरानी उपलब्धियों पर रुकते हैं और भविष्य की ओर नहीं देखते, तो ऐसा ही होता है। अब वे खेल के साथ विकसित होने को लेकर बहुत सतर्क होंगे।

## ग्लोबल कबड्डी लीग: पंजाबी टाइगर्स, मराठी वल्चर्स, तमिल लायंस और भोजपुरी लेपर्ड्स सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में चल रही ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआईपीकेएल) में पुरुष वर्ग के लीग मुकाबलों का समापन हुआ। शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाबी टाइगर्स, मराठी वल्चर्स, तमिल लायंस और भोजपुरी लेपर्ड्स ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। पहला मुकाबला तमिल लायंस और हरियाणवी शार्क्स के बीच खेला गया, जिसमें लायंस ने शार्क्स को 63-32 के बड़े अंतर से शिकस्त दी। तमिल लायंस ने 33 रेड अंक और 22 टैकल अंक जुटाते हुए 8 ऑलआउट किए और मुकाबले पर पूरी तरह अपना दबदबा बनाया। हरियाणवी शार्क्स की दो सुपर टैकल की कोशिशें तमिल लायंस की आक्रामकता के आगे नाकाम रहीं। दिन के दूसरे मुकाबले में भोजपुरी लेपर्ड्स ने पंजाबी टाइगर्स को 36-25 से हराकर सेमीफाइनल



में प्रवेश किया। भोजपुरी लेपर्ड्स ने मजबूत डिफेंस के साथ 16 टैकल अंक और 14 रेड अंक जुटाए। वहीं, पंजाबी टाइगर्स मैच में वापसी की कोशिशों के बावजूद बढ़त बनाने में सफल नहीं हो सके। लीग चरण के अंतिम मुकाबले में तेलुगू पैंथर्स ने मराठी वल्चर्स को 50-43 के नजदीकी मुकाबले में पराजित किया। दोनों टीमों ने बराबरी से 25-25 रेड अंक हासिल किए, लेकिन तेलुगू पैंथर्स के 17 टैकल अंक और 6 ऑलआउट निर्णायक साबित हुए। इस रोमांचक मुकाबले में पैंथर्स की दो सुपर रेड ने उन्हें जीत दिलाई।

# लंदन में ही बसना चाहते हैं विराट-अनुष्का, माधुरी दीक्षित के पति ने बताई असल वजह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और क्रिकेटर विराट कोहली के लंदन में बसने की खबरें पिछले कुछ समय से चर्चा में थीं। अब, अभिनेत्री माधुरी दिक्षित के पति डॉ. श्रीराम नेने ने इसकी असल वजह का खुलासा किया है। अपने यूट्यूब चैनल पर यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के साथ बातचीत में डॉ. नेने ने बताया कि अनुष्का और विराट ने अपने बच्चों, वामिका और अकाय, को सामान्य परवरिश देने और भारत में लगातार मिलने वाली सार्वजनिक ध्यान से बचने के लिए लंदन में रहने का फैसला किया। डॉ. नेने ने कहा कि मैं विराट का बहुत सम्मान करता हूं। हम उनसे कई बार मिले हैं; वह एक बेहद सभ्य इंसान हैं। अनुष्का के साथ एक दिन बातचीत में उन्होंने बताया कि वे लंदन शिफ्ट होने की सोच रहे हैं क्योंकि भारत में वे अपनी सफलता का आनंद नहीं ले पाते। यहां उनकी हर हरकत पर ध्यान दिया जाता है, जिससे वे लगभग अलग-थलग महसूस करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह जोड़ा अपने बच्चों को सामान्य जीवन देना चाहता है, जो भारत में लगातार मीडिया और प्रशंसकों की नजरों के बीच मुश्किल है। अनुष्का और



विराट की मुलाकात 2013 में एक विज्ञापन की शूटिंग के दौरान हुई थी। 2017 में इटली में एक निजी समारोह में दोनों ने शादी की। उनकी बेटी वामिका का जन्म 2021 में और बेटा अकाय 2024 में हुआ। अकाय का जन्म लंदन में ही हुआ था और दंपति वहां पहले से ही एक संपत्ति के मालिक हैं। अनुष्का ने अपनी आखिरी प्रमुख फिल्म 'जीरो' (2018) के बाद से अभिनय से कुछ दूरी बनाई है, लेकिन वह जल्द ही 'चकदा एक्सप्रेस' में नजर आएंगी। वहीं, विराट आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, जहां उन्होंने 9 मैचों में 392 रन बनाए हैं।

विराट के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने भी बीते दिनों कहा था कि विराट और अनुष्का अपने बच्चों के साथ लंदन में बसने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि विराट जल्द ही अनुष्का और बच्चों के साथ लंदन शिफ्ट होने वाले हैं। वह क्रिकेट के बाद वहां अपना जीवन बिताना चाहते हैं। यह कदम अनुष्का और विराट की उस इच्छा को दर्शाता है कि वे अपने बच्चों को सुर्खियों से दूर एक शांत और निजी जीवन देना चाहते हैं।



# सेहत के लिए बेहद लाभदायक है नींबू पानी

**नींबू पानी को अगर देशी कोल्ड्रिंक कहा जाए, तो इसमें कुछ गलत नहीं होगा। प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर यह पेय सेहत और सौंदर्य से जुड़े इतने फायदे देता है, जितने आप सोच भी नहीं सकते। जानिए नींबू पानी के कुछ ऐसे ही फायदे जो आपकी सेहत के लिए बेहद लाभदायक हैं -**

नींबू विटामिन सी का बेहतर स्त्रोत है। साथ ही, इसमें विभिन्न विटामिन्स जैसे थियामिन, रिबोफ्लोविन, नियासिन, विटामिन बी- 6, फोलेट और विटामिन-ई की थोड़ी मात्रा मौजूद रहती है। यह खराब गले, कब्ज, किडनी और मसूड़ों की समस्याओं में राहत पहुंचाता है। साथ ही ब्लड प्रेशर और तनाव को कम करता है। त्वचा को स्वस्थ बनाने के साथ ही लिवर के लिए भी यह बेहतर होता है। पाचन क्रिया, वजन संतुलित करने और कई तरह के कैंसर से बचाव करने में नींबू पानी मददगार होता है। नींबू पानी में कई तरह के मिनरल्स जैसे आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, कैल्शियम, पोटैशियम और जिंक पाए जाते हैं।

## किडनी स्टोन

नींबू पानी का स्वास्थ्य पर पड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण फायदा है, इसका किडनी स्टोन से राहत पहुंचाना। मुख्यरूप से किडनी स्टोन शरीर से बिना किसी परेशानी के निकल जाता है, लेकिन कुछ मामलों में यह यूरीन के बहाव को ब्लॉक कर देते हैं जो अत्यधिक पीड़ा का कारण बनता है। नींबू पानी पीने से शरीर को रिहाइड्रेट होने में मदद मिलती है और यह यूरीन को पतला रखने में मदद करता है। साथ ही यह किडनी स्टोन बनने के किसी भी तरह के खतरे को कम करता है।

## डायबिटीज

नींबू पानी, हाई शुगर वाले जूस व ड्रिंक का बेहतर विकल्प माना जाता है। खासतौर से उनके लिए जो डायबिटीज के मरीज हैं या वजन कम करना चाहते हैं। यह शुगर को गंभीर स्तर तक पहुंचाए बिना शरीर को रिहाइड्रेट व एनर्जाइज करता है।

## पाचनक्रिया में फायदेमंद

नींबू पानी में मौजूद नींबू का रस हाइड्रोक्लोरिक एसिड और पित्त सिक्रेशन के प्रोडक्शन में वृद्धि करता है, जो पाचन के लिए आवश्यक है। साथ ही यह एसिडिटी और गठिया के खतरे को भी कम करता है। जो लोग आमतौर पर पाचन-संबंधी समस्याओं जैसे एबडॉमिनल क्रैम्प्स, ब्लॉटिंग, जलन और गैस की समस्या आदि से परेशान होते हैं, उन्हें नियमित रूप से नींबू पानी का सेवन करना चाहिए।

## कब्ज

अगर आपको कब्ज की समस्या है, तो नींबू पानी आपके लिए बेहद फायदेमंद है। प्रतिदिन सुबह गर्म नींबू पानी पिएं और पूरे दिन कब्ज की समस्या से दूर रहें।

## इम्यून सिस्टम

नींबू पानी बायोफ्लेवोनॉयड, विटामिन सी और फाइटोन्यूट्रियंट्स का बेहतर स्रेत है जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता की शक्ति बढ़ाने में मदद करता है। इसमें मौजूद आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स के कारण यह शरीर के एनर्जी लेवल को बढ़ाने में मदद करता है।

## खराब गला

नींबू पानी को गुनगुना करके पीने से गले की खराबी या फैरिन्जाइटिस में आराम पहुंचाता है।

## वजन

हर सुबह शहद के साथ गुनगुना नींबू पानी पीने से अतिरिक्त वजन आसानी से कम किया जा सकता है।

## मसूड़ों की समस्या

नींबू पानी पीने से मसूड़ों से संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है। नींबू पानी में एक चुटकी नमक मिलाकर पीने से बेहतर परिणाम मिलते हैं।



# कैसे पहचानें कि इम्यून सिस्टम है कमजोर

**इम्यून सिस्टम के मजबूत होने पर हम बीमारियों से लड़ सकते हैं। यदि हमारा इम्यून सिस्टम मजबूत है तो बीमारी हम पर हावी नहीं हो सकती। अगर हमारी इम्यूनिटी मजबूत है तो यह हमें न सिर्फ सर्दी और खांसी से बचाती है बल्कि हैपेटाइटिस, लंग इंफेक्शन, किडनी इंफेक्शन सहित और कई बीमारियों से हमारा बचाव होता है। लेकिन हमारा इम्यून सिस्टम कमजोर है तो हम इसको कैसे पहचान सकते हैं, क्योंकि कई बार यह होता है इम्यून सिस्टम कमजोर तो होता है, पर हम इसे समझ ही नहीं पाते। आखिर कैसे पहचान करें कि आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है, आइए जानते हैं।**

अगर आपको लगता है कि आप बार-बार बीमार हो रहे हैं और जुकाम की शिकायत रहती है। बार-बार सर्दी हो जाना और यदि आपके आस-पास ऐसा कोई व्यक्ति है जिसे खांसी है और आपको भी इससे जल्दी खांसी या सर्दी हो जाती है तो आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है। बदलते मौसम का आपको बीमार करना आपके कमजोर इम्यून सिस्टम को दर्शाता है। यदि आप मौसम के बदलने पर बीमार हो रहे हैं तो आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है। व्यायाम करते समय सांसों का फूलना व जल्दी थक जाना यह कमजोर इम्यून सिस्टम की निशानी है। नींद न आना, आंखों के नीचे काले घेरे, थकान महसूस होना- यह भी कमजोर इम्यून सिस्टम की निशानी है। अगर आपको लगता है कि आप दूसरों की अपेक्षा बार-बार बीमार होते हैं, जुकाम की शिकायत रहती है, खांसी, गला खराब होना या स्किन रैशेज जैसी समस्याएं रहती हैं तो बहुत पॉसिबल है कि यह आपके इम्यून सिस्टम की वजह से हो। कैंडिडा टेस्ट का पॉजिटिव होना, बार-बार यूटीआई, डायरिया, मसूड़ों में सूजन, मुंह में छाले वगैरह भी खराब इम्यूनिटी के लक्षण हैं।



# आयुर्वेद के अनुसार तेज भूख लगने पर कभी खाली पेट न खाएं ये चीजें

कभी-कभी ऐसा होता है कि हमें बहुत तेज भूख लग जाती है और हम उस वक्त हमें जो भी उपलब्ध होता है, वो खाने लग जाते हैं लेकिन ऐसा करना आपके लिए घातक हो सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक तेज भूख लगने पर कुछ ऐसी चीजें है, जिन्हें नहीं खाना चाहिए। आइए, जानते हैं कौन-सी हैं वो चीजें-

## अमरुद

अमरुद एक ऐसा फल है, जिसे अलग-अलग स्थितियों में खाने पर अलग-अलग परिणाम देखने को मिलते हैं यानी अगर आप सर्दियों में सुबह के वक्त खाली पेट अमरुद खाएंगे, तो आपको पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। वहीं, गर्मी में खाली पेट अमरूद खाएंगे, तो यह फायदा देता है। ऐसे में आपको खाली पेट अमरूद नहीं खाना चाहिए।

## सेब

सर्दियों में खाली पेट सेब खाने से बीपी बढ़ सकता है, अगर सुबह सबसे पहले यानी बिना कुछ खाए आप सेब खा लेते हैं, तो इस दिक्कत का सामना आपको करना पड़ सकता है लेकिन गर्मी में आप खाली पेट सेब खा सकते हैं।

## टमाटर

टमाटर की तासीर गर्म होती है। इसे आप सर्दी के मौसम में तो खाली पेट खा सकते हैं लेकिन गर्मी के मौसम में ऐसा करने पर पेट में या सीने में जलन की समस्या हो सकती है। आपको सुबह के समय टमाटर खाने से परहेज करना चाहिए।

## चाय-कॉफी

चाय या कॉफी को खाली पेट पीने से बचना चाहिए। आप चाय या कॉफी को बिस्किट, ब्रेड के साथ ले सकते हैं लेकिन खाली पेट या तेज भूख लगने पर सिर्फ चाय-कॉफी न लें, इससे आपके पेट में गैस बन सकती है।

## दही

बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें दही फायदे की जगह पर हानि पहुंचा देती है। ऐसे में दही को सुबह के समय खाली पेट खाने से बचना चाहिए, वर्ना आपकी सेहत बिगड़ सकती है।

# अमृत है आंवला 10 बेहतरीन फायदे

विटामिन-सी से भरपूर आंवला, हर मौसम में लाभदायक होता है। यह आंखों, बालों और त्वचा के लिए तो फायदेमंद है ही, साथ ही इसके और भी कई फायदे हैं, जो आपके शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं। आमतौर पर आंवले का प्रयोग अचार, मुरब्बा या चटनी के रूप में किया जाता है, लेकिन इसका अलग-अलग तरह से सेवन आपके लिए बेहद उपयोगी है। अगर आप नहीं जानते इस अनमोल फल के बारे में तो जरूर पढ़िए –

- डायबिटीज के मरीजों के लिए आंवला बहुत काम की चीज है। पीड़ित व्यक्ति अगर आंवले के रस का प्रतिदिन शहद के साथ सेवन करे तो बीमारी से राहत मिलती है।
- एसिडिटी की समस्या होने पर आंवला बेहद फायदेमंद होता है। आंवला का पाउडर, चीनी के साथ मिलाकर खाने या पानी में डालकर पीने से एसिडिटी से राहत मिलती है। इसके अलावा आंवले का जूस पीने से पेट की सारी समस्याओं से निजात मिलती है।
- पथरी की समस्या में भी आंवला कारगर उपाय साबित होता है। पथरी होने पर 40 दिन तक आंवले को सुखाकर उसका पाउडर बना लें, और उस पाउडर को प्रतिदिन मूली के रस में मिलाकर खाएं। इस प्रयोग से कुछ ही दिनों में पथरी गल जाएगी।
- रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी होने पर, प्रतिदिन आंवले के रस का सेवन करना काफी लाभप्रद होता है। यह शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में सहायक होता है, और खून की कमी नहीं होने देता।
- आंखों के लिए आंवला अमृत समान है, यह आंखों की रौशनी को बढ़ाने में सहायक होता है। इसके लिए रोजाना एक चम्मच आंवला के पाउडर को शहद के साथ लेने से लाभ मिलता है और मोतियाबिंद की समस्या भी खत्म हो जाती है।
- बुखार से छुटकारा पाने के लिए आंवले के रस में छौंक लगाकर इसका सेवन करना चाहिए, इसके अलावा दांतों में दर्द और कैविटी होने पर आंवले के रस में थोड़ा सा कपूर मिला कर मसूड़ों पर लगाने से आराम मिलता है।
- शरीर में गर्मी बढ़ जाने पर आंवल सबसे बेहतर उपाय है। आंवले के रस का सेवन या आंवले को किसी भी रूप में खाने पर यह ठंडक प्रदान करता है। हिचकी तथा उल्टी होने की पर आंवले के रस को मिश्री के साथ दिन में दो-तीन बार सेवन करने से काफी राहत मिलेगी।
- याददाश्त बढ़ाने में आंवला काफी फायदेमंद होता है। इसके लिए सुबह के समय आंवला के मुरब्बा गाय के दूध के साथ लेने से लाभ होता है, इसके अलावा आप प्रतिदिन आंवले के रस का प्रयोग भी कर सकते हैं।
- चेहरे के दाग-धब्बे हटाकर उसे खूबसूरत बनाने के लिए भी आंवला आपके लिए उपयोगी होता है। इसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा साफ, चमकदार होती है और झुर्रियां भी कम हो जाती हैं।
- बालों को काला, घना और चमकदार बनाने के लिए आंवले का प्रयोग होता है, इसके पाउडर से बाल धोने या फिर इसका सेवन करने से बालों की समस्याओं से निजात मिलती है



# नाश्ते में इन पांच चीजों को खाने से तेजी से बढ़ता है वजन, ज्यादातर लोग करते हैं सेवन



फिटनेस पाने के लिए लोग क्या-क्या जतन करते हैं। कई सर्वे के अनुसार आप शरीर पर चर्बी होने के कारण कई बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में आपको बैली फैट कम करने के साथ फिट रहने की कोशिश करनी चाहिए। खुद को फिट रखने में ब्रेकफॉस्ट का भी अहम रोल होता है, ऐसे में आपको अगर हमेशा स्लिम ट्रिम रहना है, तो ऐसी 5 चीजें हैं, जो आपको नाश्ते में बिल्कुल नहीं खानी चाहिए-

**वाइट ब्रेड** – ब्रेड ज्यादातर भारतीय घरों में खाई जाती है लेकिन आपको बता दें कि ब्रेड का ज्यादा सेवन करना न सिर्फ आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाता है बल्कि इससे आपका वजन भी बढ़ता है। ऐसे में कोशिश करें कि वाइट की जगह ब्राउन ब्रेड का सेवन करे।

**प्रोसेस्ड फूड** – ऐसे खाद्य पदार्थों को कई बार पकने की क्रिया से गुजरना पड़ता है। साथ ही तेल, मसाले, घी होने की वजह से ये सेहत के लिए भी अच्छे नहीं होते। आपको चिप्स, पॉपकॉर्न, ड्राई फ्रूट्स, स्नैक्स आदि से दूर रहना चाहिए।

**केक, कुकीज** – केक और कुकीज में मैदे के अलावा घी और क्रीम का इस्तेमाल होता है, जो आपकी फिटनेस के हिसाब से बिल्कुल भी सही नहीं है इसलिए आपको नाश्ते में इन चीजों को नहीं खाना चाहिए।

**नूडल्स** – नूडल्स खाने में तो बहुत अच्छे लगते हैं लेकिन इसे हेल्दी ब्रेकफॉस्ट नहीं माना जा सकता है, इसी वजह से आपको नूडल्स नाश्ते में बिल्कुल नहीं खाने चाहिए।

**फ्रूट जूस** – आपको कोशिश करनी चाहिए कि मार्केट में उपलब्ध फ्रूट जूस बिल्कुल न पिएं बल्कि आप घर में ही फलों का जूस निकालकर पी सकते हैं। आपके पास अगर जूस की जगह फल खाने का समय है, तो नाश्ते के लिए सबसे बेहतरीन रहेगा।

**पकौड़े-कचौड़ी** – सुबह-सुबह तली चीजें खाना बिल्कुल भी सही नहीं है। आप पकौड़े और कचौड़ी जैसी तली हुई चीजें सुबह नहीं खाएंगे, तो आपकी सेहत के लिए अच्छा रहेगा।

# आंखों को थकान से राहत देगा गुलाब जल, कम होगा तनाव

**वर्क के दौरान लैपटाप का ज्यादा इस्तेमाल न केवल आपके पूरे स्वास्थ्य पर असर डालता है बल्कि इसका असर आपकी नाजुक आंखों पर भी पड़ता है।**



वर्क के दौरान लैपटाप का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं इसी के साथ ही मोबाइल के संपर्क में भी हम ज्यादा रह रहे हैं जिससे आंखों में जलन, धुंधला दिखना व खुजली जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए जरूरी है कि हम अपनी आंखों की देखभाल करें और जब भी आंखों पर दबाव महसूस करें तो स्क्रीन से दूर हो जाएं और बीच-बीच में आंखों को ठंडे पानी से भी धोते रहें। आंखों की जलन की परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। भले ही इस वक्त आप घर पर हैं लेकिन आंखों में जलन आप महसूस करते होंगे। इसलिए इन समस्याओं से निजात पाने के लिए आपको अपनी आंखों की सही देखभाल की जरूरत है, वहीं गुलाब जल का इस्तेमाल आपको आंखों की समस्या से निजात दिला सकता है। गुलाब जल के इस्तेमाल से आंखों को ठंडक मिलती है, साथ ही ताजगी महसूस होती है। ओवरटाइम काम करने के दौरान आंखों में तनाव महसूस होता है इसके लिए खुद को रिलेक्स करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप कॉटन में गुलाब जल डालें और इसे अपनी आंखों पर रखकर कुछ देर के लिए आंखों को आराम दें। गुलाब जल को आंखों में डालने से भी तुरंत राहत मिलती है, साथ ही फ्रेश महसूस होता है। अत: अपने आंखों का ध्यान रखें और समय-समय पर अपनी पलकों को झपकाते रहें।



'ये जो नेता घूमते रहते हैं...', पहलगाम हमले पर फूटा

# श्वेता तिवारी का गुस्सा



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा से ही अपनी खूबसूरती के लिए चर्चा में रहते हैं. लोग श्वेता के दीवाने हैं. वो हमेशा से ही अपनी पर्सनल लाइफ के लिए सुर्खियों में रहती हैं. श्वेता ने बीते दिनों कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर एक वीडियो बनाया और उसमें अपनी राय रखी. श्वेता के छोटे भाई का बर्थडे था, लेकिन वो इस हमले से इतना परेशान थीं कि वो भाई को विश करना ही भूल गईं.

श्वेता ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में वो अपने छोटे भाई को बर्थडे विश ना कर पाने की वजह से उनसे माफी मांगती दिखाई दे रही हैं.श्वेता ने कहा कि वो दो तीन दिन से काफी डिस्टर्ब्ड थीं और सो नहीं पाईं. श्वेता ने कहा कि वो इस वजह से भाई को विश नहीं कर पाईं. श्वेता ने वीडियो में भाई से माफी भी मांगी है.

**'बहुत ज्यादा पेनफुल था'**

श्वेता अपने वीडियो में कहती हैं कि-'हाए मेरे छोटे भाई हैप्पी बर्थडे. सॉरी कल बड़ा बुरा दिन था यार, हार्ट वॉस रियली हर्टिंग, कल जो हुआ वो बहुत ज्यादा पेनफुल था. श्वेता ने कहा- मैं केवल न्यूज देख रही थी, और सिर्फ न्यूज ही देख रही थी. पता नहीं कई बार इतना गुस्सा आता है इन सब चीजों को देखकर. श्वेता ने आगे कहा-'ये जो नेता घूमते रहते हैं इतनी पर्सनल सिक्योरिटी लेकर इसकी आधी भी अगर वहां होती तो ऐसा नहीं होता.'

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो**

बीते दिनों श्वेता की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी. इस तस्वीर में वो एक आदमी के साथ नजर आ रही थीं. तस्वीर के सामने आने के बाद लोगों ने श्वेता को ट्रोल कर दिया था. कई लोगों ने कयास लगाए थे कि श्वेता ने तीसरी शादी कर ली है. हालांकि, श्वेता ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में ही ये बात लिख दी थी कि ये उनके छोटे भाई हैं.



नजरों से गिर रही हो...

# राखी सावंत को सताने लगा सीमा हैदर का डर, तो भड़के लोग

बॉलीवुड की कॉन्ट्रोवर्सी क्वीन राखी सावंत हर मामले में कुछ न कुछ बोलते नजर आती हैं. हालांकि, अब वो कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद सरकार के लिए गए फैसले पर अपनी टिप्पणी की है. दरअसल, 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 लोगों की गोली मार दी गई है. इस घटना के बाद से सरकार की तरफ से फैसला लिया गया कि भारत में रह रहे सभी पाकिस्तानियों को 48 घंटे के अंदर देश छोड़ना है. इसी बीच राखी को सीमा हैदर का डर सताने लगा है.



साल 2023 में सीमा हैदर अपने बच्चों के साथ गैरकानूनी तरीके से इंडिया में घुस गई और सचिन मीना नाम के शख्स से शादी रचा ली. अब सभी पाकिस्तानियों को वापस भेजे जाने के फैसले के बाद सीमा हैदर पर भी तलवार लटकनी शुरू हो गई है. इसी बीच राखी सावंत सीमा का पक्ष लेते नजर आ रही हैं. राखी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर खुद की एक वीडियो शेयर की है, जिसमें उन्होंने सीमा को वापस न भेजे जाने को लेकर बात की है.

**औरत पर अन्याय नहीं करना चाहिए**

राखी सावंत ने सीमा को हिंदुस्तान की बहु कहते हुए कहा है कि दोस्तों सीमा हैदर को पाकिस्तान नहीं भेजना चाहिए क्योंकि वो हिंदुस्तान की बहू है. सचिन की बीवी है और उसके बच्चे की मां है. वो सचिन से प्यार करती है और हिंदुस्तानी की हो चुकी है क्योंकि वो सचिन के बच्चे की मां बन चुकी है. तो ऐसे किसी औरत पर अन्याय नहीं करना चाहिए. मां नई बनी होती तो आप उसे भेज सकते थे. आप सीमा हैदर के साथ गलत चीजें नहीं कर सकते हैं.

**हिंदुस्तान की नजरों से गिर रही हैं**

राखी के इस वीडियो को पोस्ट करने के बाद से ही लोग उनके इस वीडियो पर अपने गुस्से को जाहिर कर रहे हैं. यूजर्स ने राखी के वीडियो पर रिएक्ट करते हुए उन्हें ही पाकिस्तान जाने की सलाह दी है. इतना ही नहीं कई लोगों ने तो ये भी कहा है कि आतंकी हमले में जितने लोगों ने अपनी जान गंवाई है आपको उसका गम नहीं है, आप हिंदुस्तान की नजरों से गिर रही हैं.

साल 2023 में सीमा अपने 4 बच्चों के साथ इंडिया आई थीं. सचिन से शादी के बाद अब उनकी एक बेटी भी है, जिसे भारती मीना नाम दिया गया है.

## पति कर्जे में डूबा, तो एक्ट्रेस ने बेच दिया 100 करोड़ की कीमत वाला घर, अब कहां और किस हाल में हैं मधू?



हिंदी सिनेमा के दिग्गज एक्टर अजय देवगन अपने डेब्यू के 33 साल बाद भी बड़े पर्दे पर राज कर रहे हैं. बॉलीवुड में लीड एक्टर के रूप में वो अब भी एक्टिव हैं. उनकी फिल्म 'रेड 2' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. वहीं दूसरी ओर अजय की डेब्यू फिल्म की एक्ट्रेस मधु अपने करियर में बड़ा नाम नहीं कमा पाईं.मधु और अजय देवगन ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 1991 में फिल्म 'फूल और कांटे' से की थी. ये फिल्म हिट हुई और दोनों को पहचान मिल गई. आगे जाकर अजय सुपरस्टार बन गए, लेकिन मधु के साथ ऐसा नहीं हो सका. उनका करियर जल्द ही ढलान पर चला गया और फिर उन्होंने एक्टिंग भी छोड़ दी थी. वो एक गुमनाम चेहरा बनकर रह गईं. लेकिन फिर उन्होंने सालों बाद कमबैक किया. चलिए आपको बताते हैं कि अब मधु कहां और किस हाल में हैं?

**हेमा की भतीजी और जूही की देवरानी हैं मधु**

मधु का पूरा नाम मधुबाला रघुनाथ है. उनका जन्म 26 मार्च 1969 को चेन्नई में हुआ था. 56 साल की हो चुकीं मधु दिग्गज एक्ट्रेस हेमा मालिनी की भतीजी और जूही चावला की देवरानी हैं. मधु ने 'फूल और कांटे' के बाद 'रावण राज', 'उड़ान', 'दिलजले', 'रोजा', 'रिटर्न ऑफ ज्वेल थीफ', 'पहचान', 'हथकड़ी' और, 'यशवंत' जैसी फिल्मों में भी काम किया था.

**शादी के बाद छोड़ी एक्टिंग**

अपने फिल्मी करियर के पीक पर मधु ने साल 1999 में बिजनेसमैन आनंद शाह से शादी रचा ली थी. शादी के बाद एक्ट्रेस ने फिल्मों से दूरी बना ली थी और वो अपना घर परिवार संभालने लगीं. आनंद और मधु शादी के बाद दो बेटियों के पैरेंट्स बने थे.

**पति का बिजनेस डूबा, 100 करोड़ का घर बेचा**

मधु ने शादी के बाद एक अच्छी वाइफ होने का फर्ज निभाया. उनके पति आनंद का जब बिजनेस डूब गया था और वो 100 करोड़ रुपये के कर्ज में डूब गए थे, तब एक्ट्रेस ने पति का कर्जा उतारने के लिए अपनी फैमिली द्वारा दिया गया 100 करोड़ रुपये का घर बेच दिया था. जिससे आनंद ने अपना सारा कर्ज चुका दिया.

**'कन्नप्पा' में नजर आएंगी मधु**

मधु ने सालों तक फिल्म इंडस्ट्री से दूर रहने के बाद कमबैक किया था. मधु को साल 2021 में कंगना रनौत की फिल्म 'थलाइवी' में देखा गया था. फिर वो 2024 में फिल्म 'करतम भुगतम' में भी नजर आईं. अब एक्ट्रेस साउथ एक्टर विष्णु मांचू की 27 जून 2025 को रिलीज होने वाली फिल्म 'कन्नप्पा' में दिखाई देंगी.

## 6 करोड़ की कार, 100 करोड़ का घर, आखिर कितनी अमीर हैं दिग्गज एक्ट्रेस रेखा?



रेखा की गिनती हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्रियों में होती हैं. 70 के दशक में अपने करियर की शुरुआत करने वाली रेखा ने सालों तक बॉलीवुड पर राज किया. अपनी एक्टिंग के अलावा रेखा अपनी खूबसूरती और डांस के चलते भी लोगों का दिल जीतने में कायमाब रहीं. रेखा अब चाहे बॉलीवुड में एक्टिव न हो, लेकिन दर्शकों ने उन्हें बिल्कुल भी भुलाया नहीं है.बड़े पर्दे पर एक से बढ़कर एक फिल्मों के चलते लोगों के दिलों में अमिट जगह बनाने वाली रेखा ने खूब शोहरत के साथ-साथ खूब दौलत भी कमाई है. आज हम आपको इस दिग्गज अदाकारा की नेटवर्थ के बारे में बताने जा रहे हैं. तो चलिए जानते हैं कि आखिर रेखा कितने करोड़ की मालकिन हैं और उनके पास 6 करोड़ रुपये कीमत की कौन सी कार है?

**रेखा की शानदार फिल्में**

70 वर्षीय रेखा का जन्म 10 अक्टूबर 1954 को चेन्नई में हुआ था. तेलुगु सिनेमा में बाल कलाकार के रूप में काम करने के बाद उन्होंने हिंदी सिनेमा में अपने कदम साल 1970 में आई फिल्म 'सावन भादो' से रखे थे. रेखा ने अपने लंबे और सफल करियर में हिट फिल्मों की लाइन लगाई है.

रेखा की सबसे ज्यादा पसंद की गई फिल्मों में 'मुकद्दर का सिकंदर', 'खून भरी मांग', 'खूबसूरत', 'घर', 'नमक हराम', 'खिलाड़ियों का खिलाड़ी', 'जीवन धारा', 'उमराव जान', 'मिस्टर नटवरलाल', 'लज्जा', 'जुदाई', 'प्यार की जीत', 'बहूरानी', 'दो अनजाने', 'बीवी हो तो ऐसी' और 'कोई मिल गया' शामिल है. उन्हें आखिरी बार 'यमला पगला दीवाना फिर से' (2018) के गाने में देखा गया था.

**6 करोड़ की कार में घूमती हैं एक्ट्रेस**

रेखा के पास कई लग्जरी गाड़ियां हैं, इनमें सबसे महंगी है 6.01 करोड़ रुपये कीमत की रोल्स रॉयस घोस्ट. इसके अलावा उनके पास ऑडी ए8 (1.63 करोड़ रुपये), मर्सिडीज-बेंज एस-क्लास (2.17 करोड़ रुपये) और 2.03 करोड़ रुपये कीमत वाली बीएमडब्ल्यू आई7 इलेक्ट्रिक कार भी है.

**332 करोड़ नेटवर्थ, 100 करोड़ का घर**

रेखा ने अपने करियर में अच्छी खासी दौलत भी कमाई है. वो लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं, हालांकि इसके बावजूद उनकी नेटवर्थ जानकर आपको बड़ा झटका लग सकता है. रेखा मुंबई के बैंड स्टैंड में 100 करोड़ रुपये कीमत के घर 'बसेरा' में रहती हैं. वहीं उनकी टोटल संपत्ति 332 करोड़ रुपये है.